4 रायपुर संभाग
शहर में बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने चेम्बर्स ऑफ कामर्स ने ...

6 अभिमत
जल संकट सरकार की जिम्मेदारी

09 विविध
प्रधानमंत्री आवास योजनाः किस्त लेकर आवास नहीं ...

10 संस्कारधानी
मत्स्य विभाग की योजनाओं में डीएमएफ की बंदरबांट ...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 04 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-282 मूल्य 3.00 ₹

# भाजपा की हैट्रिक या फिर इंडिया समूह को मौका

## लोकसभा चुनाव की मतगणना आज सुबह आठ बजे से होगी शुरू

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सात चरणों में हुए मतदान की मतगणना आज सुबह आठ बजे से देशभर में विभिन्न मतगणना केन्द्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगी और अंतिम वोट गिने जाने तक निरंतर जारी रहेगी। मतगणना के साथ ही विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद पूरी होगी। करीब 80 दिन तक चले लोकतंत्र के इस महोत्सव में सब की निगाहें कल की मतगणना पर टिकी है, जो यह तय करेगा की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सत्ता की हैट्रिक लगाता है या फिर विपक्षी इंडिया समूह सत्ता परिवर्तन के अपने प्रयास में सफल होता है। मतगणना के लिए सभी राज्यों के जिला मुख्यालयों पर मतगणना केन्द्र स्थापित किये गये हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। सातों चरणों के मतदान की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें स्ट्रॉग रूम से सुबह तक कड़े पहरे में मतगणना टेबल तक पहुंचा दी जाएंगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्थापित व्यवस्था के अनुसार सबसे पहले सभी मतदान केन्द्रों पर डाक मतपत्रों की गिनती शुरू करायी जाएगी उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीनों की और अंत में पांच-पांच वीवीपैट की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मतगणना का काम आखिरी वोट की गिनती तक निरंतर रूप से जारी रहेगा। उन्होंने मतगणना में किसी भी प्रकार की गडबड़ी की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों को नियमानुसार मतगणना पर निगाह रखने की पूरी छूट होगी। उन्होंने कहा कि प्रणाली में किसी भी प्रकार की जांच बाद में भी करायी जा सकती है। उन्होंने विपक्ष द्वारा मतगणना में धांधली की आशंका प्रकट किये जाने को पूरी तरह से खारिज किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने चेतावनी दी कि मतदान केन्द्रों पर उपद्रव करने की किसी भी कोशिश को कड़ाई से निपटा जाएगा। आठरहवीं लोकसभा के चुनाव में कुल 543 निर्वाचन क्षेत्रों में 64.2 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार को प्रयोग किया गया जिनमें 31.2 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल थी। सूरत की लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। लोकसभा चुनाव के साथ अरुणाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभाओं सीटों के लिए भी चुनाव कराये गए है। अरुणाचल और सिक्किम की मतगणना रविवार को संपन्न हो गयी। सिक्किम में विधानसभा की 32 सीटों में से सिक्किम क्रांतकारी मोर्चा (एसकेएम) को 31 पर विजय हासिल हुई है, जबकि अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा की 60 में से 46 सीटें भाजपा के खाते में आयी हैं। आंध्र प्रदेश विधानसभा की 175 और ओडिशा की 147 सीटों के लिए हुए मतदान की गणना भी मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना के साथ-साथ करायी जाएगी। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की 25 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों की मतगणना भी कल ही संपन्न होंगी।

### प्रदेश में 11 सीटों पर मतगणना के लिए चुनाव आयोग ने की तैयारी पूरी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज होगा। जिला मुख्यालयों में सुबह आठ बजे से डाक मत पत्रों के साथ वोटों की गिनती शुरू होगी। शेष 22 जिलों में सुबह आठ बजे से ही ईवीएम में दर्ज वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि 41 हजार 877 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। 11 जिलों में डाक मतपत्रों की मतगणना शुरू होने के आधे घंटे बाद 8:30 बजे से ईवीएम मतों की गणना शुरू होगी। मतगणना के लिए पूरी तैयारियां की जा चुकी है। भारी संख्या में जवानों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर इलेक्ट्रानिक गैजेट, मोबाईल, स्मार्ट वॉच आदि को प्रतिबंधित किया गया है।

### केन्द्र की राजनीति में किसका रहेगा दखल : सरोज, बृजमोहन, संतोष या फिर विजय






**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए भी यह परिणाम दिशा तय करेंगे। दरअसल में राज्य के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल और केन्द्र की राजनीति में पकड़ रखने वाली सरोज पाण्डेय, आरएसएस का पसंदीदा चेहरा संतोष पाण्डेय, वहीं पिछले लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतो से चुनाव जीतने वाले विजय बघेल के किस्मत का फैसला भी इस चुनाव परिणाम के साथ होने जा रहा है। राज्य के राजनीति में अपराजेय योद्धा कहलाने वाले बृजमोहन अग्रवाल यदि चुनाव जीतने में सफल होते है तो क्या उन्हे केन्द्रीय मंत्रीमंडल में जगह मिलेगी? या फिर कोरबा से विजयश्री हासिल कर सरोज दिल्ली का रूख तय करेगी? 2019 में विजयश्री हासिल करने वाले संतोष पाण्डेय की किस्मत कहा ले जाती है इसका भी खुलासा इस चुनाव परिणाम के बाद होने जा रहा है। विजय बघेल 2019 के लोकसभा चुनावी सबसे ज्यादा मतों से जीत हासिल करने में सफल हुए थे। क्या वह इस चुनाव परिणाम में भी उसे बरकरार रख पाएंगे? बहरहाल यदि ये चारों नेता चुनाव जीतने में सफल होते है तो केन्द्र की राजनीति में किसकी दखल मजबूत होगी, इसका भी खुलासा इस परिणाम के साथ ही तय हो जाएगा।

### कांग्रेस के कई दिग्गजों की साख दांव पर, भूपेश या महंत कौन होगा राज्य कांग्रेस का विश्वासनीय चेहरा

**रायपुर।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वह घड़ी आ गई है जिसका इंतजार पूरा भारतवर्ष ही नहीं बल्कि पूरा विश्व कर रहा है।




विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में सरकार बनाने का फैसला जनता ने किस दल को दिया है यह दोपहर बाद स्पष्ट हो जाएगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की राजनीति के लिहाज से भी यह लोकसभा चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। दरअसल में राज्य के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सभी कद्दावर चेहरों की साख इस चुनाव में दांव पर लगी हुई है। एक ओर जहां भाजपा 11 में 11 सीट जीतने का दांवा कर रही है, तो वही कांग्रेस 6 सीटों पर जीत हासिल करने की बात कह रही है। फिलहाल इसका खुलासा जल्द होने जा रहा है। इसके साथ ही इस चुनाव में कांग्रेस के तमाम दिग्गज नेताओं की राजनीतिक शक्ति का परीक्षण भी होने जा रहा है। राजनांदगावं लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री किसानों के हितैषी कहे जाने वाले भूपेश बघेल मैदान पर है। वहीं कोरबा सीट से डॉ. चरणदास महंत की धर्मपत्नि ज्योत्सना महंत एक बार फिर मैदान पर है। साहू समाज का बड़ा चेहरा पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी इस लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहे है। फिलहाल इस तीन नेताओं में से जिसे भी विजयश्री मिलती है वह राज्य कांग्रेस का सबसे विश्वासनीय चेहरे के रूप में उभरकर सामने आएगा।

## क्विक न्यूज

### शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं : राजीव कुमार



**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों द्वारा लगाये गये आरोपों को बेबुनियाद और आधारहीन बताया तथा इसे केवल शक एवं संदेह करार देते हुए शायराना अंदाज में कहा कि शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद और मतगणना से एक दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कुमार ने विपक्षी दलों के सभी आरोपों से जुड़े सवालों का शायराना अंदाज में विस्तार से जवाब दिया उन्होंने कहा, आजकल इल्जामातों का दौर बुलंद है, तल्खियों का बाजार गर्म है , पंच को पहले ही घेर लो यानी पेशबंदी। मंजूर है इल्जाम लगाओ हम पर, शर्त इतनी कि साथ में सबूत भी हो।

### सौम्या और रानू 5 समीर एवं तिवारी 10 जून तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

**रायपुर।** करोड़ों के कोयला घोटाला केस में ईओडब्ल्यू की रिमांड पर चल रहे निलंबित पूर्व उपसचिव सौम्या चौरसिया, निलंबित आइएएस रानू साहू, समीर बिश्वनोई और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की रिमांड और बढ़ गई है। लिहाजा विशेष कोर्ट में चारों को पेश किया गया था। पहली रिमांड के दौरान चारों को आमने-सामने बैठाकर ईओडब्ल्यू की टीम ने पूछताछ की लेकिन इनसे घोटाले से संबंधित कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है। लिहाजा ईओडब्ल्यू की ओर से फिर से चारों की रिमांड बढ़ाने के आवेदन को कोर्ट ने मंजूर किया। इसके तहत सौम्या, रानू को 5 जून और समीर, सूर्यकांत को 10 जून तक रिमांड पर भेजा है।

### तीन लोगों ने मोटरसाइकिल में आकर एक व्यक्ति को मार दी गोली

**बेमेतरा।** तीन लोगों ने शाम के समय एक व्यक्ति को गोली मारकर मोटरसाइकिल में फरार हो गये। घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में विवेचना शुरू कर दी है। जिला मुख्यालय में दुर्ग रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास अज्ञात व्यक्ति को तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और गोली मार कर फरार हो गए। घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, घायल व्यक्ति के पैर में गोली लगी है, जिसके कारण वह बेहोश है।

## देश को पुरानी सोच, मान्यताओं नकारात्मकता से निकालना है : मोदी

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कन्याकुमारी में अपनी 45 घंटे की साधना के अनुभव साझा करते हुए देशवासियों का आह्वान किया है कि एक राष्ट्र के रूप में पुरानी सोच और मान्यताओं का परिमार्जन करके हमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सोचते हुए अपने समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से बाहर निकालकर और नकारात्मकता से मुक्ति दिला करदेश को सफलता की सिद्धि तक पहुंचाना है। मोदी ने आज नमो ऐप पर एक ब्लॉग लिख कर कन्याकुमारी के अनुभवों को लिपिबद्ध रूप में पेश किया। इन शब्दों को उन्होंने एक जून को कन्याकुमारी से दिल्ली लौटते समय विमान में शाम सवा चार बजे से सात बजे के बीच लिखा था जिसमें उन्होंने अगले 25 वर्षों को केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि 45 घंटों की साधना के दौरान उनके मन में भारत माता के चरणों में बैठ कर विरक्ति के भावों के बीच भारत के उज्जवल भविष्य के लक्ष्यों के लिए विचार उमड़ रहे थे जिन्हें उगते हुए सूर्य ने नई ऊंचाई और सागर की विशालता ने विस्तार दिया तथा क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता का निरंतर एहसास कराया। इस दौरान दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो गये। प्रधानमंत्री ने अपने लेख की शुरुआत करते हुए कहा, लोकतन्त्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। उन्होंने कहा, संत रविदास की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था।

### डाक मतपत्रों पर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी खारिज

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनावों की मतगणना के दौरान डाक मतपत्रों पर सत्यापन अधिकारी की मुहर लगाने की आवश्यकता समाप्त करने से संबंधित चुनाव आयोग के 30 मई के एक परिपत्र को चुनौती देने वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर मामले पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव आयोग के उस परिपत्र के खिलाफ दायर रिट याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए कहा कि चुनाव आयोग की ओर से 30 मई को जारी परिपत्र में केवल आंध्र प्रदेश के संबंध में प्रावधान किया गया था कि भले ही चुनाव संचालन नियम 1961 के तहत फॉर्म 13-ए में केवल सत्यापन अधिकारी के हस्ताक्षर हों, उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गैर-वैधानिक संशोधन ने वैधानिक नियमों को दरकिनार कर उन्हें कमजोर कर दिया है। अधिवक्ता ने दलील दी कि केवल हस्ताक्षर नहीं हो सकते और सत्यापन अधिकारी की मुहर भी होनी चाहिए।

### सीएम ने कहा-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला अलर्ट रहें

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री साय ने मानसून के दौरान संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को राजधानी से लेकर ग्राम पंचायत तक लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने हैंडपंप, नलकूप, एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई और क्लोरिनेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरिन टैबलेट की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने वर्षाजन्य बीमारियों एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासनिक अमले के साथ लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को अलर्ट रहने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बरसात के मौसम में उल्टी-दस्त, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों के होने की ज्यादा आशंका रहती है। पेयजल स्त्रोतों की सफाई जैसे छोटे-छोटे उपायों से इन बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है। राज्य में संक्रामक बीमारियों की दृष्टि से संवेदनशील गांवों और इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा लगातार निगरानी रखी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए हैं। बारिस के मौसम में घरों के आसपास जल जमाव न हो, ताकि मच्छर न पैदा हों। सर्दी-बुखार, खांसी, उल्टी-दस्त समस्या होने पर लोग स्वास्थ्य केन्द्र जाएं और चिकित्सक की सलाह से ही दवाओं का सेवन करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जशपुर अंचल सहित ऐसे क्षेत्र जहा सर्पदंश के मामले ज्यादा आते हैं उन इलाकों में बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के प्रकरणों को हैण्डल करने के लिए चिकित्सक एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध रहें।

## आईपीएल क्रिकेट के बाद 20-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप का चढ़ा बुखार

### 20-20 वर्ल्ड कप को लेकर सटोरिये सक्रिय, कार्रवाई के नाम पर हवा में लाठी पीटती पुलिस

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

आईपीएल क्रिकेट के महाकुंभ के बाद अब टवन्टी टवन्टी वल्ड कप का प्रारंभ पहली बार अमेरिका मे हो चुका है परंतु आज के समय मे क्रिकेट का खेल मनोरंजन के साथ सट्टा का भी रुप धारण कर लिया है जो कि अवैधानिक है परंतु फिर भी यह सट्टा धडल्ले के साथ खेला जा रहा है और यहाँ सट्टा 20-20 वर्ल्ड कप मे भी भारी तादाद मे खेले जाने की उम्मीद है, जो की हर मिनट सेकेंड मे हर बाल, हर रन, विकेट, टॉस, व्यक्तिगत रन आदि क्रिकेट के खेल के सभी पहलुओं पर दाँव लगाया जाता है।

**अविभाजित मध्यप्रदेश के समय सरकारी डेली लाटरी से भी खतरनाक क्रिकेट सट्टा :** गौरतलब है कि 1990 के समय मे अविभाजित मध्यप्रदेश के सुन्दर लाल पटवा सरकार के डेली लाटरी व मटका सट्टा से भी कई गुणा खतरनाक है यह क्रिकेट सट्टा का खेल है, क्योंकि इस खेल मे हर सेकंड व हर मिनट मे हजारों लाखों का दाँव खेला जाता है। जबकि अपेक्षाकृत पिछले डेली लाटरी मे 24 घंटे मे एक बार ही दाँव लगाया जाता था। परंतु यह सामाजिक बुराई होने के कारण शासन ने इस जुआ के खेल को अवैधानिक माना है।



**सटोरियों पर कारवाई हेतु हवा मे लाठी पिटती पुलिस :** गौरतलब है क्रिकेट सट्टा का खेल ऑफ लाईन व ऑन लाईन दोनों तरीके से खेला जा रहा है, परंतु सबसे अधिक ऑनलाईन सट्टा सटोरियों के नजर से सुरक्षित माना जाता है। जो की किसी बडे हाईप्रोफाईल बुकी द्वारा सट्टा एप्प का निर्माण कर सीधे तौर पर बैंक खाते से ट्रांजेक्शन किया जाता है। यहां तक खाते मे पैसे नही होने पर उधार के रुप मे खाते मे पैसा भी डाला जाता है, बाद मे बुकी द्वारा किसी भी नैतिक अनैतिक तरीके से सटोरियों से वहां पैसा भी वसूल लिये जाता है, जो ऐसे कई घटना क्रम निकलकर आया है, परंतु पुलिस प्रशासन ऐसे हाईप्रोफाईल बुकी व सटोरियों पर किसी तरह की कड़ी कारवाई की तुलना मे खोजबीन के नाम पर हवा मे सिर्फ लाठी पीटता नजर आता है, और सटोरिये लाखों करोड़ों का वायरा न्यारा कर जाता है।

**ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा पर कारवाई मुश्किल? :** गौरतलब है भाटापारा क्षेत्र क्रिकेट सट्टा का गढ़ माना जाता है। यहां से पिछले रिकॉर्ड के आधार पर इसका लिंक गोवा पुणे बाम्बे नागपुर आदि विभिन्न राज्यों से भी जुड़ा हुआ पाया गया है, व कई बड़े-बड़े क्रिकेट सट्टा का भी मामला उजागर हुआ है, परन्तु वर्तमान आईपीएल क्रिकेट के खेल मे हुये सट्टा के खेल मे कोई भी बडा मामला उजागर नही हो पाया जिसका मुख्य कारण तकनीकी रुप से आनलाईन क्रिकेट सट्टा का प्रचलन प्रभावी होना बताया जाता है।

**पुराने रिकॉर्ड व खाते के ट्रांजेक्शन के आधार पर क्यों नहीं पकड़ाते सटोरिये :** गौरतलब है की 20-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच का आगाज हो चुका है, साथ ही भारत मे इस खेल को सबसे अधिक लोकप्रिय व देखे जाने वाला खेल माना जाता है, और इसी कारण यहां के सटोरियों द्वारा इस खेल पर बढ़-चढ़कर लाखों करोड़ों का दाँव लगाया जाता है परंतु यह सामाजिक बुराई जो कोढ की बीमारी की तरहा सट्टा का रुप लेकर फैल रहा है। उसे पुलिस प्रशासन नियंत्रित कर पाने मे असहज महसूस करते हुये दिखता है। जिसका मुख्य कारण ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा जिसका ट्रांजेक्शन बैकिंग प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। परंतु इन सबके बीच सवाल उठता है की ऑनलाईन ट्रांजेक्शन आज के तकनीकी व्यापार युग मे पक्का लेनदेन का आधार माना जाता है, और खाते एडिट रिपोर्ट के आधार पर सारे लेनदेन का लेखा-जोखा निकाला जा सकता है। परंतु क्रिकेट सट्टा के लेनदेन मे ऐसा छानबीन क्यों नही किया जाता जबकि वह क्रिकेट के दिन का हर मिनट व सेकंड मे किया जाने वाला ट्रांजेक्शन होता है।

#### रिफरेशन व आईडी के जरिये लेखा जोखा निकाला जा सकता है : ब्रांच मैनेजर

भाटापारा के विभिन्न बैंकों के ब्रांच मैनेजर से लिये गये जानकारी के अनुसार खाताधारकों का रिफरेशन व आईडी जमा होती है। जिसके माध्यम से हर मिनट व हर सेकेंड के लेनदेन का डिटेल निकाला जा सकता है, और इसी कारण आनलाईन के लेनदेन को पक्का लेनदेन माना जाता है।

सूचना व इनपुट के आधार पर क्रिकेट सटोरियों पर कारवाई की जायेगी। वही ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा को लेकर विभिन्न बैंकों से सम्पर्क साधा जायेगा। हर मिनट व हर सेकंड के लेनदेन पर निगरानी रखी जायेगी।

**- सदानंद कुमार**
पुलिस अधीक्षक,
जिला बलौदाबाजार भाटापारा

## एनआईटी रायपुर में भारत की विदेश नीतियों पर किया गया वार्ता सत्र का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में स्टूडेंट एंड मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स इंगेजमेंट प्रोग्राम (समीप) के अंतर्गत छात्रों के लिए वार्ता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि जीईसी-एनआईटी रायपुर के भूतपूर्व छात्र एवं विदेश मंत्रालय में लैटिन अमेरिका और कैरिबियन के एडिशनल सेक्रेटरी जी. वी. श्रीनिवास रहे। इस कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एन. वी. रमना राव, डीन (एकेडमिक्स) डॉ. श्रीश वर्मा, डीन (शोध एवं अधिष्ठाता) डॉ. प्रभात दीवान, फैकल्टी मेंबर्स, रिसर्च स्कॉलर्स और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के समन्वयक इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख डॉ. तोषन मीनपाल रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षाविदों को भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषताओं, उपलब्धियों और सफलता की कहानियों से उन्हें अवगत कराना था। डॉ. श्रीश वर्मा ने सभी का सत्र में स्वागत किया और अतिथिगण का परिचय करवाया। उन्होंने विदेश नीति और उसके प्रति जागरूकता के महत्व में बात की। डॉ. रमना राव ने विदेश मंत्रालय द्वारा छात्रों के लिए संचालित विभिन्न प्रोग्राम्स जैसे स्पार्क, ज्ञान, वज्र आदि के बारे में चर्चा की। इसके बाद जी. वी. श्रीनिवास ने सभी को भारतीय संस्थान और विदेशी संस्थानों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने और उसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों के संदर्भ में विदेश मंत्रालय की नीतियों के बारे में चर्चा की और जीवन में अनुशासन के महत्व पर जोर डाला। उन्होंने सिंगापुर का उदाहरण देकर अनुशासन के महत्व को बताया। उन्होंने समझाया कि असली सफलता पहली बार में जीतने में नहीं है जबकि असली सफलता वह है जब आप असफल होने के बाद अपनी योग्यता के अनुसार जोखिम लेकर पुनः प्रयास करते है। उन्होंने बीते समय में दुनिया में हुई घटनाओं के बारे में बात की और उनमें भारत की भूमिका के विषय में चर्चा की। इसके बाद उन्होंने विदेश मंत्रालय में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने जी 20 समिट की सफलता के बारे में बात की और भारत के संदर्भ में इसका महत्व समझाया। इसके अलावा उन्होंने भारत के बढ़ते विदेशी संबंधों, उपलब्धियों, विदेश मंत्रालय से जुड़ने के रास्तों, मंत्रालय के काम करने के तरीकों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# लोकसभा चुनाव प्रचार में यादगार रहा योगी का परिश्रम

वार्ता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के प्रचार में यूं तो सभी दलों के कद्दावर नेताओं ने पसीना बहाया लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने प्रदेश में बल्कि बाहरी राज्यों में भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में धुआंधार प्रचार कर पार्टी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को धार दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश से चुनकर देश का नेतृत्व करते हैं। इनके कंधों पर अपनी संसदीय सीटों के साथ ही पूरे देश के राजग प्रत्याशियों को जिताने का दारोमदार रहा। ऐसे में योगी ने 'अपने नेता' पीएम मोदी और राजनाथ सिंह की सीटों पर उनके साथ व अकेले भी कई बार पहुंचकर मतदाताओं से संवाद स्थापित किया। यहीं नहीं, अपनी गृह सीट गोरखपुर में भी योगी आदित्यनाथ ने सात से अधिक रैली, कार्यक्रम व रोड शो किया। इसके साथ ही नए प्रत्याशियों के लिए भी सीएम योगी ने कई-कई बार मतदाताओं से संवाद स्थापित कर 'अबकी बार-400 पार' के लिए 80 को आधार बनाने की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में आठ चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसमें से अधिकांश में प्रधानमंत्री व काशी के सांसद नरेंद्र मोदी खुद भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने तीन अप्रैल को वाराणसी लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक की। पीएम संग 13 मई को रोड शो, 14 मई को कार्यकर्ता सम्मेलन, 14 मई को नामांकन, 21 मई को नारी वंदन सम्मेलन में सीएम भी शामिल हुए। सीएम ने 25 मई व 27 मई को जनसभा की और 27 मई को ही वाराणसी के अधिवक्ता से संवाद स्थापित किया। लखनऊ के सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संग योगी आदित्यनाथ ने नामांकन से पहले 29 अप्रैल को रोड शो किया। इसके अलावा सीएम 14 मई, 15 मई, 16 मई, 17 मई को विभिन्न जनसभाओं में भी शामिल हुए। गोरखपुर से भाजपा सांसद व प्रत्याशी रवि किशन के लिए भी योगी ने मतदाताओं से संवाद स्थापित किया। गोरखपुर में 4 अप्रैल को लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक की। 10 मई को नामांकन सभा, 24 मई, 26 मई, 28 मई, 29 मई जनसभा की और 29 मई को यूपी का आखिरी चुनावी कार्यक्रम रोड शो भी सीएम योगी ने गोरखपुर में ही किया।

# तेलंगाना में बारूदी सुरंग विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत



एजेंसी ◄ मुलुगु/तेलंगाना
www.dailypioneer.com

तेलंगाना में मुलुगु जिले के कोंगाला वन क्षेत्र में एक बारूदी सुरंग विस्फोट में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। जगन्धपुरम गांव के चार लोग जलावन इकट्ठा करने के लिए वाजेदु मंडल के कोंगाला वन क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान, उनमें से एक इलेंडुला एसु ने बारूदी सुरंग पर कदम रख दिया। बारूदी सुरंग जोरदार आवाज के साथ फट गई और एसू की मौके पर ही मौत हो गई। समूह के बाकी सदस्य घायल नहीं हुए और तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए पहाड़ी से नीचे उतरे। मौके पर पहुंची पुलिस ने और अधिक बारूदी सुरंगों की मौजूदगी की आशंका के चलते स्थानीय लोगों को वन क्षेत्र में नहीं जाने की चेतावनी दी है। मृतक के परिजन पुलिस की मदद से शव निकालने का प्रयास कर रहे हैं। घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# मतगणना से पहले अखिलेश ने गिनायी भाजपा सरकार की कमियां

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव की मतगणना की पूर्व संध्या पर समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की कमियों को गिनाया है। यादव ने सोमवार को यहां पार्टी दफ्तर में एक प्रेस कांफ्रेंस की शुरुआत राजग को निशाना बनाते हुये एक शायरी से की। उन्होने कहा 'जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग, उतना ही बड़ा होता है उसका पतन। उन्होने कहा कि भाजपा ने देश में सांप्रदायिक सौहाद्र को नुकसान पहुंचाया। संविधान द्वारा दिये गये आरक्षण को साजिशन खत्म करने के लिये बेरोजगारों से छल किया, पेपर लीक कराये। बहन बेटियों के लिये जानबूझ कर अपने मंत्रियों से अपशब्द कहलवाये। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढोत्तरी हुयी। मणिपुर, हाथरस, महिला पहलवान पिछड़े, दलित अल्पसंख्यक और आदिवासियों पर अत्याचार और सबसे खराब का रिकार्ड बना। सपा अध्यक्ष ने इलेक्टोरल बांड को ऐतिहासिक भ्रष्टाचार बताते हुये कहा कि इसके जरिये मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया गया जिसने महंगाई को बढ़ाया। नोटबंदी से कारोबार चौपट हुआ। भ्रष्ट जीएसटी से छोटे दुकानदार तक को मंदी का शिकार बना दिया। किसानो की जमीन हड़पनी चाही, काले कानून लाने चाहे,खाद की बोरी चोरी की और किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं दिया गया। यादव ने कहा कि 45 साल की सबसे बड़ी बेरोजगारी में देश को धकेल दिया गया। महंगाई ने गरीब को और गरीब बना दिया। अमीरों के अरबों के लोन माफ किये गये मगर किसानो को ऋण के लिये आत्महत्या के लिये मजबूर किया गया। ब्याज की दरें घटा कर मध्यम वर्ग की बचत को बेकार कर दिया। नैतिक रुप से चंदे तक का पैसा खा गये। केयर फ्रंट के नाम के आगे पीएम के नाम का इस्तेमाल करके बाद में हिसाब देने से मना कर दिया। यादव ने वैक्सीन के मामले में भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा, साथ ही अपने समर्थकों को हिंसक बनाने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि भजपा सरकार ने आपराधिक मामलों में लिप्त लोगों को मंत्री के पद से नवाजा जिन्होने किसानो की हत्या की और महिलाओं का शोषण किया। संविधान को पहले कमजोर करने और बाद में खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

# त्रिपुरा भाजपा एग्जिट पोल का जश्न मना रही, विपक्ष ने किया खारिज

एजेंसी ◄ अगरतला
www.dailypioneer.com



देश भर में एग्जिट पोल के अनुमानित आंकड़ों पर त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जश्न मना रही है, जबकि विपक्षी दलों ने इस पूर्वानुमान को खारिज करते हुए इसे 'पक्षपातपूर्ण' करार दिया है। एग्जिट पोल में भाजपा की अनुमानित जीत घोषित किये जाने पर त्रिपुरा में इंडिया समूह के नेताओं ने दावा किया है कि इस बार एग्जिट पोल 2004 की तरह ही गलत साबित होंगे, क्योंकि वे सत्तारूढ़ भगवा ब्रिगेड को खुश करने के लिए मनगढ़ंत तरीके से जारी किये जा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य ने दावा किया कि एग्जिट पोल में अनुमानित सीटों की संख्या चार जून को मतगणना के दिन धीरे-धीरे 400 को पार कर जाएगी। भट्टाचार्य ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा विकसित भारत की गारंटी दी है और भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनायेगा, जैसा कि उन्होंने युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए घोषित किया है। उन्होंने कहा, मोदी का अब तक का 10 साल का प्रदर्शन सिर्फ एक ट्रेलर है और पूरा शो अभी सामने आना बाकी है। भट्टाचार्य ने कहा, इंडिया ब्लॉक के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वे गरीबी हटाएंगे, लेकिन उनके पास न तो समाधान है और न ही योजना। उनके आधे नेता जेल में हैं और अन्य भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाने का इंतजार कर रहे हैं। लोग उनका समर्थन नहीं करते। लोगों ने उन्हें नकार दिया है। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने भाजपा की आलोचना की और कहा कि एग्जिट पोल में लगभग सभी संगठनों ने भाजपा को विजेता घोषित किया है।

# कोटपुतली-बहरोड़ एवं प्रतापगढ़ जिले में दो पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कोटपुतली-बहरोड़ एवं प्रतापगढ़ जिले में सोमवार को दो पटवारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के महानिदेशक डा रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि कोटपुतली-बहरोड़ जिले के बानसूर तहसील के शाहपुरा पटवार हल्के के पटवारी अनिल कुमार यादव को रजिस्टर्ड हक त्याग का नामांतरण खोलने की एवज में दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अलवर प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि रजिस्टर्ड हक त्याग का नामांतरण खोलने की एवज में पटवारी दस हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। इस पर ब्यूरो टीम ने शिकायत के सत्यापन के बाद आरोपी पटवारी अनिल कुमार यादव को परिवादी से दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इसी तरह प्रतापगढ़ जिले में दलोट तहसील के निनोर पटवार हल्के के पटवारी मदन सिंह मोहिल को चार हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

# मध्यस्थता से विवाद समाधान में हर कोई होता विजेता : पटेल

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यस्थता वह प्रक्रिया है, जिसमें हर कोई विजेता होता है क्योंकि मध्यस्थता में विवाद का निपटारा किसी आदेश के द्वारा नहीं होता है, व्यवस्थित चर्चा के द्वारा दो पक्ष समझौते पर पहुंचते है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पटेल ई-मीडिएशन राईटिंग्स संस्था वर्षगांठ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता सबके लिए किफायती, जल्द और उत्तरदायी न्याय का सुलभ, सुगम एवं प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा है कि विवाद को उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों के समाधान के लिए समाज और सरकार को मिलकर कार्य करना होगा। समाज की विकृतियों को दूर करने के लिए चिंतन करना होगा। बेहतर समाज निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें आगे बढ़कर कार्य करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि विवादों की उत्पत्ति छोटी-छोटी बातों से होती है। बोलने और देखने के तरीकों को लेकर बड़े-बड़े विवाद हो जाते हैं। विवाद बढ़े नहीं, इसके लिए मन-मस्तिष्क की शांति जरूरी है। जरुरी है कि समाज में जागरूकता का ऐसा वातावरण हो, जिसमें सभी हितधारक मध्यस्थता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और पहल का प्रदर्शन करें। युवाओं से अनुरोध किया कि वे जन-सामान्य की बोल-चाल की भाषाओं में मध्यस्थता के अवार्ड के न्यायालयीन महत्व के फ़ायदों को समझाने के लिए आगे आए। समर्थ जन गरीबों, वंचितों को सस्ती, सुलभ और तेज न्याय प्रक्रिया के लाभ दिलाने में मध्यस्थता के द्वारा सहयोग करे। पटेल ने कहा है मध्यस्थता के द्वारा विवादों के समाधान की व्यापकता के लिए जरूरी है कि सुशिक्षित और प्रशिक्षित मीडिएटर्स एवं मीडिएशन परिणामों की स्वीकार्यता का दायरा बढ़ाया जाये। परिचयात्मक पाठ्यक्रमों से लेकर मिड-कैरियर-प्रोफेशनल रिफ्रेशर कोर्स की सभी स्तरों पर सतत व्यवस्था हो। मध्यस्थता केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत कर, मध्यस्थता के द्वारा व्यापक आबादी को लाभ पहुंचाने के लिए पक्के इरादों, सबके साथ और प्रयासों से पहल की जाए। उन्होंने ई-मीडिएशन राईटिंग्स संस्था से अपेक्षा की है कि जनजाति बहुल क्षेत्रों में विशेष ध्यान केन्द्रित करे। मध्यस्थता से सम्बंधित ई-प्रकाशन, नवाचार और ऑनलाईन मीडिएशन के द्वारा विवाद समाधान व्यवस्था को आर्थिक, सामाजिक रूप से वंचित समुदाय तक पहुँचाने में सहयोग करे। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जे के महेश्वरी ने पारिवारिक विवादों में मध्यस्थ की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# भाजपा का अगर 300 पार, तो ये ईवीएम का वोट : दिग्विजय

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की मतगणना के एक दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी का अगर इस



चुनाव में 300 पार होता है, तो ये जनता का वोट नहीं, बल्कि ईवीएम का वोट है। सिंह ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि जनता का वोट अगर पड़ा है तो इन्हें बहुमत नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने 295 का जो आंकड़ा दिया है वो सही है। उन्होंने भाजपा के संदर्भ में कहा कि अगर पार्टी का 300 पार होता है तो वो जनता का वोट नहीं, ईवीएम का वोट है। सिंह राज्य के राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। वे इसके पहले भी लगातार ईवीएम को लेकर मुखर रहे हैं।

## टैक्ट्रर की टक्कर से टेम्पो सवार बुआ-भतीजी की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान के धौलपुर में बाड़ी सदर थाना क्षेत्र में धौलपुर करौली राजमार्ग पर मत्सूरा गांव के पास सोमवार सुबह टैक्ट्रर की टक्कर से टेम्पो




सवार बुआ-भतीजी की मौत हो जाने के साथ चार लोगों के घायल हो जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे के शिकार सभी लोग धौलपुर के भिलगवां गांव निवासी एक ही परिवार के सदस्य हैं, जो बाड़ी स्थित माता के मंदिर पर कन्याओं को भोजन कराने के लिये टेम्पो से जा रहे थे, लेकिन मत्सूरा गांव के पास पहुंचते ही उनके टेम्पो को पीछे से तेज गति से आते तूरी से भरे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल लाते समय रास्ते में घायलों में से बुआ सोमवती (50) और भतीजी लक्ष्मी (17) की मौत हो गयी, जबकि रामनिवास, रागिनी, रचना और रौनक गंभीर रूप से घायल हुये हैं।

# बेंगलुरु ग्रामीण से भाजपा उम्मीदवार का अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने का अनुरोध

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

कर्नाटक में बेंगलुरु ग्रामीण से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डा सीएन मंजूनाथ ने मुख्य चुनाव आयुक्त से बेंगलुरु ग्रामीण संसदीय क्षेत्र में आसन्न मतगणना प्रक्रिया से पहले मजबूत सुरक्षा उपायों की मांग की है। डॉ. मंजूनाथ ने मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजे एक संदेश में 25 अप्रैल को शुरू हुई चुनावी प्रक्रिया के संकट से पैदा हुई गहन आशंकाओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। उन्होंने संदेश में निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव से संबंधित उथल-पुथल और मतदाताओं को डराने-धमकाने की आशंका को स्पष्ट किया एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के एक मजबूत ढांचे की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. मंजूनाथ ने संदेश में संभावित व्यवधानों की ओर इशारा किया, खासकर कांग्रेस उम्मीदवार डीके सुरेश के लिए प्रतिकूल परिणाम की स्थिति में। उन्होंने मतगणना केंद्र परिसर के आसपास तैनात पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ी को मजबूत करने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए चुनावी पवित्रता के गढ़ों को तोड़ने की कोशिश करने वाली किसी भी नापाक साजिश को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर

## कलेक्टर को पुत्रशोक, मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

**जबलपुर।** जबलपुर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के युवा पुत्र अमोल सक्सेना का निधन हो गया है। उनके निधन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। यादव ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए कहा कि जबलपुर कलेक्टर के युवा एवं होनहार पुत्र अमोल सक्सेना के असामयिक निधन का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है। बताया गया है कि सक्सेना के पुत्र अमोल दिल्ली में थे। लगभग 21 वर्षीय अमोल वहां पर अध्ययनरत थे। अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका निधन हो गया। राज्य मंत्रिमंडल के अनेक सदस्यों, राजनेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों ने अमोल सक्सेना के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# राजस्थान में लोकसभा चुनाव की मतगणना आज शुरु

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com




राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटों पर हुए चुनाव एवं बांसवाड़ा जिले की बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरु होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के अनुसार राजस्थान में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और राज्य के 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 29 केंद्रों पर मतगणना होगी।

इनमें जोधपुर, नागौर, करौली- धौलपुर एवं गंगानगर लोकसभा क्षेत्र के लिए दो-दो मतगणना केंद्र बनाये गये हैं।

प्रदेश में 53 हजार 128 मतदान केंद्रों पर हुए मतदान की मतगणना 235 कक्षों में होगी तथा पोस्टल बैलट से डाले गए मतों की गणना के लिए 62 कक्षों की व्यवस्था की गई हैं। पहले पोस्टल बैलेट मतों की गिनती की जायेगी और साढ़े आठ बजे से ईवीएम से डाले गये मतों गिनती शुरु की जायेगी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के मतों की गणना के लिए 2713 टेबल्स और पोस्टल बैलेट एवं ईटीबीपीएस से डाले गए मतों की गणना के लिए 790 टेबल्स लगाई गई हैं और सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना 4033 राउंड में होगी। विधानसभा क्षेत्रवार 13 से 28 राउंड की मतगणना होगी। जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के जोधपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 13 राउंड और राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के मेड़ता विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 28 राउंड की मतगणना होगी जबकि लोकसभा क्षेत्रवार सबसे कम 20 राउंड टोंक-सवाई माधोपुर और सबसे अधिक 28 राउंड राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में होंगे। गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है और सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी मतगणना स्थलों पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना टेबल्स के लिए करीब 3550 माइक्रो ऑब्जर्वर और 1200 से अधिक सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि काउंटिंग हॉल में संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरा या वीडियोग्राफी से मय दिनांक और समय की मोहर के साथ कवरेज की जाएगी।

## राजधानी पटना में अपराधियों ने दो युवकों को मारी गोली

**पटना।** बिहार में राजधानी पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार की सुबह दो युवकों को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों



ने यहां बताया कि नालन्दा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एनएमसीएच) के समीप अपराधियों ने दो युवकों को गोली मारकर घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## पश्चिम चंपारण : महिला का शव बरामद

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार को एक महिला का शव बरामद किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) वन विवेक दीप ने बताया कि नरकटिया गांव निवासी धर्मेंद्र चौधरी की पत्नी रंजू देवी (28) का शव उसके घर से बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि इस मामले में पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के मझार गांव निवासी मृतका के भाई मदन लाल सहनी ने अपनी बहन की हत्या करने का आरोप उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर लगाया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## छात्रा के साथ दुष्कर्म की जांच एसआईटी से कराने की मांग

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर शहर जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश सोनी ने पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई से मुलाकात कर स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म एवं ब्लैकमेल प्रकरण की जांच विशेष जांच दल (एस.आई.टी) से कराने की मांग की है।

# कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने एग्जिट पोल को 'मोदी फैंटेसी' बताया


एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने एग्जिट पोल को 'मोदी फैंटेसी' और मीडिया का पक्षपातपूर्ण कृत्य बताते हुए खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने एग्जिट पोल के नतीजों को मीडिया की उपज बताकर खारिज कर दिया और जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी अकेले राज्य में 15 से 20 सीटें जीतेगी। उन्होंने अपने पार्टी अध्यक्ष के इस दावे को दोहराया कि इंडिया समूह केंद्रीय स्तर पर 295 सीटें हासिल करेगा। राज्य के मंत्री प्रियांक खडगे ने इसी तरह की भावनाओं को व्यक्त करते हुए अनुमानों को 'मीडिया फैंटेसी पोल, मोदी फैंटेसी पोल' करार दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव भारतीय जनता पार्टी सरकार की आर्थिक नीतियों और इसके कथित संविधान विरोधी रुख के खिलाफ लड़ा गया था। खड़गे ने पूरे विश्वास के साथ अनुमान व्यक्त किया कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में 295 से अधिक सीटें हासिल करेगी। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को दरकिनार करते हुए इंडिया समूह की सरकार बनाने को लेकर आशा व्यक्त की। मंत्री केएन राजन्ना ने एग्जिट पोल को 'मोदी पोल' कहकर खारिज कर दिया और उन्हें असत्य करार दिया। उन्होंने आत्मविश्वास से कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक में दोहरे अंक में सीटें हासिल करेगी और 15 से अधिक सीटें जीतेगी। इस बीच मंत्री एचके पाटिल ने एग्जिट पोल की आलोचना करते हुए इसके तरीकों में पक्षपात और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने आत्मविश्वास से कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक में 16 से अधिक सीटें हासिल करेगी और उत्तरी कर्नाटक में जीत हासिल करेगी। कांग्रेस नेता एमबी पाटिल ने भी एग्जिट पोल को अवास्तविक बताया और उन पर जमीनी हकीकत की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बार मोदी लहर की मौजूदगी से इनकार करते हुए उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में भाजपा के लिए महत्वपूर्ण नुकसान का अनुमान व्यक्त किया। मंत्री केएच मुनियप्पा ने एग्जिट पोल के नतीजों पर अविश्वास जताया और इस बात पर जोर दिया कि असली नतीजे अगले कुछ घंटों में ही सामने आएंगे। उन्हें उम्मीद है कि उनकी पार्टी कर्नाटक में बहुमत हासिल करेगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी : राजन

वार्ता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के तहत कल मध्यप्रदेश की सभी 29 संसदीय सीटों पर होने वाली मतगणना के पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों पर होने वाली मतगणना के सभी इंतजाम पूरे किए जा चुके हैं। राजन ने संवाददाताओं को बताया कि 29 संसदीय क्षेत्रों की मतगणना 52 जिला मुख्यालयों पर शुरु होगी। मतगणना के लिए सभी इंतजाम किए जा चुके है। सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित किया गया है। तेज गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर ठंडा पानी, कूलर, पंखे, मेडिकल किट, एम्बुलेंस, अग्नि शमन यंत्र, फायर ब्रिगेड, सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं और संसाधनों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत पासधारी व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। आयोग के निर्देशानुसार बनाए गये कक्षों में ईव्हीएम तथा पोस्टल बैलेट की मतगणना होगी। मतगणनाकर्मियों का 'रेण्डमाईजेशन' तीन स्तर पर होगा। प्रथम एवं द्वितीय स्तर का हो चुका है। तृतीय रेण्डमाईजेशन मतगणना दिनांक को सुबह 5 बजे प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जायेगा। आयोग द्वारा 29 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना हेतु 116 प्रेक्षक नियुक्त किये गये हैं, जो जिलों में पहुंच चुके हैं। रिटर्निंग ऑफिसर / सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पोस्टल बैलेट के लिए बनाए गए स्थानीय स्ट्रांग रूम से मतगणना सेंटर में बने पोस्टल बैलेट के स्ट्रॉग रूम में आज अपराह्न 3 बजे के पश्चात् पोस्टल बैलेट को स्थानांतरित करने की कार्यवाही करेगें, जिसकी सूचना मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों तथा सभी अभ्यर्थी / उनके अभिकर्ता को अनिवार्यतः दी जायेगी। सेवा निर्वाचकों के पोस्टल बैलेट डाक से प्राप्त हो रहे हैं। मतगणना केन्द्र पर प्रातः 08 बजे के पूर्व तक प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट पेपर को गणना में शामिल किया जायेगा। इसके लिए रात्रि में पोस्टल डिपार्टमेन्ट को प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट की डिलेवरी प्रातः 08 बजे के पूर्व मतगणना केन्द्र पर हो जाएं, इस हेतु पोस्टल डिपार्टमेन्ट के नोडल अधिकारी / पोस्टमैन को पास जारी किए गए हैं।

# आयुक्त ने नगर निगम रायपुर क्षेत्र के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारियों को दायित्व सौंपे

**प्रकोष्ठ मुख्यालय मोटर कर्मशाला कार्यालय टिकरापारा बनाया गया, दूरभाष नंबर पर नागरिक बाढ़ संबंधी सूचनाएं दें सकेंगे, प्रकोष्ठ का कार्य 20 जून से प्रभावशील होगा**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु मानसून के दौरान अतिवृष्टि होने एवं निगम क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित होने पर जल निकासी व बचाव कार्य की व्यवस्था करने हेतु बाढ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। प्रकोष्ठ मुख्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास स्थित मोटर कर्मशाला कार्यालय बनाया गया है। दूरभाष नंबर 0771-2272101, 2274101 में नागरिक बाढ संबंधी सूचनाएं दे सकते है। इसमें कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव प्रभारी अधिकारी मोबाईल नंबर 9301953219 के तौर पर बाढ़ नियंत्रण से संबंधित सूचनाएं संबंधित निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल देने हेतु जवाबदेह रहेंगे। आयुक्त ने नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का कार्य दिनांक 20 जून 2024 से प्रभावशील करने का आदेश दिया है। ज्ञात हो कि नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर प्रकोष्ठ मे 8-8 घंटे की 3 शिफ्ट में अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। सम्पूर्ण कार्य के लिये निगम प्रभारी अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय मो.नं. 9424264100 को प्रभारी अधिकारी एवं उनका लिंक अधिकारी निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही मो. नं. 9691285715 को बनाया गया है। अतिवृष्टि / आपात की स्थिति में पूर्ण नियंत्रण की जवाबदेही संबंधित जोन के जोन कमिश्नर की रहेगी। सभी जोन कमिश्नर प्रकोष्ठ जोन प्रभारी के तौर पर बाढ़ नियंत्रण कार्य करेंगे। अतिवृष्टि के दौरान प्रत्येक वर्षा काल एवं जोन के अंतर्गत आने वाले वार्डो का भ्रमण कर वे प्रथम सूचना प्राप्त कर जल निकास करके तत्काल बाढ़ प्रभावित परिवारों का आवश्यक व्यवस्थापन करके अनिवार्य व्यवस्था उपलब्ध करायेंगे। जोन स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन जोन कमिश्नर से समन्वय रखकर कार्यो की रोजाना प्रगति से उन्हें अवगत करायेंगे। समस्त जोन कमिश्नर नगर के जर्जर भवनों की सूची तत्काल तैयार कर जर्जर भवन मालिकों को निगम अधिनियम के तहत नोटिस देने की नियमानुकुल कार्यवाही करेंगे। प्रत्येक जोन कमिश्नर यह प्रमाणित करेंगे कि उनके जोन क्षेत्र में सभी जर्जर भवनों के विरूद्ध कार्यवाही की जा चुकी है अन्य कोई जर्जर भवन शेष नहीं है। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया कि बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ




कार्यालय एवं प्रत्येक जोन कार्यालय में बाढ़ से संबंधित शिकायतों के लिये पृथक से शिकायत पंजी प्रविष्ठि कर संधारित की जाये। आयुक्त ने नगर के ऐसे आवासीय व्यवसायिक परिसरों, जिसमें अतिवृष्टि के समय बेसमेंट में पानी भर जाता है, उसे निकालने पंप फायर फाईटिंग उपकरण विद्युत के अवरोध से बचाव व बेसमेंट में पानी में करंट न हो ऐसे बचाव के उपाय हेतु तत्काल संबंधित भवन मालिकों को समय रहते अवगत करा कर सम्पूर्ण बचाव सुरक्षा व्यवस्था जनहित में जनजीवन सुरक्षा हेतु मानसून के दौरान पूर्व निश्चित करवाने निर्देश दिये है। उन्होने सभी जोन कमिश्नरों को प्रत्येक जोन में 100-100 बोरी रेत की व्यवस्था उनका तालाबों, नालों, नहरों के कटाव को रोकने के लिए सदूपयोग करने रखवाने के निर्देश दिये है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ मुख्यालय में तत्काल 200 बोरी रेत रखवाना सुनिश्चित करने प्रभारी कार्यपालन अभियंता श अतुल चोपड़ा मो.नं. 7694930615 को दायित्व दिया है। प्रत्येक जोन एवं बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में बाढ राहत सामग्री मोटर पंप, रस्सी, ट्यूब, टार्च, बाल्टियां, धमेला, सब्बल, कुदाल आदि की व्यवस्था जोन के द्वारा की जाये एवं बाढ़ नियंत्रण राहत शिविर भवनों, शाला भवनों में पेयजल प्रबंध व निचली बस्तियों के जल भराव वाले स्थानों में नागरिकों हेतु पानी पाउच की व्यवस्था करने का कार्य जोन कमिश्नर करें। आयुक्त ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन की व्यवस्था का दायित्व सभी जोन कमिश्नरों को दिया है एवं भोजन की व्यवस्था भी जोन कमिश्नरो के दायित्व में दी गई है। बाढ़ से प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन के लिये शाला भवनों का उपयोग किया जायेगा। सहायक अभियंता पी.डी. घृतलहरे मो. नं. 7489051529 प्रतिदिन 8 बजे एवं संध्या 6 बजे बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ मुख्यालय में उपस्थित होकर वहां की जानकारी लेंगे एवं शिविर में रहने वाले नागरिकों की सूची तैयार करके जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गये है उन्हें बाढ़ प्रभावित शिविरों में रखने की व्यवस्था करायेंगे। शिविरों में चिकित्सकों की व्यवस्था स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही करायेंगी। जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण अतिवृष्टि के पूर्व युद्ध स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रो के नालो की सफाई पूर्ण कर की गई कार्यवाही से महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे एवं आयुक्त अबिनाश मिश्रा को अवगत करायेंगे। पोर्टेबल डीजल पंप की आवश्यक मरम्मत एवं उन्हें चालू कराकर सबमर्सिबल पंपों की चालकों सहित व्यवस्था का कार्य कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव करायेंगे। पंपों व अन्य सामग्रियों को लाने ले जाने पिकअप वाहन, 2 अतिरिक्त चालकों, 4 मजदूरों की व्यवस्था कर बारिश प्रारंभ होते ही उन्हें अग्निशमन कार्यालय में मोटर कर्मशाला के सहायक अभियंता युवराज सिंह सिदार मो. नं. 7987734722 बारिश प्रारंभ होते ही उपलब्ध करवायेंगे। निरीक्षण वाहन की व्यवस्था चालक सहित सूची उपलब्ध कराने का कार्य बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ हेतु कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव करायेंगे।

## ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण महिलाओं ने सीखा घरेलू उत्पाद बनाना

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान जगदलपुर द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत आसना में किया गया, जिसका मूल्यांकन रविवार 02 जून 2024 को किया गया। इस शिविर में 21 ग्रामीण महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अचार-पापड़ एवं मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आरसेटी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से स्टेट कंट्रोलर आरसेटी अरुण सोनी और आरसेटी निदेशक हेमंत सलाम का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण के मूल्यांकन के लिए आए मूल्यांकनकर्ता अंजलि रजक एवं



शालिनी गौतम के द्वारा कौशल और सीखने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। शिविर में मोनिका निषाद ने महिलाओं को प्रत्येक प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया। आरसेटी जगदलपुर के फैकल्टी मेंबर एन. मधुसूदन, रूमा राय और कार्यालय स्टाफ दयाराम मौर्य एवं राहुल बघेल ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ये संस्थान विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिससे प्रतिभागियों को नए-नए रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। आरएसईटीआई का प्रयास है कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाए।

## लौहनगरी किरंदुल में संभाग स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में करीबन 41 वर्षों पूर्व गठित बाल संस्था बॉलीबाल क्लब के द्वारा प्रति वर्ष एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के सहयोग से संभागस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किरंदुल नगर में करवाया जाता रहा है।इसी तारतम्य में नगर के फुटबाल ग्राउंड में चार दिवसीय संभागस्तरीय वॉली बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जो कि 2 जून से 5 जून तक चलेगा।यह प्रतियोगिता दो चरणों मे कराया जा रहा है।जिसमें संभाग की कुल 24 टीमें भाग ले रही है।पहले चरण में संभाग की 16 शहरी टीमें रहेगी तथा दूसरे चरण में ग्रामीण क्षेत्रों की आठ टीमें हिस्सा ले रही है।



प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 5 जून को खेला जाएगा।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाइक थे विशिष्ट अतिथि कार्मिक प्रमुख बी के माधव,एटक के सचिव राजेद संधू, अध्यक्ष देवरायलु, इंटक के शैलेश रथ उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।उद्घाटन मैच बाल संस्था किरंदुल विरुद्ध मटेनार के मध्य खेल गया।जिसमें बाल संस्था की टीम विजयी रही।इस दौरान बाल संस्था वॉलीबॉल क्लब के सुनील ठाकुर, एंकतेश्वर राव, हरीश राय, प्रेमशंकर, चिन्ना, जी अमन उपस्थित रहे टूनार्मेंट का मंच संचालन राजनाथ ने किया ।

## मतगणना स्थल की तैयारी का ऑब्जर्वर ने किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 4 जून हेतु मतगणना स्थल आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा की तैयारियों का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक जे गणेशन ने किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने मतगणना स्थल में तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना की व्यवस्था, डाक मतपत्र के गणना की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी, साथ ही मतगणना स्थल में मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ता, मीडिया के प्रवेश की व्यवस्था से अवगत कराया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित अन्य राजस्व अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## शहर के मुख्य चौराहों पर एलईडी के माध्यम से मतगणना के परिणाम की दी जाएगी जानकारी

**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना की पल-पल की जानकारी हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी विजय दयाराम के. के निर्देश पर सिराहासार चैक, मिताली चौक एवं सिटी कोतवाली चौक मे बड़ी एलइडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। लोकसभा निर्वाचन के मतगणना मंगलवार को धरमपुरा स्थित मतगणना स्थल से होना है जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विधानसभावार इसकी गणना प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना के परिणाम को पूर्ण पारदर्शिता से मतदाताओं को दिखाने हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जगदलपुर शहर के तीन प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर एलईडी के माध्यम से ऑनलाईन मतगणना परिणाम को प्रदर्शित किया जाएगा। नगर निगम द्वारा इसके लिए सिराहासार चैक, मिताली चौक एवं सिटी कोतवाली चौक में बड़ी एलइडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है इसमें प्रातः 8 बजे से ही मतगणना के परिणाम आमजनों और मतदाताओं को उपलब्ध होते रहेंगे।

## विष्णुदेव साय सरकार में बजरंग दल के नेता सुरक्षित नहीं : तुकाराम चंद्रवंशी

■ भाजपा सरकार में बजरंग दल नेता की हत्या, प्रशासन से न्याय न मिलना शर्मनाक

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

बलरामपुर जिले में 27 मई को बजरंग दल नेता सुजीत स्वर्णकार की निर्मम हत्या मामले में प्रशासन से न्याय नहीं मिलने पर जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में उनके अपने ही संगठन के नेता सुरक्षित नहीं है तो फिर ऐसे में पूरे प्रदेश की जनता की सुरक्षा का दावा करना साय सरकार के मुंह से बेइमानी लगता है। तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया बीते 27 मई को बजरंगदल के सह संयोजक सुजीत स्वर्णकार की निर्मम हत्या पर विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि मंत्री रामविचार नेताम जैसे अनुभवी व जिम्मेदार नेता अपने दायित्व से पूरी तरह विमुख होकर एक संवेदनहीन प्रशासक की तरह इस मामले में व्यवहार कर रहे हैं इतना ही नहीं बल्कि विश्व हिंदू परिषद ने यह भी कहा कि हिंदूवादी सरकार से हिंदू संगठन इस तरह के व्यवहार की अपेक्षा नहीं कर रहा था बलरामपुर जिले में बजरंग दल के पदाधिकारी की हत्या मामले में सही आरोपियों को नहीं पकड़े जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी तक दे दी। विश्व हिंदू परिषद का आरोप है बलरामपुर पुलिस भी इस हत्याकांड पर पर्दा डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं पुलिस हत्या का



एंगल को मोड़कर सुजीत की मौत करंट लगने से बता रहे है जबकि विश्व हिंदू परिषद का दावा है कि मृतक सुजीत स्वर्णकार के शरीर में पेट और जांघ पर धारदार हथियार से वार किया गया है और उंगलिया और गर्दन तोड़ा गया है यह घटनाक्रम पुलिस के पंचनामा में उल्लेख होने का बात कहा है। विश्व हिंदू परिषद का आरोप है कि मृतक को हलाल कर अधमरा अवस्था में करंट लगाया गया तड़पा कर हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया। चंद्रवंशी ने कहा कृषि मंत्री रामविचार नेताम के गृह जिला में बजरंग दल की नेता की हत्या बेहद शर्मनाक है और उसे पर पुलिस का यह दोहरा रवैया भी कई प्रश्नों को जन्म देता है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है आखिरकार यह सब हत्या को छुपाने का प्रयास है या फिर भाजपा के बड़े नेता के इशारे पर जंगल में तरंगित तार बिछाने वाले 3 लोगो की गिरफ्तारी खाना पूर्ति है और हत्यारों को बचाने का यह सोची समझी साजिश है अब देखना लाजमी है कि आखिर कब तक इस मामले सीबीआई जांच कर मृतक के परिजनों को सरकार से न्याय मिलेगा और दोषियों पर कब तक कार्रवाई होगी।

**हत्या, आईईडी प्लांट करने, रोड काटने, एवं पाम्पलेट-बैनर लगाने की घटना में थे शामिल**

## अलग-अलग कार्यवाही में 12 माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना जांगला एवं कुटरू की संयुक्त कार्यवाही में बेंचरम एवं बड़ेतुंगाली से 06 माओवादी एवं थाना मिरतुर के द्वारा केतुलनार एवं एड़समेटा के मध्य नाला के पास से 03 माओवादी एवं 03 विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादी लम्बे समय से मओवादी संगठन में सक्रिय होकर कार्यरत है। बोटी माड़वी पिता नन्दों माड़वी उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी मावलीपारा बेंचरम थाना जांगला, पदनाम जनताना सरकार अध्यक्ष, बेंचरम, ईनाम 1.00 लाख, वर्ष 2012 से सक्रिय, बदरू वाचम पिता पाण्डू वाचम उम्र 40 वर्ष जाति



मुरिया निवासी मावलीपारा बेंचरम थाना जांगला, पदनाम जनताना सरकार उपाध्यक्ष, बेंचरम, वर्ष 2015 से सक्रिय। मुन्ना राम पोड़ियामी पिता पायको पोड़ियामी उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी डोंगरपारा जैगुर थाना जांगला, पदनाम मिलिशिया सदस्य, ईनाम पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर की ओर से गिरफ्तारी के लिये 20.00 हजार ईनाम उद्घोषित, (दरभा छसबल कैम्प में पदस्थ सीसी की हत्या में शामिल था), वर्ष 2015 से सक्रिय। पोदिया मुड़ामी पिता सन्नू मुड़ामी उम्र 30 वर्ष निवासी डोंगरीपारा बेंचरम थाना जांगला, पदनाम मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2005 से सक्रिय। रामलू उरसा पिता आयतू उरसा उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया पटेलपारा बड़े तुंगाली थाना जांगला, पदनाम मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2022 से सक्रिय। बिज्जा उरसा पिता मासा उरसा उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी पटेलपारा थाना जांगला जिला बीजापुर, पदनाम मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2023 से सक्रिय। सतीश मरकाम पिता सोमलू मरकाम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी जप्पेमरका थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम पोमरा आरपीसी सीएनएम सदस्य वर्ष 2018 से सक्रिय। शांति पोटाम पिता सुक्कु पोटाम उम्र 20 वर्ष निवासी पेरमापारा पुसनार थाना गंगालूर, जिला बीजापुर, पदनाम गंगालूर एरिया कमेटी पीएलजीए सदस्या, वर्ष 2013 से सक्रिय। रीना ओयाम पिता लखमू ओयाम उम्र 20 वर्ष निवासी स्कूलपारा पेददाजोजेर थाना गंगालूर, जिला बीजापुर, गंगालूर एरिया कमेटी पार्टी सदस्या, वर्ष 2015 से सक्रिय, वही तीन नबालिक भी पकड़ा गए। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान में थाना जांगला एवं कुटरू की संयुक्त कार्यवाही में दरभा छसबल कैम्प के कंपनी कमाण्डर की हत्या एवं बेंचरम स्थित जिओ टावर में आगजनी की घटना में शामिल फरार 04 माओवादियों को पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादी में मुन्ना राम पोड़ियामी दरभा छसबल कैम्प के सीसी की हत्या में शामिल था जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर के द्वारा 20.00 हजार का ईनाम उद्घोषित है। सर्चिंग एवं सड़क निर्माण कार्य मे सुरक्षा व्यवस्था में निकली पार्टी के द्वारा बड़े तुंगाली के जंगल से विस्फोटक सहित 02 मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा गया। थाना मिरतुर का बल फुलादी, एड़समेटा, जप्पेमरका की ओर निकले थे। सर्चिंग के दौरान अभियान दल के द्वारा एड़समेटा-केतुलनार के मध्य नाला के पास जंगल झाड़ी मे लुकते छिपते 03 माओवादी एवं 03 विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ा गया नजर आये जिन्हे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। उक्त के कब्जे से शासन विरोधी नारे, बहिष्कार, अन्य जन विरोधी नारों, बंद के आह्वान के पाम्पलेट एवं बैनर बरामद किया गया।

## मतगणना कार्य के लिए गणना कर्मियों का किया गया रेंडमाईजेशन



पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य हेतु प्रेक्षक जे गणेशन की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए गणना कर्मियों का रेंडमाईजेशन किया गया। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में रेंडमाईजेशन की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, एआर राणा एवं सुब्रत प्रधान और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहर में बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने चेम्बर्स ऑफ कामर्स ने एसपी से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

छग चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष महेश जसूजा के नेतृत्व में व्यापारियो व अग्रवाल समाज के पदाधिकारियो व सदस्यो ने पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय से मुलाकात कर शहर में बढते अपराधो को लेकर चर्चा कर उन पर रोक लगाने की मांग।



पुलिस अधीक्षक को सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया है कि विगत कुछ दिनों से धमतरी की शांत हवा को खराब करने अप्रिय एवं असमाजिक तत्व हावी हो रहे हैं, जिससे आये दिन चोरी, मारपिट एवं अप्रकृतिक घटनाओं की बाढ सी आ गई हैं। जैसे शहर के बीचो बीच गोलबजार मे लेन्टर तोड़ कर चोरी हुई उसके बाद मैत्री बिहार एवं शांति कॉलोनी जैसी व्यस्त कॉलोनी में चोरीयाँ हुई। छग चेम्बर ऑफ कॉर्मस एण्ड इंडस्ट्रीज के सदस्य नरेश अग्रवाल के यहां चोरी हुई। इन पर रोक लगाई जाये। वहीं छग चेम्बर आफ कामर्स ने कहा है कि इस विकट समय में शहर के सभी व्यापारी पुलिस का सहयोग करेंगे। इसके लिए कुछ सुझाव दे रहे है। चोरी की घटनाएँ हमेशा सुनसान होने पर ही होती हैं, कुछ डेलीनेट्स एवं बर्फ के गोले के दुकान एवं पान दुकान देर तक खुली रखें ताकि दुकानदार अपने 25 मी दाये एवं 25 मी बायें कुल मीलाकर 50 मी, प्रशासन को अपने स्टाफ में रात 12 बजे तक सुरक्षा की फिक करने की जरूरत नही पड़ेगी, रात 12 बजे से ले कर सुबह 4:30 बजे तक ही वारदात होने के चांस होने के कारण 12 बजे से 4:30 बजे तक ही प्रशासन को शहर के सुनसान एरीया तथा कॉलोनियों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए भ्रमण करना होगा क्योकि शाहर के बीच में छोटे दुकानदार एवं पान ठेले वाले शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सम्भाल लेंगें एवं पिछले कुछ दिनों से धमतरी जिले में नशे का चलन बहुत बढा हैं जिसमें मुख्य रूप से सुखे नशे का प्रयोग बहुत बढ़ा हैं। जिसके लिए मकाई तलाब, रामबाग विध्यवासिनी मंदिर एवं आमातलाब के पास इंडोर स्टेडियम से आस.पास के एरिया में नशे का व्यपार बहुत बढ रहा हैं। इसी नशे के चलन के कारण चाकू बाजी एवं लूट की घटनाएं बड़ रही हैं। छग चेम्बर ऑफ कॉर्मस एण्ड इंडस्ट्रीज के द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार कर त्वरित निर्णय ले एवं शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें। विगत कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं के अपराधियों को पकडकर सख्त सजा दी जावें उन्हे समझाईश देकर ना छोड़ा जायें इससे उनके हौसले और भी बुलंद हो रहे है। ज्ञापन सौंपने वालो में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा, उपाध्यक्ष सलज , अग्रवाल समाज धमतरी अग्रवाल, मीडिया प्रभारी रवि मुंजवानी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनसुख अग्रवाल, समाज के सदस्य बिहारीलाल, दयाराम, पवन अग्रवाल, सुरेश गोयल, विजय कछ्ल, सलज अग्रवाल,नरेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# सरपलस वाले राज्य में बिजली कटौती होना दुर्भाग्यजनक : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटोंती की निंदा करते हुये कहा की पूरे पाँच साल हमारे प्रदेश में बिजली की कमी नहीं पायी गई लेकिन आज जब से भाजपा की सरकार सत्तासीन हुई है हमारे सरपल्स वाले प्रदेश में लगातार बिजली की कटौती होना बहुत दुर्भाग्यजनक और घोर निंदनीय है, शहर और गाँवो में लगातार बिजली कटौती के साथ ही साथ अब बिजली उपभोक्ताओं के सर पर बिल बढ़ोतरी का तुगलकी फैसला हिटलरशाही सरकार की याद ताजा कर रही है जानता जनार्दन भय से भयभीत नहीं भाजपा सरकार की माँहगाई से भयभीत होते जा रही है। भाजपा सरकार का यह कृत्य जनसामान्य के जीवन यापन को प्रभावित करने वाला कृत्य होगा, भाजपा सरकार के अदूर्शितापूर्ण निर्णय के कारण प्रदेश को करोड़ों रुपये के कर्ज में डूबा दिया है, जिसका ख़ामियाज़ा प्रदेश की जनता जनार्दन धीरे धीरे भुगतने को तैयार रहे बिजली बिल में बढ़ोतरी तो अभी शुरुआत है भाजपा सरकार की गारंटी की। सुशील शर्मा ने आगे कहा की भाजपा सरकार ने बिजली



बिल में बढ़ौतरी कर जनसामान्य के साथ किसानो और व्यापारियों के ऊपर भी अत्याचार करना प्रारंभ कर दिया है। इस बढ़ौतरी के साथ ऐसा कोई दिन नहीं होता जब बिजली की कटौती नहीं की जाती लगातार बिजली कटौती की समस्या शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बनी रहती है, बिजली कटौती की समस्याओं को तत्काल निदान करने विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ध्यान देवे अन्यथा कॉंग्रेस पार्टी धरणा, प्रदर्शन और आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। समय रहते विद्युत विभाग अपनी कमियों को सुधार लें अन्यथा जनहित में कॉंग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उठाये गये उग्र कदम की संपूर्ण जवाबदारी विद्युत विभाग की होगी।

# गणना पर्यवेक्षक की उपस्थिति में मतगणना कर्मचारियों का किया गया द्वितीय रेण्डमाइजेशन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत हुए मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई है। आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान एवं गणना पर्यवेक्षक अविनाश जे की मौजूदगी में मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का दूसरा रेण्डमाइजेशन पूरा हुआ। जिसमें अधिकारी कर्मचारियों को विधानसभा का एलॉटमेंट किया गया है। दो विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 14-14 टेबल एवं विधानसभा क्षेत्र कसडोल के लिए 21 टेबल लगाए गए है जिसमें मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर शामिल है। तीसरा रेण्डमाईजेशन के बाद कार्मिकों को गणना टेबल आबंटित होगी। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन में 120 प्रतिशत कार्मिकों को लेकर आवश्यक कार्मिकों का चयन किया था। द्वितीय रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से इन कार्मिकों को आज विधानसभा एलॉट किया गया इसके साथ ही मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी तरह दुरुस्त हैं। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र अग्रवाल, अमित गुप्ता, नितिन तिवारी, एनआईसी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एस एन प्रधान, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी प्रोग्रामर ओंकार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## दामिनी एप्प से मिलेगी आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान

**बलौदाबाजार।** आकाशीय बिजली घटित होने के कारण जन एवं पशु हानि की घटनाओं से निपटने हेतु भारत सरकार द्वारा दामिनी एप्प विकसित की गई है। इस एप्प से आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान (20 से 31 किलोमीटर का दायरा), आवश्यक तैयारी एवं उपाय की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसी प्रकार मेघदूत एप्प तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा से सम्बंधित है, जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दोनों एप्प को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्रॉइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। कलेक्टर के. एल. चौहान ने दामिनी एप्प एवं मेघदूत एप्प के उपयोग के सम्बंध में जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में निवासरत पटवारी, शासकीय शिक्षक एवं पंचायत सचिव के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार- प्रसार कराने के साथ ही कोटवार द्वारा मुनादी करवाने तथा एप्प डाउनलोड करवाने के निर्देश दिए हैं।




# लापता प्राची साहू के विषय में गृह मंत्री से मिले उमेश साहू



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरूद विकासखंड के दर्रा निवासी प्राची साहू जो अभनपुर ग्रेसियस कॉलेज में पढ़ाई करते हुए लापता हुई है जिसकी शिकायत एक माह पूर्व परिजनों ने थाना अभनपुर में की है। परंतु आज पर्यंत तक प्राची साहू कहां है पुलिस नहीं बता पा रही है। इस बात की खबर प्रदेश साहू समाज और सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू को लगते ही समाज के सभी पदाधिकारीयो के साथ उनके परिवार से मिलने गए और परिवार से मिलकर अभनपुर विधायक के साथ सर्व समाज के लोग भी अभनपुर थाने में जाकर 7 दोनों का अल्टीमेटम दिया। उमेश साहू सांसद प्रतिनिधि के द्वारा इस विषय को लेकर गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर अवगत कराया गया साथ में हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक राम बिहारी मिश्रा के साथ अश्वनी साहू, डॉक्टर मोहित साहू,वीरेंद्र सिंह,दिलीप साहू, प्रमोद तिवारी के साथ प्राची साहू के परिजन भी उपस्थित होकर जल्द से जल्द प्राची साहू को खोज कर लाने की बात कहे। गृह मंत्री ने फोन पर अधिकारियों से बातचीत करके जल्द से जल्द इस प्रकरण को सुलझाने की बात कहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने डीडी नगर पासपोर्ट ऑफिस के पास सफाई करवाकर जनशिकायत का त्वरित निदान किया



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर में प्राप्त सफाई से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा ने तत्काल 6 सफाई कामगारों का गैंग भेजकर डीडी नगर क्षेत्र में पासपोर्ट ऑफिस के पास विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा उठवाकर स्वच्छता कायम करते हुए प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पानी बचाओं-जीवन बचाओं अभियान चलाकर लोगो को किया जा रहा जागरूक



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला धमतरी में कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जल जगार महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके तहत जल का बचत संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक जल ही जीवन है के माध्यम से लोगों को पानी की बचत अधिकार संरक्षण एवं संवर्धन वह पानी के सदुपयोग के विभिन्न प्रसंगों को नाटकीय ढंग से रोचकता लाते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक को खरतुली,पोटियाडीह, परसतराई, नवागांव और लोहरसी आदि गांव के गली चौराहे में किया जा रहा है जिसमें राहुल गुप्ता, नामेश्वर कुमार, भोजराज साहू ,कुलेश्वर, युवराज ,आर्यन, भूपेंद्र देवांगन ,वैष्णवी साहू ,चंद्र प्रकाश साहू, सोहनलाल साहू, राघव यादव और केशव निषाद उत्साह पूर्वक नाट्य प्रदर्शन में अपना योगदान दे रहे हैं।

## नियमित दवाइयां मिलने से टी.बी. के मरीजों को मिल रही टी.बी. से निजात

**रायपुर।** नई दिल्ली के सेंट्रल टी.बी. डिवीजन के द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्य म चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत टी.बी. के मरीजों को उपचार हेतु दवाईयों की आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों को एक से डेढ़ माह के लिए दवाईयों की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की गई है। जिलों से मांग अनुसार दवाइयाँ राज्य ड्रग स्टोर से आपूर्ति की जा रही है। शीघ्र ही सेन्ट्रल टी.बी. डिवीजन से दवाईयों का नया स्टॉक भी प्राप्त हो जावेगा। सेन्ट्रल टी.बी. डिवीजन द्वारा राज्य व जिलों के अधिकारियों के मदद के लिए हेल्पडेस्क बनाया गया है, जिस पर जारी हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल कर दवा से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या पूछताछ प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त टी.बी. मरीज या आम नागरिकों को दवा या उपचार से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई जानकारी लेनी हो तो निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते है।

## पुलिस ने चलाया सियान बैठका कार्यक्रम

# सर्वधर्म, वर्ग आदर भाव, धार्मिक, पूजनीय स्थल एवं आस्था के प्रतीक चिन्हों का सुरक्षा एवं सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार-भाटापारा
www.dailypioneer.com

वर्तमान समय में असमाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न स्थानों में धार्मिक आस्था के प्रतीक चिन्ह, मंदिर एवं मूर्तियों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ रही है। इन घटनाओं को रोकने एवं ऐसे आपराधिक तत्वों की पहचान करने में आमजनों का भी योगदान अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह सभी आस्था के केंद्र सभी ग्रामों में स्थित होने के सांथ-सांथ ग्राम के आस्था का केंद्र बिंदु है। इन घटनाओं को रोकने एवं ग्रामों में सर्वधर्म वर्ग सम्मान एवं सांप्रदायिक सद्भाव का माहौल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में, समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा क्षेत्र अंतर्गत सियान बैठका कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस बल द्वारा थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्रामवासियों, वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधि, विशेषकर युवा वर्ग के साथ बैठकर आस्था के प्रतीकों का सम्मान एवं उनकी सुरक्षा के संबंध में आवश्यक समझाइश देते हुए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा ग्रामों में बैठक का आयोजन कर समझाइस देते हुए बताय जा रहा है कि विभिन्न धार्मिक ग्रंथों, धार्मिक गुरूजनों एवं महापुरुषों के अनुसार सर्वधर्म का सम्मान एक सभ्य समाज की पहचान है। हम किसी को सम्मान देते हैं तो उसके बदले में हमें भी सम्मान मिलता है। किसी भी धर्म अथवा वर्ग के आस्था के प्रतीक का अपमान, सभ्य समाज की निशानी नहीं है, ऐसा करके हम स्वयं, अपने धर्म एवं वर्ग को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही ग्राम में स्थित धार्मिक मंदिर, मूर्तियों एवं आस्था के प्रतीक चिन्हों की सुरक्षा एवं उनका रखरखाव सर्वप्रथम हम ग्रामवासियों की ही जिम्मेदारी है, क्योंकि यह सभी धार्मिक एवं पूजनीय स्थल हमारे ग्राम के बीच एवं हमारे नजरों के सामने ही है। यदि हम इनमें आस्था रखते हैं, इनका पूजन करते हैं, तो उनका रखरखाव एवं सुरक्षा करना भी हमारा परम कर्तव्य है। विभिन्न ग्रामों में विशेषकर युवा वर्गों को ग्राम में स्थित सभी धर्म एवं वर्गों के धार्मिक मंदिरों, आस्था के प्रतीक चिन्हों के प्रति आदर भाव रखना एवं उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने हेतु समझाइस दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें मुख्य रूप से बताया जा रहा है, कि ऐसा कोई भी कार्य ना करें, जिससे आपका भविष्य बर्बाद हो जाय, अपने उज्जवल भविष्य, सर्वधर्म एवं वर्ग विशेष की आस्था के प्रति किसी भी प्रकार का खिलवाड़ ना करें। ग्राम में शांति एवं भाईचारा बनाए रखना युवा वर्ग के ही हाथ में है, क्या आज का युवा वर्ग इतना कमजोर हो गया है कि किसी के भी भड़कावे मे आकर या एक सोशल मीडिया के पोस्ट के झांसे में आकर किसी भी अन्य धर्म अथवा वर्ग का अपमान कर सकता है। इन बातों को अमल में लाकर ग्राम के युवा वर्गों को संयमित व्यवहार कर ग्राम, समाज, अपने धर्म एवं वर्ग के प्रति आदर भाव रख अपनी जिम्मेदारियों का भली भांति निर्वहन करने हेतु समझाइस दिया जा रहा है। जिले में सियान बैठका जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी है।



# जिला मुख्यालय सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य चौक चौराहों पर एलईडी के माध्यम से दी जाएगी मतगणना परिणाम की लाइव जानकारी

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना की पल-पल की जानकारी हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के निर्देश पर जिला मुख्यालय सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य चौक चौराहों में एलइडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत जिला मुख्यालय में अंबेडकर चौक एवं नगर भवन, भाटापारा नगर सिटी सेंटर मॉल, सिमगा सभा-कक्ष,कार्यालय नगर पंचायत, कसडोल नगर में मंच बजरंग चौक एवं नगर भवन हाल में, पलारी नगर में कार्यालय नगर पंचायत भवन एवं बस स्टैंड के नजदीक, लवन में नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। लोकसभा निर्वाचन के मतगणना मंगलवार को नवीन मंडी परिसर स्थित मतगणना स्थल से होना है जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विधानसभावार इसकी गणना प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना के परिणाम को पूर्ण पारदर्शिता से मतदाताओं को दिखाने हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह व्यवस्था की गई है। जिसमें एलईडी के माध्यम से ऑनलाईन मतगणना परिणाम को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें प्रातः 8 बजे से ही मतगणना के परिणाम आमजनों और मतदाताओं को उपलब्ध होते रहेंगे।

# युवक ने चरित्र शंका के कारण अपनी पत्नी के कुल्हाड़ी से काटे पैर, फिर उड़ाई गर्दन

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के केल्हारी थाना क्षेत्र में एक युवक ने चरित्र शंका के कारण अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से टुकड़ों में काट डाला। वहशी पति ने पहले जिंदा पत्नी के काटे पैर, फिर गर्दन पर कुल्हाड़ी चला कर उसे मौत के घाट उतार दिया. मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के सोकोबहरा गांव में महिला की टांगी मारकर हत्या कर दी गई.जिस महिला की हत्या हुई है उसका पति मौके से फरार है। लिहाजा पुलिस को अंदेशा है कि आरोपी पति ही है। जिसने अपनी पत्नी की हत्या की है। हत्या से पहले आरोपी ने पत्नी के साथ निर्मम बर्ताव किया.जिसे देखकर किसी का भी कलेजा कांप उठेगा. पहले जिंदा पत्नी के काटे पैर, फिर गर्दन उड़ाई। पड़ोसियों से जानकारी लेने के बाद पुलिस को पता चला कि आरोपी पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था. अक्सर दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद होता था। रविवार रात एक बजे भी इसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ.विवाद बढ़ने के बाद पत्नी ने सोचा कि अपने पति से दूर चला जाए। लेकिन जैसे ही पत्नी ने अपने पांव घर से बाहर रखे,पति ने टांगी से उसके दोनों पैर काट दिए.आरोपी पति यही नहीं रुका, उसने पत्नी के गर्दन को टांगी के एक वार से उड़ा दिया।

**कौन है आरोपी ?:** घटना केल्हारी थानाक्षेत्र की है. जहां सोकोबरा गांव में बीती रात मानसिंह उर्फ बंटी का पत्नी चंद्रावती के साथ विवाद हुआ था। इस विवाद के अंजाम से बेखबर चंद्रावती अपने पति से विवाद करती रही. मानसिंह को शक था कि उसकी पत्नी का किसी और के साथ भी संबंध है.इस बात से चंद्रावती हर बार इनकार करती रही। लेकिन घटना वाली रात जब चंद्रावती ने पति से तंग आकर घर छोड़कर जाने का मन बनाया तो वो उसकी आखिरी रात बन गई.पति मानसिंह ने गुस्से में हैवान बन गया। इसके बाद पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। इस विवाद के बीच बचाव में परिवार के दूसरे लोग भी नहीं आए। चंद्रावती की मौत की सूचना उसके ससुर ने केल्हारी थाने में दी. सूचना पर केल्हारी पुलिस मौके पर पहुंची. मनेंद्रगढ़ एसडीओपी ए.टोप्पो ने बताया कि सुबह सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी. शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी पति की पतासाजी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.लेकिन जिस तरह से इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है, शायद ही परिवार ने किसी ने इसकी कल्पना की होगी। परिवार के दूसरे लोग यदि मानसिंह को समझाते तो शायद इतनी बड़ी अनहोनी नहीं होती।

> "प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण पत्नी के चरित्र को लेकर पति द्वारा शंका करना बताया गया है, पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।"
>
> **- ए टोप्पो, एसडीओपी**

# प्रेक्षक दिलीप तिर्की एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मतगणना किया कक्ष का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





लोकसभा निर्वाचन 2024 आम चुनाव अन्तर्गत 04 जून को होने वाले मतगणना से एक दिन पूर्व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षक दिलीप तिर्की एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले के दोनां विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये गये मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए विधानसभावार संलग्न कर्मचारियों को निर्धारित समय पर मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति देकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से प्राप्त मतों से प्राप्त परिणामों की गिनती तथा टेबलवार निर्धारित प्रपत्रों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अर्पिता पाठक, हितेश पिस्दा सहित अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रेक्षक ने मतगणना टेबल में उपलब्ध सभी प्रपत्रों को पूर्ण करने एवं सभी प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरने के निर्देश दिए। ईव्हीएम लाने-ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक सावधानीपूर्वक जाने के निर्देश दिए गए। मौके पर संलग्न पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा ने बताया कि जिले में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतगणना की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# जलग्रहण समिति सढौली में पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस 2024 को भूमि पुनरुद्धार की थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत गरियाबंद विकासखंड में संचालित परियोजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत संचालित ग्रामो में उप संचालक कृषि चंदन कुमार राय एवं सहायक संचालक सह परियोजना अधिकारी एनजी डब्लूडीपी महेश कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में जलग्रहण समिति सढौली में पर्यावरण संरक्षण, भूमि संरक्षण, जल संरक्षण व पौधरोपण के प्रति लोगो को जागरूक करने हेतु दीवार लेखन व रैली निकाली गयी। जिसमें वाटरशेड के सभी अधिकारी कर्मचारी, गांव के जागरूक महिलाओ, बुजुर्ग, उपसरंपंच छबिराम ध्रुव, पंचायत सचिव लोकसिंग यादव का विशेष सहयोग रहा।

# मतगणना स्थल की तैयारी का ऑब्जर्वर ने किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 4 जून हेतु मतगणना स्थल शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई में तैयारियों का निरीक्षण मतगणना प्रेक्षक अनिता वर्मा सिंह, के नरसिम्हा मुर्थि एवं भगवान शरण ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतगणना स्थल में छः विधानसभा क्षेत्र के मतगणना की व्यवस्था, डाक मतपत्र के गणना की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी, साथ ही मतगणना स्थल में मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ता, मीडिया के प्रवेश की व्यवस्था से अवगत कराया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन सभी एआरओ सहित राजस्व एवं पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# शनि जयंती पर मंदिरों में की व्यापक तैयारियां

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



ज्योतिषीय गणना के अनुसार, आगामी 06 जून को शनि जयंती है।पर्व के मद्देनज़र जिले के शनि मंदिरों में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं. मुख्य रूप से जेल बिल्डिंग के पास विशेष उत्सव का आयोजन किया जायेगा. उल्लेखित है कि यह पर्व हर वर्ष ज्येष्ठ अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस दिन न्याय के देवता शनिदेव की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य प्रताप से साधक के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख और संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही शनिदेव की विशेष कृपा साधक पर बरसती है। शनिदेव की कृपा से रंक भी राजा बन जाता है। वर्तमान समय में मकर, कुंभ और मीन राशि के जातक साढ़े साती से पीड़ित हैं। ज्योतिष में शनि जयंती पर विशेष उपाय करने का भी विधान है। इन उपायों को करने से शनि की साढ़े साती से मुक्ति मिलती है. शनि जयंती के अवसर पर चैनपुर स्थित जेल परिसर के नजदीक बने शिव मंदिर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. निर्धारित कार्यक्रम के तहत 06जून गुरुवार को शनि जयंती के अवसर पर प्रातः 09:00बजे से मंदिर में पूजा -अर्चना शुरू होगी, जिसमें क्षेत्र के धर्मानुरागी जन शामिल होंगे. इसके उपरांत सायं 07:00बजे से जेल बिल्डिंग के पास भंडारा प्रसाद का वितरण शुरू होगा. आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त धर्म अनुरागी जनों से उपरोक्त आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है.

# एमसीबी जिले के लिए मतगणना ऑब्जर्वर नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा अंतर्गत विधानसभा 01 भरतपुर-सोनहत एवं 02 मनेन्द्रगढ़ के मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस ) को जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लिए मतगणना ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। ऑब्जर्वर के निगरानी में मतगणना का कार्य 04 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।

# चौक चौराहों में एलईडी से होगा परिणाम का प्रसारण

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 4 जून को जिला मुख्यालय बिलासपुर के प्रमुख चौक चौराहों से एलईडी टीवी के जरिए लोकसभा चुनाव परिणामों की चक्रवार घोषणा की जायेगी। शहर के प्रमुख पांच स्थलों पर एलईडी के जरिए प्रसारण की तैयारी की गई है। इनमें नेहरू चौक, इंदु चौक, अग्रसेन चौक, महामाया चौक और गुरु नानक चौक शामिल हैं। चक्रवार सभी प्रत्याशियों को मिले मत और बढ़त की जानकारी दी जायेगी। कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 4 जून को मतगणना होगी। सवेरे 8 बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा। कोनी से ही एलईडी को लिंक कर प्रसारण किया जाएगा। मतगणना स्थल कोनी में आधिकारिक घोषणा के साथ ही शहर के नागरिक भी त्वरित रूप से परिणाम देख सुन पायेंगे।

# प्रत्युषा पुरोहित ने पशुपति महोत्सव नेपाल 2024 में सीनियर कैटेगरी कथक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया





**रायपुर।** शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मधुसुदन पुरोहित की पौत्री कुमारी प्रत्युषा पुरोहित पुत्री श्रीकांत मधुलिका पुरोहित ने कंचन कोसी पशुपति महोत्सव नेपाल 2024 (अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव) में सीनियर कैटेगरी कथक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे शहर का गौरव बढाया है। यह प्रतियोगिता नृत्युधम कलासमिति भिलाई और एआईडीए के सहयोग से काठमांडू नेपाल में 25.05.2024 को आयोजित की गई। प्रत्युषा शहर के कृष्णा पब्लिक स्कूल की छात्रा और नृत्यांजली डांस अकादमी रायपुर के संचालक कमलेश कुमार मरकाम (विक्की) की शिष्या है। पूरा परिवार इनका आभारी है।

# कारगर साबित होगा गौवंश अभ्यारण्य : सुमित अग्रवाल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के गौठानों को गौवंश अभ्यारण्य में बदलने का निर्णय लिया है। इस पर बसना नगर पंचायत उपाध्यक्ष व भाजपा युवा नेता सुमित अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए गौ माता की सुरक्षा और संरक्षण संवर्धन के लिए उक्त योजना को ऐतिहासिक बताया है। सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के भाजपा सरकार गौवंश संरक्षण की दिशा में गौवंश अभ्यारण्य योजना ला रही है। इसमें युवाओं, महिलाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही इस योजना से एक पंथ दो काज वाली कहावत सिद्ध होगी। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गोवर्धन योजना विशुद्ध रूप से गौमाता की सेवा करने के लिए यह योजना लाई जा रही और जिसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे। पिछले कांग्रेस की सरकार ने गांव गांव गौठान तो बनाए लेकिन उनका संरक्षण संवर्धन नहीं किया। जिसके कारण गौवंश गौठानों को छोड़कर सड़कों पर घुमती रही। कांग्रेस सरकार की गौठान योजना पुरी तरह फ्लॉप रही।

# मतगणना 4 जून को, प्रतिबंधात्मक आदेश जारी, मतगणना स्थल शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई के 300 मीटर की परिधि पर प्रभावशील रहेगा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




भारत निर्वाचन आयोग नईदिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना का कार्य 04 जून 2024 को संपन्न होगा। जिले में लोक शांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु मतगणना केन्द्र शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग के 300 मीटर की परिधि तक अवैधानिक कृत्य प्रतिबंधित रहेगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग में 07 मई 2024 को मतदान संपन्न हो चुका है। 4 जून को मतगणना का कार्य शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई के भवन में प्रातः 8:00 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार जिले के अंतर्गत मतगणना केन्द्र शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई के 300 मीटर की परिधि पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, रायफल, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर मतगणना स्थल पर नही जाएगा। कोई भी राजनीतिक दल या या अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता सशस्त्र जुलूस नही निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा, न ही चस्पा करेगा। जिले के अंदर मतगणना केन्द्र के आस-पास कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह व व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। प्रकरणों के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए इस आदेश के संबंध में संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई सम्यक रूप से संभव नहीं हैं।

**बलरामपुर में हुई रहस्यमय दोहरी हत्याकांड का मामला**

# छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री ने गृह मंत्री के समक्ष एसआईटी जांच के लिए लगाई अर्जी

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com





बलरामपुर में हुए सुजीत स्वर्णकार एवं किरण काशी के रहस्यमय मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच हेतु एक एस.आई.टी का गठन करने लिए आज प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा है। नेताम ने प्रेषित पत्र में कहा है कि सुजीत स्वर्णकार एवं किरण काशी की 26 एवं 27 मई रात्रि को रहस्यमय मृत्यु हुई है। जिसकी स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर जांच-पड़ताल की जा रही है, इस मामले में कुछ संदिग्ध लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। इसके विपरीत जन-भावनाओं एवं मृतक के परिजनों के आकांक्षाओं के अनुरूप उक्त मामलों की निष्पक्ष उच्च-स्तरीय जांच किया जाना आवश्यक प्रतीत होने की बात कही है। वही नेताम ने आगे कहा है कि ग्राम डूमरखी थाना बलरामपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज में घटित घटना के संबंध में विभिन्न सूचनाओं की पृष्ठ भूमि में घटना की विशिष्ट जांच हेतु एक स्वतंत्र जांच दल (एस.आई.टी.) गठित किये जाने की आवश्यकता है, जो 7 दिवस के भीतर घटना स्थल का भ्रमण कर विभिन्न जांच-पड़ताल के पश्चात् विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। इस अपेक्षा के साथ निम्न सदस्यों को स्वतंत्र जांच दल के लिये सम्मिलित किये जाने का अनुरोध किया गया है, जिसमें सहायक पुलिस महानिरीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ विवेचक (पुरस्कार प्राप्त) एक विवेचक अनुभवी प्रधान आरक्षक एवं दो आरक्षक के साथ, उक्त प्रकरण की विशिष्ठता एवं संवेदनशीलता के दृष्णित सामानांतर स्वतंत्र वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु डॉ. सुनंदा ढेंगे, प्रख्यात फोरेंसिक/साइंटिफिक एक्सपर्ट को शामिल किया जाना आवश्यक है। इस हेतु अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का अनुरोध मंत्री नेताम ने किया है।

**विहीप एवं बजरंग दल के लोगों पर अपराध दर्ज़**-इधर बलरामपुर पुलिस थाना के नरेंद्र कुमार त्रिपाठी आई इंस्पेक्टर ने मामला दर्ज करते हुए अपने रिपोर्ट में लिखा है कि 27 मई 2024 को डुमरखी जंगल में मिले दो व्यक्तियों के शव जिसमें से एक शव की पहचान बजरंग दल के स्थानीय नेता सुजीत स्वर्णकार पिता नन्दलाल सोनी,जाति सोनार,उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 01 बलरामपुर के रूप में पहचान की गई जिस पर बजरंग दल के सदस्यों द्वारा दिनांक 30 मई 2024 दोपहर में शहर बलरामपुर के मुख्य तिराहा चांदो चौक में दोपहर करीब 12.00 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें जस्सु उर्फ सारांश केशरी निवासी रामानुजगंज, ललन कुशवाहा, निवासी जामवन्तपुर, सुजीत जिला संयोजक बजरंग दल सूरजपुर, अभिषेक मिश्रा बलरामपुर, सोनु यादव निवासी बलरामपुर सहित अन्य करीब 08 से 10 लोग की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुये थे। बगैर अनुमति तथा पूर्व सूचना के चांदो चौक बलरामपुर में टेंट लगाकर लाउड स्पीकर पर नारे बाजी करते हुए धरना पर बैठ गये। उग्र धरना प्रदर्शन करते हुए सड़को पर टायर जला कर व्यवधान पैदा किये जिससे शहर के मुख्य सड़क मार्ग करीब 06 घंटे तक आमजनों के आवागमन को अवरूद्ध रहने के कारण तिराहे के तीनों तरफके मार्ग में बस यात्री सहित अन्य छोटे-बड़े वाहनो का जाम कई घंटो तक लगा रहा जाम में फंसे व्यक्तियों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ा। आरोपीगण के विरूद्ध धारा 341,147 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**विश्व हिन्दू परिषद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**-बलरामपुर में हुए दोहरे हत्याकांड मामले में विश्व हिन्दू परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कर हत्याकांड में शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने आरोप लगाया है कि पुलिस मामले में लीपापोती में लगी हुई है। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गुप्ता ने कहा है कि बलरामपुर में बजरंग दल के सह-संयोजक सुजीत स्वर्णकार और युवती किरण काशी की हत्या की गई है। मृतक के शरीर व पेट और जांघ में धारदार हथियार से वार किया गया था। उसकी उंगलियां टूटी हुई थीं और गर्दन भी तोड़ी गई थी। उसे अधमरा करने के बाद बिजली का करंट लगाकर मारा गया और शव को जंगल में ले जाकर फेंक दिया था। सुजीत के साथ जिस किरन की हत्या की गई है, उसकी बहन को एक गो तस्कर का रात में एक बजे फोन आया था, जिससे षड़यंत्र की पुष्टि होती है। सुजीत की हत्या हिन्दू रक्षकों को हतोत्साहित करने का प्रयास है। व्ही पुलिस ने दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर बड़की महरी के तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों ने जंगली सूअर के शिकार के लिए तार बिछाया था, जिसकी चपेट में आने से युक्क और युवती की मौत हो गई थी। परिवार व बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद का कहना है कि पुलिस फर्जी कहानी बता रही है। बलरामपुर के सुजीत स्वर्णकार और युक्ती किरण काशी की हत्या की गई थी। दोनों का एक ही जगह डुमरखी जंगल में शव मिला था। इस पर खूब हंगामा हुआ। नगर बंद चक्काजाम के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुई। और क्षेत्र के विधायक रामविचार नेताम का पुतला फूंका।

## संपादकीय

# जल संकट सरकार की जिम्मेदारी

**जल संकट** से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने पानी की बरबादी करने वालों पर जुर्माना लगाने का निर्णय किया है, लेकिन सवाल है कि क्या वह अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभा रही है? दिल्ली में गर्मी खासकर बहुत अधिक है। इसका कारण 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान तथा अक्सर चलने वाली लू है जिससे भयानक गर्मी पैदा होती है। इन सबके साथ नागरिक सेवाओं में कमी से समस्या और गंभीर हो जाती है। इससे नागरिकों को भारी परेशानी होती है। शहर में 'हीट आईलैंड' प्रभाव पैदा होता है जहां कंक्रीट गर्म होकर गर्मी का विकिरण करती है जिससे वातावरण बहुत गर्म हो जाता है। खासकर पश्चिम में स्थित सुदूर ग्रामीण इलाके पश्चिम में राजस्थान के रेगिस्तानों से आने वाली लू का शिकार होते हैं। इस मौसम में पानी की कमी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है क्योंकि सप्लाई में भारी कमी आई है जिससे नागरिक अपनी प्यास तक ठीक से नहीं बुझा पाते हैं। एयरकंडीशनर, कूलर और पंखे चलाने के लिए बिजली की भारी मांग अक्सर बिजली ग्रिड पर भारी पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप अक्सर बिजली कटौती होती है जिससे स्वास्थ्य पर संकट और बढ़ जाता है। गर्मी में धूल के तूफानों तथा वाहनों का उत्सर्जन बढ़ने से हवा की गुणवत्ता खराब हो जाती है। गर्मी के साथ मिल कर यह श्वसन समस्याओं तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। दिल्ली की अनेक समस्यायें हैं। हालांकि, आसमान से बरसती आग के बारे में कुछ नहीं किया जा सकता है, पर बिजली और पानी जैसे संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से काफी राहत दी जा सकती है। हर साल दिल्ली सरकार हरियाणा पर उसके हिस्से का पानी जारी न करने का आरोप लगाती है,



पर कोई समस्या का दीर्घकालीन समाधान नहीं चाहता है। इसके साथ ही दिल्ली के अनेक हिस्से व खासकर पूर्वी दिल्ली में समुचित हरित क्षेत्रों की कमी है जो छाया प्रदान करने तथा वातावरण ठंडा रखने के लिए जरूरी है। दिल्ली सरकार की लापरवाही के कारण शहर के 22 प्रतिशत से अधिक जल भंडार नष्ट हो गए हैं।

पिछले रिकार्डों से संकेत मिलते हैं कि दिल्ली में 1000 से अधिक जल भंडार थे जो पानी प्रदान करने के साथ ठंडक भी देते थे। वर्तमान जल संकट का सामना करने के लिए दिल्ली सरकार ने पानी की बरबादी के दोषी पर 2,000 रुपये जुर्माने का निर्णय किया है। इस प्रकार दिल्ली सरकार जल-संकट की जिम्मेदारी नागरिकों पर थोपना चाहती है। 20 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाली दिल्ली अभूतपूर्व जल-संकट का सामना कर रही है। बढ़ते तापमान से पानी का उपभोग बढ़ा है तथा पहले से ही दबाव का सामना कर रही जल सप्लाई व्यवस्था पर और दबाव बढ़ा है। नागरिक जल सप्लाई में बाधाओं का सामना कर रहे हैं और कई जगह दिन में केवल कुछ घंटे ही पानी आता है। सरकार ने पानी की बरबादी वाली गतिविधियों की पहचान कारों की पाइपों से धुलाई, बागों में बहुत अधिक सिंचाई तथा पानी की टोंटियां खुली रखने के रूप में की है। हालांकि, सरकार का इरादा ठीक है, पर अनेक तत्व इसकी प्रभावशीलता और व्यावहारिकता पर सवाल उठाते हैं। सरकार दोषियों का पता कैसे लगाएगी और पानी की बरबादी कौन परिभाषित करेगा? सरकार उन्हीं लोगों पर और कड़ाई करने जा रही है जो पहले ही बिजली और पानी के संकट के साथ ही भयानक गर्मी का सामना कर रहे हैं। इसके बजाय सरकार को पानी बरबाद करने वालों को चेतावनी देने के साथ जल संकट से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों की व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसा लगता है कि अब केवल मौसम बदलने से ही राजधानी के नागरिकों को राहत मिलेगी।

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प

कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था।



**नरेंद्र मोदी**
(लेखक, देश के प्रधानमंत्री हैं)



**मेरे प्यारे देशवासियों,**

लोकतन्त्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ावआज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद,मां अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं।

वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला।उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था।

कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया।

इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था।

मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा।

इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता नेमेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों। साथियों, कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहाँ एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम!

यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएँ यहाँ राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है।

कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।

साथियों, स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था, प्रत्येक राष्ट्र के पास देने के लिए एक संदेश है, पूरा करने के लिए एक मिशन है, पहुंचने के लिए एक नियति है।

भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदण्डों पर तकनीकी के इस जनतांत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं।

आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। जी-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज़ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन जी-20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।

साथियों, नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

हमें भारत के विकास को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखना होगा, और इसके लिए ये जरूरी है कि हम भारत के अंतर्भूत सामर्थ्य को समझें। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है।

21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें सुधार को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत सुधार को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में सुधार की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे सुधार 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें ये भी समझना होगा कि किसी भी देश के लिए सुधार कभी एकाकी प्रक्रिया नहीं हो सकती। इसीलिए, मैंने देश के लिए सुधार, निष्पादन और रूपांतरण का विजन सामने रखा। सुधार का दायित्व नेतृत्व का होता है। उसके आधार पर हमारी ब्यूरोक्रेसी निष्पादन करती है और फिर जब जनता जनार्दन इससे जुड़ जाती है, तो रूपांतरण होते हुए देखते हैं।

भारत को विकसित भारत बनाने के लिए हमें श्रेष्ठता को मूल भाव बनाना होगा। हमें गति, पैमाना, दायरा और मानक , चारों दिशाओं में तेजी से काम करना होगा। हमें मैन्युफैक्चरिंग के साथ-साथ क्वालिटी पर जोर देना होगा, हमें शून्य दोष - शून्य प्रभाव के मंत्र को आत्मसात करना होगा।

साथियों, हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है।

हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुये अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा।

हमें एक राष्ट्र के रूप में पुरानी पड़ चुकी सोच और मान्यताओं का परिमार्जन भी करना होगा। हमें हमारे समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से, बाहर निकालना है। हमें याद रखना है, नकारात्मकता से मुक्ति, सफलता की सिद्धि तक पहुंचने के लिए पहली जड़ी-बूटी है। सकारात्मकता की गोद में ही सफलता पलती है।

भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है।

जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया।

आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूँ कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

***( ये विचार पीएम मोदी द्वारा 1 जून को कन्याकुमारी से वापस दिल्ली की विमान यात्रा के दौरान व्यक्त किये गए )***

# दैवीय उपस्थिति की अनुभूति

> “ भगवान हमेशा आगे आने वाले हैं। हमें बस इसके लिए योग्य होना चाहिए। आप यह कैसे कर सकते हैं? यह आपकी कल्पना से अधिक सरल है। ”

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक चिंतक हैं)



मैं भगवान राम के जन्मस्थान पर बने नए मंदिर में उनके विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा देख रहा था। जैसे-जैसे समारोह आगे बढ़ा, मैंने भगवान के भावों में सूक्ष्म परिवर्तन देखना शुरू किया, वे जीवंत हो रहे थे। मैं आश्चर्यचकित था, लेकिन मैं परिवर्तन को देखने से नहीं चूका। मेरे अनुभव की पुष्टि मूर्तिकार ने की, जिसने यह मूर्ति बनाई थी। उसने स्वीकार किया कि उसने जो मूर्ति गढ़ी थी, वह बहुत अलग थी, यानी उसने जो भाव दिया था वह काफी गंभीर था। वैसे, प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति को जीवंत करने का एक परिवर्तनकारी कार्य है।

यह प्रकटीकरण कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। भगवान साक्षात प्रकट होते हैं। निम्नलिखित पांच सच्ची जीवन कहानियाँ इसका उदाहरण होंगी। पहली कहानी तब चुनी गई जब भगवान कृष्ण तब प्रकट हुए जब धृतराष्ट्र के राज दरबार में द्रौपदी का चीरहरण करने का प्रयास किया जा रहा था। द्रौपदी ने हताश होकर मदद के लिए प्रार्थना की -कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण। भगवान प्रकट हुए और द्रौपदी को अपमान से बचाने के लिए अनगिनत साड़ियां प्रदान कीं।

दूसरी घटना तब की है जब सूरदास अंधे होकर खाई में गिर जाते हैं। वे बाहर निकलने का प्रयास करते हैं, लेकिन असफल रहते हैं। वे मदद के लिए पुकारते हैं, लेकिन कोई नहीं आता। वह स्थान सुनसान था। उनके पूज्य भगवान जानते थे कि उनके सच्चे भक्त को मदद की आवश्यकता है। वे आए और देखा कि सूरदास अपनी दयनीय स्थिति से पूरी तरह बेखबर होकर बैठे हुए भजन गा रहे हैं। भगवान ने उनसे पूछा, तुम बाहर निकलने का प्रयास क्यों नहीं कर रहे हो? सूरदास ने उत्तर दिया, मैंने प्रयास किया, लेकिन असफल रहा। मुझे एहसास हुआ कि केवल तुम ही मेरी सहायता कर सकते हो। भगवान ने सूरदास को अपना हाथ दिया और उन्हें बाहर



निकलने में सहायता की। एक प्रसिद्ध भजन है, जिसमें सूरदास भगवान से विनती करते हैं कि वे उन्हें छोड़कर न जाएं। तीसरी घटना कुछ वर्ष पूर्व हुई। मेरी एक निकट संबंधी अपने घर के पास स्थित मंदिर में गहन चिंतन में लीन बैठी थीं। उनके सामने एक बाबाजी प्रकट हुए। उन्होंने उनसे कहा, तुम अपने ससुराल वालों के व्यवहार से बहुत परेशान हो। चिंता मत करो। तुम्हें एक निश्चित रोग होगा, जिसका नाम उन्होंने रखा है, जो इसके कारण होने वाले तनाव के कारण होगा। लेकिन यह ठीक हो जाएगा; आपको ज्यादा तकलीफ नहीं होगी। इससे पहले कि यह रिश्तेदार कुछ प्रतिक्रिया कर पाता, यह व्यक्ति चला गया। उस बीमारी ने उसे परेशान तो किया, लेकिन जल्द ही काबू में आ गया। यह रिश्तेदार ईश्वर का सच्चा भक्त है। चौथा उदाहरण मेरे एक मित्र से संबंधित है। वह ईश्वर का कट्टर भक्त है। पिछले पाँच दशकों में उसने बहुत आध्यात्मिक प्रगति की है। वह नब्बे के दशक के उत्तरार्ध में है और अभी भी स्वस्थ है। उसकी पत्नी हाल ही में एक संक्षिप्त बीमारी के बाद चल बसी। उसने मंत्र जाप करके इसे रोकने की कोशिश की। उसे यह भी उम्मीद थी कि अगली बार उसकी पत्नी बहुत बढ़िया जन्म देगी। जब वह बहुत ज़्यादा कर रहा था, तो ईश्वर ने उसके घर एक वृद्ध महिला को बुलाया। उसने उसे बताया कि उसकी पत्नी पंद्रहवें दिन चल बसेगी। वह हैरान रह गया।

जब तक वह होश में आता, वह जा चुकी थी। क्या वह स्वयं ईश्वर थी या ईश्वर द्वारा चुनी गई कोई व्यक्ति? अंतिम उदाहरण एक अमेरिकी का है। वह बहुत अमीर हो गया था, लेकिन वह न तो शांत था और न ही खुश।

उत्सुकतावश, उसे इसका कारण खोजना पड़ा। क्या भौतिक धन हमारी सभी समस्याओं का समाधान नहीं है और उसके पास यह बहुत था? उन्होंने विभिन्न चर्चों में जाना शुरू किया, लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। निराश होकर उन्होंने भारत आने का फैसला किया - जो दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी है। यहां भी वही परिणाम हुआ, जहां फर्जी गुरु उन्हें बरगलाने की कोशिश कर रहे थे। बेहद निराश होकर वे हरिद्वार में गंगा के किनारे एक बेंच पर बैठे थे। वे गहरी सोच में डूबे हुए थे, तभी किसी ने उनके कंधे पर हाथ रखा। उन्होंने अपनी आँखें खोलीं और देखा कि उनके सामने एक संत खड़े हैं। उन्होंने कहा, इतना दुखी मत हो। भगवान की शरण में जाओ। और सबसे अच्छा तरीका है भगवान के निर्देशों का पालन करना, जैसा कि प्रामाणिक शास्त्रों में विस्तृत है। भगवद-गीता की एक प्रति खरीदें। जब उन्होंने अपनी आंखें खोलीं, तो संत दिखाई नहीं दिए।

क्या हमें भगवान के साथ ऐसा अनुभव हो सकता है? हां, हो सकता है। भगवान हमेशा आगे आने वाले हैं। हमें बस इसके लिए योग्य होना चाहिए। आप यह कैसे कर सकते हैं? यह आपकी कल्पना से कहीं अधिक सरल है। आध्यात्मिक अभ्यास करें, जो आपके स्वभाव के अनुकूल हो। उदाहरण के लिए, मैं नियमित रूप से दर्शन और नमन, जप, धन्यवाद और प्रार्थना करता हूँ। एक बार जब एक निश्चित मात्रा में आध्यात्मिक ऋण एकत्रित हो जाता है, तो ईश्वर हमारे जीवन में सक्रिय हो जाते हैं।

## आप की बात

### भयभीत विपक्ष

**कांग्रेस अध्यक्ष** ने कहा कि 4 जून को इंडिया गठबंधन। की सरकार बन रही है। अखिलेश यादव कह रहे हैं कि 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीट भी नहीं देगी। भाजपा पहले ही 400 पार का नारा दे चुकी है। इस प्रकार सब नेता अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग अलाप रहे हैं। लेकिन कांग्रेस ने अपने प्रवक्ताओं को एक्जिट पोल संबंधी एलेक्ट्रानिक चैनलों के कार्यक्रमों में न जाने की घोषणा कर परोक्ष रूप से हार स्वीकार कर ली है। अमित शाह ने इस पर कांग्रेस का मजाक उड़ाते हुए कहा है कि वह असलियत स्वीकार करने को तैयार नहीं है और इसी कारण यह निर्णय लिया गया। एक्जिट पोल पिछले अनेक चुनावों से एलेक्ट्रानिक चैनलों पर आम हो गए हैं और इनके प्रस्तुतकर्ता बार-बार कहते हैं कि ये केवल अनुमान हैं। ऐसे में कांग्रेस द्वारा इनसे पलायन उसके भय का संकेत है। अखिलेश यादव ने भी कहा है कि जनता एक्जिट पोल के नतीजों से भ्रमित न हो। सवाल है कि नतीजे आने से पहले ही अखिलेश और कांग्रेस इतने भयभीत क्यों हैं? इससे आशंका पैदा होती है कि विपक्षी नेताओं के इशारे पर मतगणना में अनावश्यक बाधा डालने व निरर्थक आपत्तियों का दौर सामने आ सकता है। निर्वाचन आयोग तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय को सतर्क रहना होगा।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### मोदी का ध्यान

**कन्याकुमारी** में विवेकानंद रॉक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग दो महीने से अत्यधिक व्यस्त चुनाव प्रचार के बाद ध्यान लगाने गए हैं। अब तक चुनाव प्रचार में मोदी के आक्रामक बयानों से परेशान कांग्रेस और विपक्षी नेता अब उनके मौन होकर ध्यान लगाने से भी परेशान हैं। कांग्रेस इसके खिलाफ हाईकोर्ट पहुँच गई है। मोदी इसके पहले 2014 व 2019 में चुनाव प्रचार के बाद भी ध्यान लगाने महाराष्ट्र और केदारनाथ जा चुके हैं। मोदी के किसी स्थान की यात्रा से देश-विदेश के लोग वहां के प्रति आकर्षित होते हैं। केदारनाथ में मोदी के ध्यान लगाने के बाद लाखों लोगों ने केदारनाथ की उसी गुफा में ध्यान लगाया है। इससे भारतीय विरासत के साथ ही पर्यटन व प्रकारान्तर से अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। मोदी स्वामी विवेकानन्द की ध्यान स्थली पर ध्यान लगा कर देश और जनता की भावी प्रगति के बारे में शक्ति और ऊर्जा प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में मतदान के अंतिम चरण से पहले कांग्रेस और विपक्ष ने मोदी के ध्यान पर प्रहार कर वैसी ही गलती की है जो अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा कर की थी। जनता उसे इसकी सजा निश्चित रूप से देगी।

**- दीप्ति प्रदीप बंदवार**, रतलाम

### हांगकांग में तानाशाही

**हांगकांग** कभी आज़ादी एवं लोकतंत्र का उदहारण था, लेकिन आज वह तानाशाही के हाथों लहूलुहान हो चूका है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं स्वछंद जीवन जीने की आज़ादी हांगकांग के लोगों से छिन चुकी है। 1984 के चीन-ब्रिटिश संयुक्त घोषणापत्र के अनुसार चीन ने 50 वर्ष तक वहां-एक देश, दो प्रणाली के अंतर्गत सरकार व अर्थव्यवस्था की संरचनायें बनाए रखने का वादा किया था। इस वादे को चीन ने न सिर्फ बीच में ही तोड़ दिया बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हांगकांग वासियों पर लाद कर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं देशद्रोह के नाम पर आम लोगों के विरोध प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है। उसने चीन के स्वामित्व पर सवाल उठाने वाले लोगों को जेल में डाल दिया है। 2020 में 47 लोगों पर विरोध प्रदर्शन के जरिये सरकार को उखाड फेंकने का आरोप लगाया था। अब उनमें से 14 लोकतंत्र- समर्थकों पर उम्र क़ैद या मौत की सजा का खतरा मंडरा रहा है। विडंबना है कि चीन की आर्थिक शक्ति व उससे बिजनेस संबंधों के कारण अमेरिका व यूरोप के देश इस पर कोई ठोस कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं हैं। इससे चीन को न केवल हांगकांग में तानाशाही थोपने, बल्कि ताइवान पर कब्जे के लिए भी शह मिल रही है। यह स्थिति खतरनाक है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### मतदान संपन्न

**सात चरणों** की लंबी प्रक्रिया के बाद अंततः चुनाव लगभग निर्विघ्न संपन्न हुए। और पिछले चुनावों से इस बार शिकायतें भी कम आई हिंसा भी कम हुई। मगर भीषण गर्मी के चलते जहां कम मतदान हुआ वही अनेक चुनाव कर्मचारियों और कुछ वोटरों की दुःखद मृत्यु हुई। चुनाव आयोग को इससे सबक लेते हुए भविष्य में चुनाव तारीखों की घोषणा करते समय देश के मौसम को भी ध्यान में रखना चाहिए। यदि अगले चुनाव तक एआई के माध्यम से आधार कार्ड की केवाईसी के जरिए अपने मतदान क्षेत्र से दूर रहने वालों के लिए मतदान सुविधा उपलब्ध हो तो अधिकांश मतदाता आसानी से मतदान कर सकेंगे। चुनाव परिणाम के पहले शुरू एग्जिट पोल टीवी डिबेट के माध्यम से जनता को मसालेदार खबरें परोसते रहेंगे। कांग्रेस का इन एग्जिट पोल में होने वाली डिबेट्स में भाग नहीं लेने का नहीं लेने का निर्णय चौंकाने वाला है। इससे जनता में यही संदेश गया कि अपनी घटती हुई सीटों के कारण शर्मिंदगी से बचने के लिए कांग्रेस इन डिबेट से दूर रहना चाहती है। नतीजे जो भी हों, सबको विनम्रता के साथ जनादेश स्वीकार करना चाहिए।

**- सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिला जेल में बंद हवालाती बंदी की इलाज के दौरान हुई जिला अस्पताल में मौत मामले में सिन्हा समाज ने विधायक संगीता के नेतृत्व में कलेक्टर-एसपी को सौपा ज्ञापन

## आबकारी व जेल प्रशासन पर लगाया मारपीट किये जाने का आरोप, की 20 लाख मुआवजा और शासकीय नौकरी दिए जाने की मांग

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com





जिला जेल बालोद में हवालाती बंदी लुकेश सिन्हा की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत मामले में छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज ने कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौप न्यायिक जांच कर दोषियों पर कार्यवाही और मृतक के परिवार वालो को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान करने की मांग की है। क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में सोमवार को समाज के सैकड़ो लोग कलेक्टर और एसपी से मुलाक़ात कर उनसे घटना के बारे में चर्चा की और ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने आबकारी विभाग और जेल प्रशासन पर हवालाती बंदी लुकेश सिन्हा पिता भारत राम सिन्हा से मारपीट किये जाने का गंभीर आरोप लगाया है। वही विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि अगर बंदी को सही समय पर इलाज मिल जाता तो शायद वो बच सकता था, आबकारी विभाग और जेल प्रशासन के द्वारा बंदी से मारपीट की गई है। हम मांग करते है कि इसमें न्यायिक जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो। आपको बता दे कि ग्राम फरदफोड़ निवासी लुकेश कुमार सिन्हा को आबकारी विभाग ने 25 मई को कच्ची शराब बेचते हुए पकड़ा था। आरोप है कि इस दौरान आबकारी विभाग के लोगों ने लुकेश सिन्हा से मारपीट की और जेल दाखिल किया। फिर जेल अभिरक्षा में भी लुकेश को मानसिक प्रताडना व मारपीट किया गया। जिसके कारण उसका स्वास्थ्य इतना बिगड गया, की इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं बताया गया कि घटना दिन के पहले 2 दिन लुकेश सिन्हा को जिला अस्पताल इलाज हेतु लाया ले जाया किया जाता था, अगर उसे जिला अस्पताल में ही भर्ती कर इलाज मिल जाता तो शायद उसकी जान बच जाती। ज्ञापन सौपने वालो में समाज के प्रमुख रूप से संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिलाध्यक्ष चमन लाल सिन्हा, जिलामंत्री चंद्रहास सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष हरदेवलाल सिन्हा, डौंडीलोहारा मंडलेश्वर कवल सिन्हा, देवरी मंडलेश्वर बिसरू राम सिन्हा, गुरुर मंडलेश्वर चंदन सिन्हा, डौंडी मंडलेश्वर कमलेश सिन्हा, सिवनी सरपंच दानेश्वर सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, भरत सिन्हा, लता सिन्हा एवं समाज के अन्य पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### ये है मांग

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम फरदफोड निवासी लुकेश कुमार सिन्हा पिता भारत राम सिन्हा (34 वर्ष) की आबकारी विभाग एवं जेल प्रशासन के द्वारा मारपीट करने के कारण जिला जेल बालोद में मृत्यु हो जाने की घोर निंदा की है, साथ ही सरकार से उच्चस्तरीय न्यायिक जांच, दोषी कार्मियों पर अविलंब कार्यवाही करते हुए परिवार वालो को आर्थिक सहायता राशि 20 लाख एवं परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान करनें की मांग की है।

### ये लगाए है आरोप

कलार समाज ने ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम फरदफोड़ निवासी लुकेश कुमार सिन्हा पिता भारत लाल सिन्हा जाति कलार (34 वर्ष) के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा 25 मई 2024 को कच्ची शराब बाबत् कार्यवाही के दौरान 2 वर्दीधारी पुलिस तथा 4 बिना वर्दीधारी व्यक्तियों द्वारा हिंसात्मक मारपीट करते हुए अपने अभिरक्षा में लेकर जेल ले गए, जेल अभिरक्षा में भी उन्हें मानसिक प्रताडना व मारपीट किया गया। जिसके कारण उनका स्वास्थ्य इतना बिगड गया कि आबकारी विभाग के पुलिस अधिकारी द्वारा जिला अस्पताल में चिकित्सा के लिए लाया गया तथा चिकित्सा के दौरान 28-29 मई की रात्रि को उनकी मृत्यु हो गई, जो कि मृतक के माता-पिता व प ी एवं दो छोटे-छोटे बच्चो के लिए अपूर्णिय क्षति कारक है।

आबकारी पुलिस द्वारा किया गया यह कृत्य घोर अपराधिक कृत्य है, यह एक प्रकार से षडयंत्रकारी हत्या प्रतीत होता है। समाज ने मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल विभाग द्वारा बोर्ड गठित कर किये जाने तथा कच्ची शराब पकडने के कार्यवाही दौरान व आबकारी अभिरक्षा से जेल अभिरक्षा मृतक के मृत्यु के परिस्थिति व कार्यवाही में उपस्थित वर्दीधारी पुलिस तथा चार बिना वर्दी धारी व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# मंत्री ओपी चौधरी की कार्य निष्ठा युवाओं के लिए प्रेरणादायक: योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के सरकारी निवास पहुंचकर उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होंने मंत्री ओपी चौधरी को जन्मदिन की बधाई एवं शभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री ने योगेश तिवारी व अपने समर्थकों के बीच केक काट कर अपना जन्मदिन मनाया। भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा कि 13 साल तक आईएएस की नौकरी करने के बाद राजनीति को अपना अपना रास्ता चुना। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद ओपी चौधरी जी लोगों की सेवा में जुट गए हैं।

काम के प्रति उनकी निष्ठा युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर के. सूरज, गौतम शर्मा, रवि गड़पले, बिदित शर्मा, बेद प्रताप सिंग, कुशल गोसॉमी, गिरी राव, माधव साहू, शिवम दुबे, गुलशन साहू, बबलू साहू पप्पू साहू, दीपेश भाऊ, भोला साहू, अजय शर्मा, पियूष शर्मा, पुनीत पांडे उपस्थित रहे।

# अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने एवं छेड़-छाड़ मामले में एक सहयोगी आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने तथा छेड़छाड़ करने में एक सहयोगी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 31.05.2024 को प्रार्थीया ने बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुमीत बाजार बेमेतरा में करीब 04 साल से सेल्समेन का काम करती हूं। 31.05.2024 को सुमीत बाजार में सेल्समेन काम पर आयी थी। रात्रि करीबन 08.40 बजे वह अपना काम करके घर जाने के लिए चेंकिंग कराने सुमीत बाजार में थी। उसी समय सुमीत बाजार का मैनेजर रवि अग्रवाल आया और बोले कि तुम कपड़ा फोल्डींग का काम नहीं किये हो और घर जा रही हो तो, बोली मै अपने तरफ का कपड़ा फोल्डींग कर दी हूं। नीचे फ्लोर का मुझे नहीं मालूम बोली और रवि अग्रवाल को बोली कि सर आपसे कुछ बात करना है बोलकर आप मुझे डेढ़ साल से काम के लिये सुनाते रहते हो, मेरे काम में क्या कमी है बता दो बोलने पर मुझे गंदी-गंदी गालिया देकर तुम्हारी ऐसी की तैसी कहकर रवि अग्रवाल सुमीत बाजार दुकान के किचन में हाथ मुक्का से गर्दन एवं बाया हाथ में मारपीट कर, तुमको बाद में देख लूंगा कहकर जान से मारने की धमकी दिया है। मारपीट करने से बाया हाथ में, गर्दन व दाहिना गाल में दर्द हो रहा है कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अपराध सदर धारा-294, 506, 323 भादवि. के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान प्रार्थीया ने अपने कथन में बतायी कि आरोपी रवि अग्रवाल द्वारा बुरी नियत से जबरदस्ती हाथ बाह को पकडकर खींच रहा था। जिस पर से प्रकरण में प्रार्थीया के कथन पर से प्रकरण में धारा 354 भादवि जोडी गई है।

# पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे मोदी: दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा चुनाव सात चरणों में पूर्ण हो गया है। जिस पर भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनती हुई नजर आ रही है। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने बताया कि अंतिम चरण में मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर भारतीय जनता पार्टी की संगठन पूरी तरीका से तैयार है। और सभी को पूर्ण विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में सभी 11 की 11 सीट पर भाजपा को एक बड़ी जीत हासिल होने जा रही है। साथ ही 400 पार का नारा लेकर चल रही मोदी सरकार ने निःसंदेह पूर्ण बहुमत के साथ पुरे भारत की बागडोर संभाल कर देश को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर करेगा। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक भाजपा का डंका बजाने वाला है, एवं छत्तीसगढ़ में सभी सीट का डबल इंजन की सरकार को और गति प्रदान होने वाली है। दीपेश साहू ने कहा कि भाजपा अंत्योदय की भावना से काम करने वाली पार्टी है। देश या राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद पुनः सरकार बनाने में भाजपा का सक्सेस रेट 100% रहा है। 10 वर्षो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश में जिस तरह से विकास हो रहा है वह अविस्मरणी है। युवा, महिला, व्यापारी किसान, श्रमिक सभी वर्गो के उत्थान के लिए योजना बनाकर सफलतापूर्वक उनका क्रियान्वयन करते हुए देश की जनता ने मोदी सरकार को देखा हैद्य उसी के परिणाम स्वरुप जनता ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा कर भाजपा को वोट दिया है जिससे पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है। झारखण्ड की जनता ने मोदी सरकार पर जताया भरोसा लोकसभा चुनाव के मद्दनेजर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू को झारखंड राज्य के गोड्डा लोकसभा अंतर्गत मोहगाम विधानसभा का प्रवासी चुनावी प्रभारी का दियित्व दिया गया था, जिनको पूर्ण रूप से निर्वहन करते हुए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने महागामा लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर निशिकांत दुबे व भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार कर विधानसभा के जनता से भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का अपील किया था। विधायक साहू ने कहा कि पूरे झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का दबदबा रहा है। चुनाव के दौरान झारखंड के जनता ने भाजपा को जो आशीर्वाद दिया है वह थी दर्शाता है कि एक बार फिर केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है और नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे है, और आज न्यूज चैनलों के एग्जिट पोल से पता चल रहा है कि पूरे देश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

# मतगणना कार्य हेतु द्वितीय रेण्डमाईजेशन संपन्न

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना के लिए विधानसभावार क्षेत्र क्र. 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर एवं 67 अहिवारा के मतगणना कार्य के लिए मतगणना दल हेतु द्वितीय रेण्डमाईजेशन मतगणना आब्र्जवर अनिता वर्मा सिंह, के.नरसिम्हा मूर्ति, भगवान शरण और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया है। मतगणना दल के द्वितीय रेण्डमाईजेशन के दौरान एडीएम अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज, एसडीएम धमधा सोनल डेविड भी उपस्थित रहे। मतगणना कार्य हेतु कुल 384 कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन किया गया। जिसमें ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) पर 108 कर्मचारी गणना पर्यवेक्षक, 108 कर्मचारी गणना सहायक एवं 108 कर्मचारी माईक्रोआब्जर्वर का रेण्डमाईजेशन किया गया। इसी प्रकार पीबी (पोस्टल बैलेट) पर 15 कर्मचारी गणना पर्यवेक्षक, 15 कर्मचारी गणना सहायक 1, 15 कर्मचारी गणना सहायक 2, 15 कर्मचारी माईक्रोऑब्जर्वर का रेण्डमाईजेशन किया गया।

# तोरण लाल साहू ने पत्र के माध्यम से नगर प्रशासक टाउनशिप से किया निवेदन

**दल्लीराजहरा।** संयुक्त खदान मजदूर संघ के संगठन सचिव तोरण लाल साहू ने पत्र के माध्यम से नगर प्रशासक टाउनशिप दल्लीराजहरा से निवेदन किया है कि माइंस टाउनशिप राजहरा में बिजली विभाग द्वारा दिन तथा रात में किसी भी समय अचानक बिजली कटौती करने के कारण कर्मचारी एवं उनके परिवार बहुत ज्यादा परेशान हैं।



पिछले चार-पांच दिनों से बिजली विभाग द्वारा रात में किसी भी समय बिजली बंद एवं चालू हो रही है। इस बिजली कटौती अथवा बिजली फेल होने के पीछे जो भी कारण हो, पर इसकी वजह से गर्मी में टाउनशिप के निवासियों का बहुत बुरा हाल हो रहा है, क्योंकि यहां के कर्मचारी तीनों शिफ्ट में कार्य करते हैं और रात के समय बिजली बार-बार बंद होने के कारण नींद पूरी नहीं होती है। जिसके कारण कर्मचारी बहुत ज्यादा परेशान हैं। वैसे गर्मियों के सीजन या बारिश में आंधी-तूफान के कारण कभी-कभी बिजली फेल होना नई बात नहीं है। किन्तु इस बार की उच्चतम गर्मी में रात में कई-कई बार बिजली जाना बहुत ज्यादा परेशानी की बात है। बड़े आश्चर्य की भी बात है कि इतनी गंभीर समस्या का हल अब तक निकलता नहीं दिख रहा है। इसलिए संगठन यह मांग करता है कि बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए बिजली विभाग तुरंत उचित कार्रवाई करे।

# इंटक यूनियन के पदाधिकारियों ने जताया बीएसपी महाप्रबंधक का आभार

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



बी.एस.पी टाउनशिप में लगातार चल रहे मेन्टेनेन्स हेतु किये जाने वाले विद्युत कटौती के सिलसिले में इंटक यूनियन के पदाधिकारियो ने 01 जून को अध्यक्ष तिलक मानकर के नेतृत्व में आई.ओ.सी राजहरा मुख्यमहाप्रबंधक बी.आर गहरवार से भेंट की। इस बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवधान से कर्मचारियों को होने वाले तकलीफों के संबंध में निराकरण का मांग किया गया। ज्ञात हो कि लगातार हाल ही में चल रहे विद्युत अवरोध को ले कर इंटक यूनियन के द्वारा रोष प्रकट किया गया था और समस्त टाउनशिप में निवासरत बी.एस.पी कर्मियों बाबत आवाज़ उठाई थी। जिसके बाद हुई बैठक में गहरवार के द्वारा विद्युत आपूर्ति बाधित होने से हो हो रही तकलीफों का निराकरण करने के लक्ष्य से आगामी दिनों में बढ़ते विद्युत आपूर्ति की मांग और बढ़े लोड से ट्रांसफार्मर के जलने की समस्या का निदान करने, नए हाइ पावर ट्रांसफार्मर लगवाने का निश्चय लिया है। इससे समस्त टाउनशिप वासियों को राहत मिलेगी। इस निराकरण हेतु समस्त यूनियन पदाधिकारी तिलक मानकर, अभय सिंह, दिनेश कांत के द्वारा मुख्य महाप्रबंधक बी आर गहरवार का आभार व्यक्त किया है।

# बालोद कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया कि लगातार भीषण गर्मी का प्रकोप साल दर साल बढ़ रहा: श्याम जायसवाल

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने बालोद कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया कि लगातार भीषण गर्मी का प्रकोप साल दर साल बढ़ रहा है। जिससे हर वर्ष गर्मी में पारा 2 से 3 डिग्री बढ़ता जा रहा दल्लीराजहरा जैसे शहर में इस वर्ष 45 डिग्री से ज्यादा की गर्मी पड़ना चिंता का विषय है। हमारे क्षेत्र में कई चिड़िया, पक्षी, जानवर लगातार गर्मी के कारण मर रहे और यही हाल रहा तो आने वाले समय मे देश के बाकी जगह की तरह ही दल्लीराजहरा में भी इंसानों की मौत गर्मी की वजह से होने लगेगी इसलिए हम भारतीय जनता पार्टी की तरफ से दल्लीराजहरा के सभी घरों व खाली स्थानों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करना चाहते हैं। आप हमारे इस मुहिम को पूर्ण करने हमें 10000 दस हजार वृक्ष के पौधे उपलब्ध कराएं जिसे हम हमारे कार्यकर्ताओं के माध्यम से दल्लीराजहरा में ज्यादा से ज्यादा घरों में पहुँचा कर इस वृक्षारोपण अभियान को सफल बना सके साथ ही आने वाले समय में इन वृक्षों से दल्लीराजहरा का तापमान कम कर सके। श्याम जायसवाल ने आगे बताया की पिछले 1 वर्ष पूर्व दल्लीराजहरा में आये आंधी तूफान में हजारों बड़े बड़े पेड़ गिर गये थे। जिसके कारण दल्लीराजहरा की हरियाली कम हुई है। इसलिए ही दल्लीराजहरा का तापमान 3 से 4 डिग्री इस साल बढ़ गया है। हमारे द्वारा प्रशासन से मांग की गई है कि जैसे ही हमें 10000 वृक्षों के पौधे उपलब्ध होते हैं। उसे दल्लीराजहरा के सभी घरों में भेजने के लिए हमारे भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम वार्ड वार्ड में घूमेगी। श्याम जायसवाल ने उम्मीद जताई है।

# मतगणना कर्मियों ने किया पूर्वाभ्यास, मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिशिचत करना सर्वोपरि : कलेक्टर शर्मा

## मतगणना कर्मियों ने कलेक्टर को दिलाया विश्वास, मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करेंगे

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना के लिए पूर्वाभ्यास का आयोजन किया। यह पूर्वाभ्यास जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में बनाये गये ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा,बेमेतरा और नवागढ़ मतगणना केंद्र में सम्पन्न हुआ। इस पूर्वाभ्यास का उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को मतगणना के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों से अवगत कराना और उनकी दक्षता बढ़ाना था। उन्होंने सभी संबंधियों को 4 जून 2024 (सोमवार) को होने वाली मतगणना के लिए सुबह 6.30 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिये। मतगणना प्रातः8 बजे से शुरू होगी। पूर्वाभ्यास के दौरान मतगणना की पूरी प्रक्रिया का वास्तविक अनुकरण किया गया। इसमें ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के संचालन, मतगणना टेबल पर डेटा एंट्री, परिणामों की घोषणा और सुरक्षा व्यवस्था शामिल थी। कलेक्टर शर्मा ने स्वयं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना सर्वोपरि है, और इस पूर्वाभ्यास से कर्मचारियों की तैयारियों का आकलन करने में मदद मिलेगी। इस बार मतगणना की हर टेबल पर एक-एक महिला अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना का दायित्व सौंपा गया हैं। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को मतगणना के दौरान सावधानीपूर्वक और सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी प्रक्रियाओं का पालन कड़ाई से किया जाना चाहिए। पूर्वाभ्यास के सफल समापन पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और मतगणना के सफल प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, एडीएम सहित उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी और तीनों विधानसभा व क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पर उपस्थित थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मतगणना कर्मियों को किस प्रवेश द्वारा से प्रवेश करना,वाहन पार्किंग आदि से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मोबाइल, स्मार्ट वॉच आदि प्रतिबंध की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्टर को विश्वास दिलाया कि मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जाएगा।

# लोकतन्त्र स्वतंत्रता सेनानियों के खाते में आया सम्मान निधि

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विष्णु देव की सरकार ने प्रदेश भर के लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानियों के भूपेश बघेल द्वारा रोके गए सम्मान निधि को पुनः प्रारम्भ कर दिया है, सत्तर के दशक में तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के द्वारा चुनाव हारने पर पूरे देश मे आपातकाल लगा दिया था, इस इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया से लेकर सभी स्वतंत्र संस्थानों में प्रतिबंध कर एक तानाशाही व्यवस्था देश मे लागू कर दी थी। जिसमे सम्पूर्ण अधिकार इंदिरा गाँधी और बेटे संजय गाँधी के पास थे, इस घोषित इमरजेंसी के खिलाफ आवाज उठाने वाले सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को देश के अलग अलग जेलों में निरुद्ध कर दिया गया था ये वो दौर था जब आजादी के बाद पहली बार देश मे तानाशाही व्यवस्था लागू कर दी गई थी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सभी स्वयम सेवक या तो पकड़ कर जेल में डाल दिये गए या वे भूमिगत हो कर इस इमरजेंसी के खिलाफ आवाज को बुलंद की थी, आपातकाल के विरोध में बेमेतरा के विधायक रहे स्वर्गीय महेश तिवारी 21 महीनों तक रायपुर केंद्रीय जेल में बंद रहे, बेमेतरा के अधिवक्ता हृदय नारायण निर्वाणी 9 महीने तक जेल में निरुद्ध रहे, बेमेतरा के ही मुंशी राम ठाकुर, डॉ वीरेंद्र दानी, बावा मोहतरा के महंत हरिशरण देव, बल्लू दाऊ जेवरा, मुखीराम साहू छेरकापुर निवासी भी जेलों में निरुद्ध रहे, लोकनायक जय प्रकाश के आह्वान पर पूरा देश इसके विरोध में आ गया, आजादी की यह दूसरी लड़ाई का नाम इसे लोकतंत्र प्रहरियों ने दिया और उसके बाद हुए आम चुनावो में इंदिरा गाँधी और उनकी पार्टी की बुरी तरह हार हुई थी, देश ने इंदिरा के इस इमरजेंसी को बुरी तरह खारिज कर दिया था,

अलग अलग राज्यो में बनने वाली गैर कांग्रेसी सरकारों ने लोकतंत्र स्वंतंत्रता सेनानी के तौर पर सम्मान किया, 2008 के रमन सिंह मंत्री मंडल ने लोकतंत्र नायकों के लिए सम्मान निधि जारी किया और समाज मे उनके त्याग और बलिदान को रेखांकित किया। वहीं 2019 में भूपेश बघेल की सरकार बनते ही राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले सम्मान निधि में रोक लगा दी, लोकतंत्र सेनानियों सच्चिदानंद उपासने के नेतृत्व में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और इसे भूपेश बघेल की तानाशाही करार दी, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भूपेश सरकार के फैसले के विरुद्ध लोकतंत्र सेनानियों को राहत देते हुए सम्मान निधि जारी करने का आदेश दिया, पर भूपेश सरकार ने सम्मान निधि लंबित ही रखा, राज्य में विष्णुदेव की सरकार आते ही लंबित सम्मान निधि को न सिर्फ जारी कर दिया, अपितु पिछले 5 साल से रुके हुए निधि को एकमुश्त लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानियों के खाते में डाल दिया।

# मतगणना की तैयारियां पूरी, आज सवेरे 8 बजे शुरू होगी मतगणना

## मतगणना स्थल में तीन लेयरों में होगी सुरक्षा व्यवस्था, चौक चौराहों में एलईडी से होगा परिणाम का प्रसारण





पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए जिला प्रशासन द्वारा तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कोनी में सवेरे 8 बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह ने आज तैयारियों का अंतिम निरीक्षण किया। भीषण गर्मी को ध्यान रखते हुए स्थल पर एसी, कूलर, ठंडे पानी सहित यथासंभव तमाम व्यवस्थाएं की गई है। सवेरे 8 बजे सबसे पहले पोस्टल मतों की गणना शुरू होगी। 8 बजे के पहले तक प्राप्त डाक मतपत्र गणना में शामिल किये जाएंगे। डाक मतपत्रों की गणना के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। 13 टेबलों पर इनकी गिनती की जायेगी। सवेरे 6 बजे पोस्टल बैलेट जिला कार्यालय के कोषालय से मतगणना स्थल कोनी ले जाया जाएगा। प्रत्याशी अथवा उनके अभिकर्ता वाहन की इस्कार्टिंग करते हुए जा सकते है। मुंगेली जिले के डाक मतपत्रों की गणना भी मतगणना स्थल कोनी में की जाएगी। इसके आधा घण्टे अर्थात साढ़े 8 बजे से ईवीएम मशीनों से गिनती का काम शुरू होगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल लगाए जा रहे है। न्यूनतम 17 और अधिकतम 24 चरणों में वोटों की गिनती का कार्य पूरा होगा।

### मतगणना स्थल पर तीन लेयरों में होगी सुरक्षा व्यवस्था, सीसी टीवी से भी होगी निगरानी

मतगणना शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के निर्देशन में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु पुख्ता इंतजाम किए गए है। यहां तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था होगी। जगह-जगह पर सीसी टीवी लगाए गए है। स्थानीय पुलिस सहित केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा चाक चौबंद-सुरक्षा की जाएगी। प्रवेश की पात्रता अनुसार पार्किंग की व्यवस्था भी अलग-अलग की गई है। शासकीय कर्मचारी और मीडिया के लोग मुख्य द्वार से प्रवेश कर सकेंगे। वहीं मतगणना एजेंट अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के मार्ग से प्रवेश कर सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतगणना अभिकर्ताओं के लिए पृथक-पृथक कलर के प्रवेश पत्र जारी किये गये है। कोई भी मतगणना एजेंट मुख्य द्वार अथवा अन्य द्वार से मतगणना कक्ष में प्रवेश नहीं करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत पासधारी मीडियाकर्मियों को मतगणना हॉल के अंदर हाथ का कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना हॉल के अंदर मीडिया और पत्रकारों को कैमरा स्टैंड ले जाना वर्जित होगा।

### ये सामग्री नहीं ले जा सकेंगे केन्द्र में

मतगणना स्थल में अभिकर्ता अथवा अन्य कोई भी व्यक्ति मोबाईल फोन, आई पेड, लैपटॉप, स्मार्ट वाच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीडी, सिगरेट एवं गुटखा नहीं ले जा सकते हैं। इसके अलावा जो सामग्री ले जाया जा सकता है, उनमें कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी के भाग एक की प्रति, रिटर्निंग अफसर द्वारा प्रदाय किये गये इव्हीएम एवं वीवीपेट की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन एवं पेंसिल शामिल है। गणना में मदद के लिए केल्क्यूलेटर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मुहैया कराया जायेगा।

### चौक चौराहों में एलईडी से होगा परिणाम का प्रसारण

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 4 जून को जिला मुख्यालय बिलासपुर के प्रमुख चौक चौराहों से एलईडी टीवी के जरिए लोकसभा चुनाव परिणामों की च  वार घोषणा की जायेगी। शहर के प्रमुख पांच स्थलों पर एलईडी के जरिए प्रसारण की तैयारी की गई है। इनमें नेहरू चौक, इंदु चौक, अग्रसेन चौक, महामाया चौक और गुरु नानक चौक शामिल हैं। च  वार सभी प्रत्याशियों को मिले मत और बढ़त की जानकारी दी जायेगी। कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 4 जून को मतगणना होगी। सवेरे 8 बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा। कोनी से ही एलईडी को लिंक कर प्रसारण किया जाएगा।

मतगणना स्थल कोनी में आधिकारिक घोषणा के साथ ही शहर के नागरिक भी त्वरित रूप से परिणाम देख सुन पायेंगे।

# बाल श्रम के विरूद्ध जिले में जारी है जागरूकता अभियान 30 जून तक संस्थानों का किया जाएगा सघन निरीक्षण

### नगरीय निकायों में अब तक 26 संस्थानों का किया गया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिले को बाल श्रम मुक्त किये जाने की दिशा में पहल करते हुए श्रम विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत संयुक्त रूप से श्रम विभाग, महिला बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग द्वारा संस्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है,और नियोजकों को बाल श्रम अधिनियम के विषय में जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय बाल श्रम एवं छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के संयुक्त योजना के अनुसार 'बाल श्रमिक अधिनियम' 1986 के अंतर्गत 1 जून 2024 से 30 जून 2024 तक बिलासपुर जिले के सभी नगरीय निकायों में सघन निरीक्षण करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम निरीक्षण कर रही है। 03 जून 2024 तक 26 संस्थानों का निरीक्षण किया गया है। बाल श्रमिक नियोजित पाये जाने पर न्यूनतम 20 हजार रूपये तथा 6 माह से 2 वर्ष के कारावास का प्रावधान है। सहायक श्रमायुक्त आर.के.प्रधान ने बताया कि जिले को बाल श्रम मुक्त किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसके तहत 1 जून से 30 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नियोक्ताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में बाल श्रम नियोजित न करें ये दंडनीय अपराध है। उल्लेखनीय है कि बाल श्रमिक अधिनियम 1986 के तहत् वर्तमान में बाल श्रम (14 वर्ष तक) तथा खतरनाक उद्योगों में (18 वर्ष तक) पूर्णतः प्रतिबंध है।

# बढ़ रहे साइबर अपराध, जिले की पुलिस साइबर विभाग बना हुआ है उदासीन

### नहीं नजर आती साइबर विभाग के पास कोई ठोस योजना

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



वर्तमान समय में सोशल मीडिया तथा आधुनिक संचार क्रांति ने जहां साइबर अपराधों को भी जन्म दे दिया है, तो वहीं पूरे देश भर में देखा जाए तो वर्तमान में साइबर अपराधों में काफी बढ़ोतरी हुई है, तथा साइबर अपराधों से जहां लोग ठगे जा रहे हैं, तो वहीं साइबर अपराधों से लोगों को जागरूक करने पुलिस प्रशासन तथा पुलिस का साइबर विभाग भी इस दिशा में काम करता है, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी साइबर अपराधों में काफी बढ़ोतरी हुई है, एवं पुलिस के उच्च विभाग से भी प्रत्येक जिलों में साइबर संबंधी घटनाओं से लोगों को जागरूक करने एवं साइबर अपराधियों द्वारा नवीन तकनीक का उपयोग कर साइबर अपराध घटित होने से बचने की दिशा में सेमिनार आयोजित करने निर्देश दिए जाते हैं, किंतु शक्ति जिले में जिला पुलिस का साइबर विभाग इन सब बातों को लेकर अनभिज्ञ नजर आता है, तथा शक्ति जिले में साइबर विभाग की गतिविधियां ही आम जनता के संपर्क में नहीं है, तथा सक्ति जिले का साइबर विभाग भले ही जिले में छोटी-मोटी चोरियों में अपनी सक्रियता से अपराधियों को पकड़ने में सफलता जरूर अर्जित कर लेता है, लेकिन जिस तरह से साइबर विभाग की सक्रियता साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने नजर आनी चाहिए, वैसा कुछ नहीं है, शक्ति जिले के गठन को लगभग 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं किंतु इसके बावजूद जिला साइबर विभाग जिले में जन जागरूकता की दिशा में कोई ठोस कार्य योजना आज तक नहीं बना पाया है, ऐसा लगता है, एवं शक्ति जिले की आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की पदस्थापना के बाद से जहां शक्ति जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा पुलिस क्षेत्र अंतर्गत यातायात विभाग सहित अन्य विभागों को भी सक्रिय कर उनकी गतिविधियों को आम जनता से जोड़ने की दिशा में अहम पहल की गई है।

# लिटिल लैजेन्ड्स किड्स स्कूल की मेघावी छात्रा निधि कौशिक का केंद्रीय विद्यालय में हुआ चयन



पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

लिटिल लैजेन्ड्स किड्स स्कूल के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में सीनियर केजी की अध्ययनरत मेघावी छात्रा निधि कौशिक का नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में केंद्रीय विद्यालय के क्लास वन में चयन होने से किड्स स्कूल परिवार को गौरवान्वित की है निधि के चयन होने पर किड्स स्कूल के संचालक शिक्षाविद् सुनील सिंघानिया एवं किड्स प्रबंधन ने शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किए। मेघावी छात्रा निधि के पिता चंद्रशेखर कौशिक भारतीय सेना में सिक्किम बॉर्डर में तैनात देश की सुरक्षा हेतु समर्पित जवान है चयनित छात्रा निधि की माता गृहणी है उन्होंने बताया कि निधि का भविष्य में भारतीय पुलिस सेवा में चयन होकर देश की सेवा करने का सपना है इस चयन के अवसर पर निधि के बड़े भाई हर्षवर्धन, मामा इंजीनियर गंगासागर कश्यप, वकील कुंवर कश्यप एवं परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए विकासखंड में चल रहा स्कूल शिक्षा विभाग का ऑनलाइन सेमिनार कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु निपुण भारत मिशन के तहत एफएन एल पर विकासखंड के समस्त संकुलों को तीन जोन में बांटकर 5 दिवसीय आंनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है,जिसमें 2/06/24 को तीनों जोन व्यासनगर , लोहर्सी और पामगढ़ में एक साथ आनलाइन प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का प्रारंभ मोहन कौशिक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में बताते हुए एफ एल एन क्या है इसके क्या उद्देश्य है, इसकी उपादेयता के बारे में शिक्षकों को बताया। तत्पश्चात प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ तीनों जोन के लिए अलग अलग प्रशिक्षक नियुक्त हैं,ब्यासनगर जोन में 10 संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओ को मास्टर ट्रेनर महेंद्र कुमार साहु, अजय मरावी और घनश्याम दिनकर द्वारा आंनलाइन प्रशिक्षण में प्राथमिक स्तर के 10 संकुल से कुल 51 शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए प्रशिक्षण का प्रारंभ परिचय से हुआ।घनश्याम दिनकर द्वारा प्रथम सेशन लेते हुए नई शिक्षा नीति 2020 का ढांचा, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएन एल क्या है, इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी, फाउंडेशनल स्तर क्या है आदि बिंदुओ पर बात किया गया।इसी बीच पामगढ के, खंड समन्वयक दुष्यंत भतृहरि और एस आर जी प्रीना द्वारा प्रशिक्षण का महत्व, निपुण भारत मिशन का लक्ष्य पूर्ण करने, प्रशिक्षण पूरा समय तक लेने पर बात कर मुख्य बिंदुओ पर चर्चा किये। द्वितीय सेशन महेंद्र कुमार साहु द्वारा भाषा शिक्षण, 2020 पर आधारित एन सी एफ 2020 के दृष्टिकोण, संतुलित भाषा शिक्षण की पद्धति, भाषा शिक्षण के चार ब्लॉक आदि पर बात किया गया।

# जिले में सांसद चुनाव की मतगणना की सरकारी तैयारियां-गणना प्रेक्षक की उपस्थिति में मतगणना कर्मियों का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 04 जून को होने वाले मतगणना हेतु जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा सक्ती, चंद्रपुर और जैजैपुर के मतगणना के लिए नियुक्त गणना प्रेक्षक डायलन टॉम तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम की उपस्थिति में दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से मतगणना दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों का विधानसभा क्षेत्र आबंटन की कार्यवाही की गई। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मतगणना कार्य के लिए 60 मतगणना पर्यवेक्षक, 60 मतगणना सहायक और 60 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सक्ती के एस पैकरा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चंद्रपुर बालेश्वर राम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जैजैपुर रूपेंद्र पटेल, शशांक शिंदे, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ऋषि रॉय, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गभेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद सक्ती शाखा की बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद शक्ति शाखा की महत्वपूर्ण बैठक 2 जून 2024 को शक्ति के होटल गिरिराज रन बसेरा में संपन्न हुई, इस अवसर पर बैठक का शुभारंभ भारत माता के तैल क्षेत्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन, पूजा अर्चना तथा मंत्रोचार के साथ हुआ इस अवसर पर आगंतुक पदादिकारी अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल बिलासपुर,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर एवं राष्ट्रीय मंत्री नित्यानंद अग्रवाल बिलासपुर का शक्ति शाखा की ओर से स्वागत किया गया, तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद पूरे भारत देश में दिव्यांगों के क्षेत्र में कार्य करने वाली बड़ी संस्था है, एवं हमें इसके कार्यों को दिव्यांग जनों तक पहुंचाना है एवं परिषद द्वारा विकलांगों का परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह, कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर, शल्य क्रिया शिविर सहित विकलांगता पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियां आयोजित की जा रही है तथा शक्ति शाखा भी सक्रिय रूप से आगे निरंतर कार्यक्रमों को करें, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू ने भी परिषद द्वारा निर्धारित 121 कार्यक्रमों की श्रृंखला में शक्ति शाखा को भी आने वाले दिनों में कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने का आग्रह किया, बैठक के दौरान अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद शक्ति शाखा के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल एवं महामंत्री अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार ने भी कहा कि शक्ति शाखा अपने गठन के बाद से ही निरंतर परिषद के माध्यम से विभिन्न काम कर रही है तथा आने वाले महीनो में शक्ति शाखा द्वारा दिव्यांगों की सेवा के लिए कार्यक्रम किए जाएंगे, वहीं बैठक के दौरान बिलासपुर में स्थापित अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के अस्पताल को लेकर भी चर्चा की गई साथ ही परिषद के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया, 2 जून को शक्ति में आयोजित अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद की बैठक में प्रमुख रूप से आगंतुक पदाधिकारीयो के अलावा शक्ति शाखा से रामावतार अग्रवाल, अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, सुरेश अग्रवाल लाला, कन्हैया गोयल सहित अनेको सदस्य मौजूद रहे।

### अशोक अग्रवाल को लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारों के सम्मेलन में श्रेष्ठ पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया

# लखनऊ में आयोजित पत्रकारों के राष्ट्रीय सम्मेलन में पहुंचे अशोक अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवगठित शक्ति जिले के वरिष्ठ पत्रकार अशोक अग्रवाल को लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के पत्रकारों के सम्मेलन में श्रेष्ठ पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया, अशोक अग्रवाल को सम्मानित किए जाने पर जहां पत्रकार साथियों एवं विभिन्न संगठनों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी हैं, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन के 25 वे स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन में राज्यों एवं प्रदेश तथा जिलों से आए पत्रकारों को राष्ट्रीय चिन्ह तिरंगा एवंसम्राट अशोक एवं भगवा पटटे से प्रेक्षा ग्रह उद्यान विभाग हजरतगंज लखनऊ में 1 जून को सैकड़ो पत्रकारों को सम्मानित करने के बाद छत्तीसगढ़ के सकती जिले से पधारे मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी छत्तीसगढ़ एवं ओड़ीसा नै पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन 25 वर्ष से पत्रकारों को उनके मौलिक अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष के साथ-साथ पूरे देश के कई राज्यों में पत्रकारों को सम्मानित करने एवं उनको सम्मान दिलाने के लिए आयोजन के माध्यम से पत्रकारों को एकजुट कर उनके मौलिक अधिकार दिलाने के लिए प्रयास रत है,मुख्य अतिथि अग्रवाल ने कहा एसोसिएशन पत्रकारों के मौलिक अधिकार दिलाने के लिए केंद्र एवं राज्यों की सरकारों से पत्रकारों का उत्पीड़न एवं शोषण रोकने एवं उनके मौलिक अधिकार दिलाने के लिए प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात कर रणनीति तय करेगा इसके पूर्व अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव कृपा शंकर दुबे ,बलराम मौर्य, डॉक्टर कलप राम त्रिपाठी, शेर सिंह, राजेश कुमार गुप्ता ने स्थापना दिवस पर संकल्प लेते हुए पत्रकारों को उनके मौलिक अधिकार दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक के आंदोलन में सहयोग करने क्या ऐलान किया,एसोसिएशन के हरिराम त्रिपाठी राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी उत्तर प्रदेश ने आयोजन में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश इकाई के जिला अध्यक्षों को पत्रकारों को उनके मौलिक अधिकार दिलाने के लिए उन्हें पावर देकर पत्रकारों का उत्पीड़न एवं शोषण रोका जाएगा उन्होंने स्पष्ट कहा पत्रकारों को एसोसिएशन से जुड़कर अपनी लड़ाई लड़नी चाहिए और पूरे उत्तर प्रदेश में एसोसिएशन ही एक ऐसा संगठन है जो पत्रकारों के मौलिक अधिकारों के लिए संघर्ष करता है एस के पांडेय राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी उत्तर प्रदेश नै? आए हुए आयोजन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा जब तक पत्रकार एकजुट होकर अपने प्रताड़ित पत्रकार साथी का शासन और प्रशासन से न्याय दिलाने के लिए खुलकर समर्थन नहीं करेंगे तब तक पत्रकारों का उत्पीड़न रुकना संभव नहीं है।

**सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड**
**Cent Bank Home Finance Limited**
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी Subsidiary of Central Bank of India

शाखा: मकान नं. ए-54, गुप्ता डेंटल हॉस्पिटल के बगल में, गली नं. 1 नेताजी होटल चौक के पास, कटोरा तालाब, रायपुर (छ.ग.) 492001
फोन नं. 0771-2225088 और 0771-4218110

**परिशिष्ट IV [नियम 8(1)] (कब्जा नोटिस) अचल संपत्ति के लिए**

हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 के अधीन जो कि **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड रायपुर शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** के भीतर **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड रायपुर** को प्रतिदाय करने की मांग करने के लिये जारी किया। अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी,जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत नियम 8 मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले ऋणी /जमानतदार एवं विशिष्ट रूप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है की इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार न करें एवं संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड रायपुर** के खाते के आगे वर्णित राशि दी गई **एन.पी.ए दिनांक 08.01.2024** के बाद ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधीन होगा। खाते का विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम और खाता संख्या | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जे की दिनांक | बकाया राशी मांग नोटिस दिनांक तक (₹) |
|---|---|---|---|
| श्री गौतम कुमार कांडे पुत्र श्री कन्हाई राम कांडे और श्रीमती पुष्पलता कांडे पत्नी श्री गौतम कुमार कांडे और श्री हेमंत राव कांडे पुत्र श्री कन्हाई राम कांडे ऋण खाता संख्या: 00303010000045 | आवासीय मकान प्लॉट नं. 88, ग्रीन सिटी कॉलोनी, खसरा नं. 514/53, पी.एच. नं. 38 नया, पुराना नं. 36, वार्ड नं. 40 बसंतपुर, कोरिनभट्टा, आर.आई.सी. राजनांदगांव-1, तहसील और जिला राजनांदगांव (सी.जी.) पिन 491441. उप जिला राजनांदगांव के पंजीकरण के अंतर्गत और जिला राजनांदगांव (सी.जी.) क्षेत्रफल 1261.84 वर्ग फीट, सीमाएं:- उत्तर : राजगामी भूमि, दक्षिण : कॉलोनी रोड, पूर्व : प्लॉट नं. 87, पश्चिम : प्लॉट नं. 89 | 29.01.2024 / 30.05.2024 (सांकेतिक) | 35,46,613.00 + ब्याज और अन्य शुल्क |

स्थान: रायपुर, दिनांक: 03.06.2024
प्राधिकृत अधिकारी, सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड, रायपुर

# प्रधानमंत्री आवास योजना : किस्त लेकर आवास नहीं बनाने वाले हितग्राहियों से होगी वसूली

- जिला पंचायत सीईओ ने की पीएम आवास और मनरेगा के कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ❮ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किश्त लेकर आवास नहीं बनाने वाले हितग्राहियों से वसूली की कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने कार्यालय के सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने जिले में पूर्ण, प्रगतिरत, अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों की जानकारी ली और 15 जून तक निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण करने और अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने तकनीकी सहायकों एवं नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन तीन पंचायतों का भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण करने, आबंटित ग्रामों में पलायन किए हितग्राहियों का पंचनामा तैयार कर सूची प्रस्तुत करने, फील्ड विजिट के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव के साथ मौका स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत बरमपुर, भस्करा एवं लीलापुर के सचिवों को प्रधानमंत्री आवास योजना में सहयोग नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले को मानव दिवस के प्राप्त लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त संख्या में मजदूर नियोजित कर रोजगार उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा करते हुए 15 जून तक पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कहा कि मनरेगा अंतर्गत आधार सीडिंग, अथेंटिकेशन एवं डीबीटी के शतप्रतिशत लक्ष्य को निर्धारित समय में हासिल करें। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर फेस-2 में कुल 42 अमृत सरोवर स्वीकृत किया गया है, जिसे मानसून के पूर्व 15 जून तक पूर्ण कराए।

अमृत सरोवर में प्रतिदिन 300 श्रमिक नियोजित कराया जाए। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भूमिका देसाई, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी, उपअभियंता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## 20 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर खरसिया क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर पुलिस अभियान स्तर पर कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री सूचना पर कार्यवाही किया गया है। प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भद्रीपाली के चूड़ामणि डनसेना अपने घर के अंदर अधिक मात्रा में देशी महुआ शराब निर्माण कर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर रेड कार्यवाही किया गया।

# कलेक्टर ने लिया मतगणना स्थल का जायजा लू से बचाव के इंतेजाम करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतगणना में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को हीटवेट से बचाने के लिए हर संभव व्यवस्था की जाए। एंट्री गेट और अन्य स्थानों पर पंडाल लगाया जाए। साथ ही वहीं पर मिष्ट शॉवर भी लगाई जाए, इससे उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी। साथ ही सभी प्रमुख जगहों पर ठंडे पानी, ओआरएस घोल, रसना और नींबू पानी रखें, ताकि कोई भी कर्मचारी को डिहाइड्रेशन की समस्या ना हो। कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि सभी ड्यूटी में लगे श्रमिक, सुरक्षा बल और अधिकारी-कर्मचारी को गमछा दिया जाए, जिससे वे लू से बचे रहे।

डॉ. सिंह ने मतगणना स्थल में ही गमछे का वितरण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों सहित स्वयं भी इसका उपयोग किया। कलेक्टर ने कहा, खाने और नाश्ते की अच्छी व्यवस्था रखें. मतगणना में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को ठंडा पेयजल छाछ इत्यादि मिलता रहे. उन्होंने कहा कि मीडिया के साथियों के लिए ऑडिटोरियम में इंतजाम किया जाए. इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित सभी एडीएम, एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग एवं जगदलपुर में प्रवेश प्रारंभ

**मुंगेली।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या दुर्ग एवं बालक जगदलपुर में बी.एस.सी. गणित/विज्ञान/बी.काम प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजनांतर्गत जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कक्षा 12वीं में विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के साथ न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय आदिवासी विकास विभाग कक्ष क्रमांक 221 व 226 में सम्पर्क कर सकते हैं।

# मतगणना प्रक्रिया के संबंध में गणना अभिकर्ताओं की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ❮ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार बिलासपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 अंतर्गत लोरमी एवं मुंगेली विधानसभा में हुए मतदान की गणना प्रक्रिया के संबंध में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एआरओ मुंगेली पार्वती पटेल ने बताया कि मतगणना 04 जून को सुबह 08 बजे से शासकीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय चातरखार में की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों विधानसभा के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जा रहे हैं। लोरमी एआरओ गिरधारी लाल यादव ने बताया कि सुबह 07 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा तथा स्ट्रांग रूम परिसर में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगा। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संजय सोनी एवं मोहन उपाध्याय ने बताया कि अभ्यर्थी एवं उनके गणना अभिकर्ताओं को गणना स्थल पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी, परंतु मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बाहर रखने की सुविधा दी जायेगी। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 85 पाव देशी प्लेन मदिरा के साथ महिला गिरफ्तार ग्राम छोटे देवगांव में खरसिया पुलिस की शराब रेड

पायनियर संवाददाता ❮ रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरसिया थानाक्षेत्र में प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में अवैध शराब, जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने अभियान स्तर पर पुलिस की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 01 जून को प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री सूचना पर कार्यवाही किया गया। प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छोटे देवगांव के अनसूईयागुप्ता उर्फगुड्डी गुप्ता (उम्र 50 वर्ष) अपने घर काफी अधिक मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री किया जाता है। सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर रेड कार्यवाही किया गया। महिला के घर दुकान के अंदर प्लास्टिक बोरी पर छिपा कर रखा हुआ 85 पाव देसी प्लेन मदिरा बरामद हुआ। आरोपिया के विरुद्ध थाना खरसिया मे धारा 34(2), 59(1) आबकारी अधिनियम तहत कार्यवाही किया गया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पॉक्सो एक्ट में गया जेल



पायनियर संवाददाता ❮ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले युवक को दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना खरसिया में बालिका के पिता द्वारा उसकी नाबालिग लडकी से आर्यन खंडेलवाल (21 साल) द्वारा शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर अक्टूबर 2021 से लगातार दुष्कर्म कर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता के आवेदन पर आरोपित पर धारा 376(2)(द) आईपीसी.5(स).छ आईपीसी 6 पोक्सो एक्ट के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया। महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी आर्यन खंडेलवाल निवासी थानाक्षेत्र खरसिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। जहां न्यायाधीश द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी करने पर पुलिस ने आरोपी को जेल दाखिल किया है।

# पोलमपल्ली में गाज गिरने से पेड़ के नीचे खड़े 26 मवेशियों की हुई मौत



पायनियर संवाददाता ❮ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के पोलमपल्ली में तेज हवा, बारिश से बचने के लिए मवेशियों का झुंड पेड़ के नीचे खड़ा था, इसी दौरान वहां गाज गिरने से सभी 26 मवेशियों की मौत हो गई। मवेशियों के मौत की जानकारी सोमवार की सुबह मवेशी मालिक को लगी जिसके बाद सुबह गांव वाले मौके पर पहुचकर अपने अपने मवेशियों के शवों को उठाने में जुट गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोलमपल्ली गांव में रोजाना की तरह मवेशी मालिक अपने मवेशियों को चरने के लिए छोड़ देते है और शाम होते ही लेने के लिए जाते है, लेकिन रविवार की शाम को जब मवेशी मालिक अपने मवेशियों को लेने जाने वाले थे, उसी दौरान गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। काफी देर बारिश होने के साथ ही अंधेरा हो गया, जिसके बाद मवेशी मालिक अपने मवेशियों को लेने नही जा पाये। सुबह जब मालिक अपने मवेशियों को खोजते हुए जंगल पहुंचे तो देखा कि एक पेड़ के नीचे सभी 26 मवेशियों के ऊपर गाज गिरने के कारण उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सरपंच से लेकर अन्य लोगों को बताई, जिसके बाद गांव वाले मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी आला अधिकारियों को दिया गया है।

# चोरी की मोटर सायकल के साथ युवक गिरफ्तार, आरोपी ने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर चुराई थी राज मिस्त्री की बाइक

पायनियर संवाददाता ❮ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस चौकी खरसिया की टीम ने बीते शुक्रवार को मदनपुर हाई स्कूल के पास से चोरी हुई बाइक को हमालपारा तालाबपार खरसिया के मुकेश यादव उर्फ कल्लू के कब्जे से बरामद किया है। आरोपी ने अपने नाबालिक साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। बाइक चोरी को लेकर 31 मई को पुलिस चैकी खरसिया में राजमिस्त्री का काम करने वाला रामपाल पटेल निवासी ग्राम छोटे देवगांव रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 मई के सुबह मदनपुर हाई स्कूल के पीछे अनिल डनसेना के घर काम करने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक सीजी 13 यूबी 6280 से आया था, दोपहर में काम करते वक्त छत से देखा तो उसकी बाइक गायब थी, आसपास पता किया बाइक का पता नहीं चला। पुलिस चौकी खरसिया में बाइक चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुलाजिम पतासाजी में लिया गया। रिपोर्टकर्ता रामपाल पटेल और उसके साथ काम करने वाले व्यक्तियों ने दोपहर में मदनपुर के दो लड़कों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखना बताये। पुलिस दोनों संदेहियों की पतासाजी की जा रही थी कि चौकी प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि हमालपारा तालाबपार खरसिया का रहने वाला मुकेश यादव उर्फ कल्लू एक हीरो स्प्लेंडर बाइक को बेचने मंगल बाजार चौक पर ग्राहक तलाश रहा था। तत्काल पुलिस टीम संदेही मुकेश यादव को हिरासत में ली जिससे मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि 31 मई के दोपहर अपने साथी (नाबालिग) के साथ मिलकर बाइक को चोरी किया जिसे साथी के घर में छुपा कर रखा है। पुलिस ने आरोपी मुकेश यादव उर्फ कल्लू पिता ललित यादव 22 साल निवासी हमालपारा तालाबपार खरसिया के मेमोरेंडम पर चोरी बाइक को बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## मतगणना दिवस 04 जून को शुष्क दिवस घोषित

**मुंगेली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के दिन 04 जून को मुंगेली में शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश में उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासकीय कृषि महाविद्यालय चातरखार के समीपस्थ ग्राम रेहुंटा व दाउपारा में संचालित देशी-विदेशी मदिरा दुकान एवं एफएल. 03 होटल बार सिटी पैलेस मुंगेली को बंद रखने कहा है। उन्होंने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी को दिए हैं।

## फंड वैल्यू-आधारित डिस्ट्रीब्यूटर पे-आउट के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस का पहला यूलिप आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम लॉन्च

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कंपनी का पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम लॉन्च किया, जो डिस्ट्रीब्यूटर पे-आउट को उनके ग्राहकों की फंड वैल्यू के अनुरूप बनाता है, यानी डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन उनके ग्राहकों के एसेट अंडर मैनेजमेंट से जुड़ा होता है। यह अनूठा प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर को अपने ग्राहकों को पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान निवेशित रहने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विशेष रूप से, यह ग्राहकों को लंबी अवधि में धन बनाने के लिए लागत और कर-कुशल मार्ग रास्ता देता है। आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम में ग्राहक बिना किसी लागत या कर निहितार्थ के परिसंपत्ति वर्गों के बीच असीमित मुफ्त स्विच कर सकते हैं। ग्राहक इस प्रोडक्ट के तहत 21 फंडों की श्रृंखला में से चुन सकते हैं, जिसमें 13 इक्विटी और ऋण और संतुलित श्रेणियों में से प्रत्येक के अलावा चार पोर्टफोलियो स्ट्रेटेजी का विकल्प भी शामिल है। लॉन्च की घोषणा करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने कहा, आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम, हमारी कंपनी का पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जो डिस्ट्रीब्यूटर्स के भुगतान को उनके ग्राहकों के फंड मूल्य के अनुरूप बनाने और लंबी अवधि में दोनों के हितों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा, हम लगातार ऐसे प्रोडक्ट्स और प्रक्रियाओं को नया रूप देने और पेश करने का प्रयास करते हैं, जो सरल हों। यह सही ग्राहक को सही कीमत पर और सही चैनल के माध्यम से सही प्रोडक्ट सुनिश्चित करने के हमारे दर्शन के अनुरूप है। हमने वार्षिकी और पेंशन बचत मंच पर अग्रणी प्रोडक्ट्स पेश किए हैं।




## पुलिस ने जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को पकड़ा

**रायपुर।** रायपुर के चटोद गांव में देर रात पुलिस ने दबिश देकर 15 जुआरिओं को पकड़ा है। आधी रात को खेत में जुआ खेल रहे 15 जुआरिओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से दो लाख 23 हजार नगदी समेत 3 कार और 5 बाइक जब्त किया है। क्रिकेट खिलाड़ी बनकर गई पुलिस टीम ने जुआरियों को रंगे हाथ दबोचा। सभी जुआरियों पर जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। यह मामला मंदिर हसौद थाना का है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में किशन लाल सिसोदिया, उरला, रायपुर, राधेश्याम यादव, गुढ़ियारी रायपुर, सचिन जैन आजाद चौक, रायपुर, हेमंत साहू, धरसींवां, रायपुर, अकबर नाथ धृतलहरे उरला, रायपुर, राजू साहू गुढियारी, रायपुर, शुभम साहू, खमतराई, रायपुर, रामायण सिंह, खमतराई, रायपुर, मोहित मनहरे, छेरीखेड़ी, मंदिर हसौद, ईश्वरदास मानिकपुरी, सिमगा, बालोदाबाजार, महेश्वर निषाद, धरसींवां, रायपुर।

मतगणना के लिए तैयारियां पूरी

# चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रेक्षक की मौजूदगी में होगी मतगणना

पायनियर संवाददाता ❮ मुंगेली
www.dailypioneer.com



बिलासपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 27-मुंगेली एवं 26-लोरमी की मतगणना हेतु 04 जून को शासकीय अभियांत्रिकी कृषि महाविद्यालय चातरखार स्ट्रांग रूम में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा कर बताया कि मतगणना स्थल में चाक-चौबंद सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना प्रेक्षक की मौजूदगी में मतगणना कार्य सम्पन्न किया जाएगा।

**प्राधिकार पत्र जारी मीडियाकर्मियों को ही दिया जाएगा प्रवेश-** जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि चातरखार स्ट्रांग रूम में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मीडिया सेंटर की व्यवस्था की गई है। जहां बैठक व्यवस्था, टीवी सहित अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मीडिया सेंटर में मीडिया प्रतिनिधियों के प्रवेश हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया है। बिना प्राधिकार पत्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बेहतर तरीके से मतगणना सम्पन्न कराने हेतु सहयोग करने की बात कही। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, मुंगेली एआरओ पार्वती पटेल, लोरमी एआरओ गिरधारी लाल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**इव्हीएम मतों की गणना के लिए लगाए गए 14-14 टेबल-**मुंगेली एवं लोरमी विधानसभा के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए गए हैं। मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी। मुंगेली विधानसभा में 20 चक्रों और लोरमी विधानसभा में 19 चक्रों में मतगणना पूरी होगी। मतदान के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। पूरी मतगणना प्रक्रिया की रिकार्डिंग भी रखी जाएगी। स्ट्रांग रूम के प्रवेश गेट में मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट्स जमा करने की व्यवस्था की गई है।

**मतगणना प्रेक्षक की उपस्थिति तथा निगरानी में होगी मतगणना-**मतगणना की पूरी कार्यवाही मतगणना प्रेक्षक की उपस्थिति तथा निगरानी में होगी। इस दौरान प्रत्येक राउंड की समाप्ति पर प्रेक्षक की निगरानी में रैंडम आधार पर चयनित दो कंट्रोल यूनिट की गणना प्रेक्षक के टेबल पर की जाएगी। इसके अलावा सभी चक्रों की गणना पूर्ण होने पर पाँच वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (व्हीव्हीपेट) का ड्रा के माध्यम से चयन कर मत पर्ची की गणना के माध्यम से मतों का सत्यापन किया जाएगा।

**मतगणना स्थल पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था-**मतगणना परिसर में निर्वाचन आयोग के गाईडलाईन अनुसार सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। मतगणना स्थल पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हर लेवल पर चेकिंग के बाद ही आगे बढ़ सकेंगे। स्थल के 100 मीटर के दायरे में कोई वाहन नहीं होंगे। इस क्षेत्र को केवल पैदल चलने वालों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। केवल पासधारकों को ही मतगणना परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। गाड़ी पार्किंग एरिया में खड़ी करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करना होगा।

**एलईडी टीवी के जरिए चैक-चैराहों में देख सकेंगे लाईव प्रसारण-**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आमजनों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय के पड़ाव चैक एवं दाउपारा चैक में एलईडी टीवी के जरिए लोकसभा चुनाव परिणामों का लाईव प्रसारण किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुंगेली अनुभव सिंह ने बताया कि 04 जून को सबेरे 08 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी, जिसके नतीजों का एलईडी टीवी के जरिए लाईव प्रसारण किया जाएगा।

# गर्मी को देखते हुए पुलिस ने राहगीरों के लिए की ठंडे पानी की व्यवस्था की



रायगढ़. भीषण गर्मी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत थाना व चौकियों पर आने वाले शिकायतकर्ताओं, आमजन व राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। बढती गर्मी को लेकर पिछ्ले दो दिनों से थाना प्रभारीगण प्रमुख मार्गों में राहगीरों और विशेष कर वाहन चालकों के लिए पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जा रही है। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मिलकर पुलिस टीमें वाहन चालकों को लू से बचने की जानकारी देकर ओआरएस तथा इलेक्ट्रॉल पाउडर का वितरण कराया गया व साथ ही कुछ स्थानों पर जन सहयोग से वाहन चालकों के भोजन की व्यवस्था कराई गई। पुलिस की पहल से स्थानीय प्लांटों द्वारा आने वाले राहगीरों के लिए मार्गों में मिट्टी के घड़े रखवाए हैं तथा वाहन चालकों के लिए विश्राम गृह की व्यवस्था कराया गया है।

# मत्स्य विभाग की योजनाओं में डीएमएफ की बंदरबांट

# तत्कालीन कलेक्टर और सहायक संचालक पर उठ रहीं उंगलियां

## केज कल्चर में सब्सिडी घोटाले के बाद कई और शिकायतें सामने आ रहीं, सत्तापक्ष ने आंखे तरेरी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

मत्स्य विभाग में केज कल्चर में अनुदान घोटाले का पायनियर ने पिछले दिनो भंडाफोड़ किया। इस पूरे मामले में अविभाजित राजनांदगांव में अनुदान के करीब 5 करोड़ से अधिक रुपयों का घोटाला किया गया है। इस प्रकरण के सामने आने के बाद सत्तापक्ष इसकी व्यापक जांच की मांग कर रहा है। कई जगहों पर केज के लिए हितग्राहियों को डीएमएफ से एलडब्लूई के तहत भी 40 प्रतिशत का अनुदान दिया गया है। जिसके चलते इस मामले में तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह की भूमिका पर भी सत्तापक्ष के नेता सवाल उठा रहे हैं।

मत्स्य विभाग की तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए पर आरोप हैं कि उन्होंने अपने रिश्तेदार और विभागीय कर्मियों के परिजनों के नाम पर इस अनुदान में भ्रष्टाचार किया है और वास्तविक हितग्राहियों को इससे वंचित कर दिया। यही नहीं अब जानकारी सामने आ रही है कि तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह के सामने जाल, नाव और अन्य मत्स्य पालन से जुड़े सामानों की खरीदी में घोटाले को लेकर भी सवाल उठाए गए थे। सांसद संतोष पांडेय ने भी इसमें घपले की आशंका जाहिर की थी लेकिन तब यह एजेंडा दिशा कमेटी की बैठक में शामिल न होने का बहाना बनाकर चर्चा समाप्त कर दी गई थी।

गौरतलब है कि, अविभाजित राजनांदगांव जिले के नवागांव सिंचाई जलाशय और मोंगरा जलाशय में केज स्थापित करने वाले हितग्राहियों के नाम पर अनुदान में फजीर्वाड़ा का मामला सामने आ चुका है। इसकी जांच भी विभाग ने की है और प्रतिवेदन संचालनालय भेजा गया है। विभाग के संचालक एनएस नाग ने भी गड़बड़ियों की पुष्टि की है। लेकिन जांच के दौरान या प्रतिवेदन आगे बढ़ाए जाने के बाद भी इस मामले किसी तरह की कोई कार्रवाई अब तक नहीं की गई है।


सरकारी धन की लूट : ननद, भृत्य की बेटी और ड्राईवर की मां के नाम पर कराया केज आबंटन
आदिवासी के नाम पर भी फर्जीवाड़ा, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी
करोड़ों के भ्रष्टाचार का कैसे हुआ खुलासा
फर्जी तरीके से कराया आबंटन, लाभार्थी ने कहा मुझे केज की जानकारी ही नहीं
फर्जी आबंटन, तीन साल से लीज भी जमा नहीं की
सीएम के संज्ञान में मामला


मोंगरा में लगे केज कल्चर के अनुदान में भी घोटाला : विभागीय अधिकारियों ने किया 5 करोड़ की सब्सिडी का हेरफेर, विभागीय जांच में खुली परतें, अब तक कोई कार्रवाई नहीं
अनुदान का गलत इस्तेमाल
धमतरी में भी करोड़ों की गड़बड़ी

### ऑडिट्स से पहले जांच में सामने आया घोटाला

मत्स्य विभाग सहायक संचालक एसके साहू बताते हैं कि, तीन साल से विभाग में ऑडिट नहीं करवाया गया। इसके चलते जलाशयों में स्थापित केज की प्रत्येक वर्ष ली जाने वाली लीज राशि का तीन साल से भुगतान शेष रहा। अन्य योजनाओं में खर्च, अनुदान जैसे मामलों की ऑडिटस से पहले जांच की जा रही है। दरअसल, ऑडिटस से पहले की विभागीय कार्रवाई में ही यह सारे घोटाले सामने आ रहे हैं। यह भी जानकारी में है कि मत्स्य बीज, फीश ट्रांसपोर्टेशन के लिए वाहन खरीदी में अनुदान, नाव जैसे कई मामलों में यह गड़बड़ी निकल कर आ रही है। केज कल्चर के अनुदान में अब तक 5 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी सामने आई है। जबकि अभी डीएमएफ में सवा करोड़ से ज्यादा के और मामलों में गड़बड़ी की बातें सामने आ रहीं हैं।

### पूर्ववर्ती सरकार में डीएमएफ घोटाले के आरोप

2018 से 2013 तक सत्ता में रही कांग्रेस सरकार में जिला खनिज न्यास यानी डीएमएफ में घोटाले के आरोप भाजपा लगाती रही है। बीते विधानसभा चुनाव में भी यह बड़ा मुद्दा बना। सरकार बदलने और विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद डीएमएफ घोटाले के मामले में जांच चल रही है। पायनियर द्वारा मत्स्य विभाग में डीएमएफ के अनुदान में बंटरबांट का खुलासा होने के बाद खबरें हैं कि सरकार प्रदेश भर में इस विभाग में डीएमएफ के इस्तेमाल की जांच करवा सकती है। ऐसा इसलिए कि कांग्रेस शासन में अधिकारियों की मिलीभगत से इसमें एक बड़े घोटाले की आशंका है।

#### डीएमएफ से ही डोमन सिंह ने लगवाई घास, ये अब तक विवादों में

मत्स्य विभाग से इतर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में डीएमएफ जैसे जरुरी मद के इस्तेमाल में जमकर अंधेरगर्दी की गई। अधिकारियों ने इसके खर्च में मनमाने फैसले लिए। खनिज उत्खनन से प्रभावित इलाके और वहां के लोगों के उत्थान के लिए खर्च किए जाने वाले पैसों का बेजा इस्तेमाल किया गया। तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह ने डीएमएफ के पैसों से ही म्युनिसिपल स्कूल के मैदान में लाखों की लागत से घास लगवाने का फैसला लिया। ये मांग किसने की थी ये आज तक सामने नहीं आ सका है। यहां घास लगाए जाने के फैसले का जमकर विरोध भी हुआ। मुरुम के मैदान को मिट्टी से पाट दिया गया। पिछली बारिश में यह कीचड़ में तब्दील हो गया। आज यहां लाखों की घास का अता-पता नहीं है। अलबत्ता मैदान को नुकसान जरुर हुआ है।

## भाजपा में पहले ही तैयारी शुरु

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव में भावी जीत को लेकर जश्न की तैयारी प्रारंभ हो गई है। देशभर में मिल रहे रुझानों के बाद यहां भी पार्टी कार्यकताओं में व्यापक जोश व उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया है। उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक भाजपा के विजय परचम लहराने की संभावनाओं को देखते हुये पार्टी कार्यालय में व्यापक बंदोबस्त किये जा रहे है। प्रदेश भाजपा ने सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिये दिशा-निर्देश जारी किये है जिसके तहत सभी संसदीय क्षेत्र में पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से पर्यवेक्षक आ रहे है जो पल-पल की खबरों से अवगत होकर पार्टी हाईकमान को जानकारी देते रहेंगे। इस क्रम में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा पूरे समय भाजपा कार्यालय में मौजूद रहकर परिस्थितियों पर निगरानी करेंगे। इसे लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने आज कार्यालय की व्यवस्था का निरीक्षण किया, भाजपा नेता रघुवीर वाधवा, अश्वनी यादव ने कार्यालय को अच्छे ढंग से भाजपा से झंडों से सजाया व कल के जश्न की तैयारी में जुटे रहें।

## आज बंद रहेगी शराब दुकान

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को मतगणना दिवस को नगर निगम सीमा में स्थित सभी मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने देशी मदिरा दुकान रेवाडीह बायपास, देशी मदिरा दुकान मण्डी बायपास, विदेशी मदिरा दुकान रेवाडीह बायपास, विदेशी मदिरा दुकान मण्डी बायपास, विदेशी मदिरा दुकान वार्ड नंबर 22 राजनांदगांव, एफएल 3 श्री स्टार राज इम्पीरियल होटल बार रेवाडीह, एफएल 3 होटल राजदूत जीई रोड, एफएल 3 ब्लू डायमण्ड बार जीई रोड, एफएल 3 सोनू बार जीई रोड, एफएल 3 सम्राट होटल बार जीई रोड, एफएल 3 आवाना होटल बार श्री स्टार जीई रोड, मद्य भण्डारण-भाण्डागार तथा भांग व भांगघोटा दुकान को मतगणना को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिया है। मतगणना दिवस को सभी संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार सपूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## परिवहन संघ के नरेन्द्र अध्यक्ष, कुबेर सचिव नियुक्त

■ राजनांदगांव खनिज परिवहन संघ की कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव खनिज परिवहन संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र यादव मुन्ना ने रविवार को अपने जिले की कार्यकारिणी घोषित की। कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में समीर पोद्दार, जीतू जैन, दामू भूतड़ा, जिले में उपाध्यक्ष के रूप में मुकेश लोढ़ा डोंगरगांव, कमलेश शांडे खैरागढ़, प्रमोद साहू राजनांदगांव, सनी भाटिया डोंगरगढ़, रोमी भाटिया छुरिया, घनाराम साहू तेलीटोला, संगठन के महामंत्री हेमंत चोपड़ा डोंगरगांव, सचिव कुबेर वैष्णव राजनंदगांव तथा सहसचिव मुकेश कोडवानी, अभिषेक गुप्ता को नियुक्त किया गया है।

साथ ही संगठन के कोषाध्यक्ष पद पर अंकित अग्रवाल राजनांदगांव व शिव रजक राजनांदगांव की नियुक्ति हुई है। जिला खनिज परिवहन संघ के मीडिया मीडिया विभाग की जिम्मेदारी अमित जैन राजनांदगांव, शेखर यादव कलडबरी को दिया गया है। संगठन के विशेष सलाहकार के रूप में नमिताभ जैन राजनांदगांव, वीरेंद्र झा राजनांदगांव, अरुण चोपड़ा राजनांदगांव, बंटी महाराज राजनंदगांव, अभिनव तिवारी सोमनी की नियुक्ति हुई है। राजनांदगांव खनिज परिवहन संघ द्वारा जिले के कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए हैं। जिसमें राजनांदगांव से गौरव साहू, राहुल देवांगन, कैलाश देवांगन, गुड्डू देवांगन, सुरेंद्र साहू, डोंगरगांव से जागेश्वर साहू, रूपेश गुप्ता, देवेंद्र साहू, संपत सिन्हा, जितेंद्र धनकर, डोंगरगढ़ से नंदकुमार महोबिया, रत्नेश संचेती, अशरफ अली, आशु खान, चुम्मन साहू, छुरिया से बोधन साहू, राधे पटेल, लोकेश निर्मलकर, टीकम साहू, सुनील लडोकर, मोहला मानपुर से शेख यासीन, लोकनाथ साहू, भोजेश शाह मांडवी, खैरागढ़ से देवराज, शत्रुघ्न, मनीष सिन्हा, कमलेश्वर भदोरिया, घनश्याम वर्मा को शामिल किया गया है। राजनांदगांव खनिज परिवहन संघ अध्यक्ष नरेंद्र मुन्ना यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।



## मतगणना दिवस को नगर निगम सीमा में स्थित सभी मदिरा दुकानों को बंद रखने आदेश जारी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को मतगणना दिवस को नगर निगम सीमा में स्थित सभी मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने देशी मदिरा दुकान रेवाडीह बायपास, देशी मदिरा दुकान मण्डी बायपास, विदेशी मदिरा दुकान रेवाडीह बायपास, विदेशी मदिरा दुकान मण्डी बायपास, विदेशी मदिरा दुकान वार्ड नंबर 22 राजनांदगांव, एफएल 3 श्री स्टार राज इम्पीरियल होटल बार रेवाडीह, एफएल 3 होटल राजदूत जीई रोड, एफएल 3 ब्लू डायमण्ड बार जीई रोड, एफएल 3 सोनू बार जीई रोड, एफएल 3 सम्राट होटल बार जीई रोड, एफएल 3 आवाना होटल बार श्री स्टार जीई रोड, मद्य भण्डारण-भाण्डागार तथा भांग व भांगघोटा दुकान को मतगणना को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिया है। मतगणना दिवस को सभी संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार सपूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे मोदी : नीलू

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बताया कि अंतिम चरण के लोकसभा मतदान के बाद चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन पूरी तरह से तैयार है और सभी को पूर्ण विश्वास है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट पर भाजपा को एक बड़ी जीत हासिल होने जा रही है। साथ ही 400 पार का नारा लेकर चल रही मोदी सरकार निसंदेह पूर्ण बहुमत के साथ पुनः भारत देश की बागडोर संभाल कर देश को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक भाजपा का डंका बजने वाला है एवं छत्तीसगढ़ में सभी



सीट जीतकर डबल इंजन की सरकार को और गति प्रदान होने वाली है।

प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बताया कि भाजपा अंत्योदय की भावना से काम करने वाली पार्टी है। देश या राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद पुनः सरकार बनाने में भाजपा का सक्सेस रेट 100 प्रतिशत रहा है। वहीं एक बार कांग्रेस की सरकार बनते ही घोटाले और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा ही पार हो जाती है व जनता द्वारा उन्हें नकार दिया जाता है। दस वर्षो से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने जिस गति से विकास को देखा है वह अविस्मरणीय है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, किसान, श्रमिक सभी के उत्थान के लिए योजना बनाकर सफलतापूर्वक उनका क्रियान्वयन करते देश की जनता ने मोदी की सरकार को देखा है। उसी के परिणाम स्वरूप जनता ने भाजपा सरकार की नीतियों पर भरोसा कर भाजपा को वोट दिया है। जिससे पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार की बनने जा रही है।

## तेंदूपत्ता संग्रहण में आई कमी, लक्ष्य से पिछड़े

■ बेमौसम बारिश मानी जा रही वजह

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव जिला भी तेंदूपत्ता संग्रहण में पिछड़ गया है। 78 हजार 500 बोरे के लक्ष्य के विपरित 71 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण गोदामों में किया गया है। डीएफओ आयुष जैन ने गोदामों में पहुंचकर तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने पत्तों की गुणवत्ता भी देखी।

तेंदूपत्ता संग्रहण पूरी तरह से नहीं होपाया है। लक्ष्य की भी पूर्ति भी नहीं होपायी है। समय सीमा के भीतर71 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता कासंग्रहण कराया गया है जबकि वर्ष2024-25 में 80 हजार 800 मानक बोरातेंदूपत्ता संग्रहण कराने का लक्ष्य रखा गयाथा।



नांदगांव जिले के बन क्षेत्र के अंतर्गतआने वाले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकीसे लेकर बागनदी, छुरिया, डोंगरगांवसहित अन्य वन क्षेत्रों में तेंदूपत्ता कासंग्रहण सुनिश्चित कराने के लिए 669फड़ की व्यवस्था कराई गई थी। निर्धारितसमय के भीतर 51 समितियों के माध्यमसे तेंदूपत्ता का संग्रहण कराया गया।

विशेष रूप से दक्षिण मानपुर के अंतर्गतआने वाले आंधी, कारेकट्टा, उरेली,अलोरा, उत्तर मानपुर के अंतर्गत आनेवाले कोहका, खैरकट्टा, घोटिया,मानपुर, इरागांव, खरदी, तोलुम तथामोहला के अंतर्गत आने वाले रामगढ़,पांडरवानी, पारसघाट, गोटाटोला,कुम्हड़ी, छुरिया, मोहला, भोजटोला,अंबागढ़ चौकी विकासखंड के मुड़पार,चिल्हाटी, भड़सेना, अरजकुंड, खुज्जी,परेवाडीह, आसरा, बागनदी, हाटबंजारी,चारभांठा, बेंदाड़ी, पंडरापानी, खोभासहित अन्य बन क्षेत्र में तेंदूपत्ता कासंग्रहण कराया गया।

तेंदूपत्ता का संग्रहणसुनिश्चित कराने के लिए 51 समितियांगठित की गई थी। वर्ष 2024-25 में80800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहणकराने का लक्ष्य रखा गया था, जिसकेएवज में मात्र 78500 मानक बोरातेंदूपत्ता का संग्रहण कराया गया है।

### काउंटिंग के पुख्ता इंतजाम : तीन लेयर की सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट पर भी बैन

## सुबह 8 बजे शुरु होगी गिनती : पंडरिया कवर्धा के नतीजे आने में सबसे ज्यादा वक्त लगेगा, राजनांदगांव में सबसे कम 16 राउंड में खत्म होगी मतगणना

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

देशभर में आमचुनाव के नतीजों का इंतजार आज खत्म होगा। तरह-तरह की चचाओं, राजनीतिक पार्टियों के अपने-अपने दावे, अंडर करंट और व्यापक समर्थन की खींचतान के बीच आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में जनता जनार्दन का फैसला सामने आएगा।

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में मतदान के 38 दिनों बाद 18वें सांसद का नाम दोपहर तक साफ हो जाएगा। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र प्रदेश में हाईप्रोफाईल सीट मानी जा रही है जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। कांग्रेस ने यहां से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी मैदान में उतारा है। ये दूसरी बार है जब इस सीट से कांग्रेस का कोई पूर्व मुख्यमंत्री संसदीय चुनाव लड़ रहा है। इससे पूर्व वर्ष 1999 के चुनाव में अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोहरा यहां से चुनाव लड़े थे जिन्हें की पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने हराया था।

भूपेश बघेल के सामने भाजपा से संतोष पांडेय चुनाव लड़े हैं। वे सीटिंग एमपी हैं और भाजपा ने उन्हें यहां से दोबारा मौका दिया है। 4 जिलों और 8 विधानसभा वाले इस संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। जिसमें कुल 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। संसदीय क्षेत्र के राजनांदगांव में 4 विधानसभाओं के मतों की गिनती होगी। इसी तरह



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कबीरधाम जिले में भी मतगणना केंद्र बनाए गए हैं।

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की मतगणना 4 जून की सुबह शुरु होगी।विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया में 19 राउण्ड, 72-कवर्धा में 20 राउण्ड, 73-खैरागढ़ में 21 राउण्ड, 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) में 20 राउण्ड, 75-राजनांदगांव में 16 राउण्ड, 76-डोंगरगांव में 18 राउण्ड, 77-खुज्जी में 19 राउण्ड एवं 78-मोहला मानपुर में 17 राउण्ड में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने मतगणना कार्यक्रम के संबंध में प्रेस वार्ता ली। रिटर्निंग ऑफिसर अग्रवाल ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से मतगणना स्थलों पर मतों की गिनती शुरू हो जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि मतगणना तिथि 4 जून 2024 को सुबह 6 बजे जिला कोषालय राजनांदगांव स्थित डाक मतपत्र स्ट्रांग रूम खोले जाने तथा डाक मतपत्रों को सीलबंद बॉक्स में मतगणना स्थल तक परिवहन किए जाने के संबंध में सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है। साथ ही सुबह 7 बजे ईव्हीएम स्ट्रांग रूम खोले जाने की सूचना सभी अभ्यर्थियों को दी गई है। मतगणना स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है। सबसे भीतरी स्तर पर केन्द्रीय पुलिस बल, मध्य स्तर पर विशेष सशस्त्र बल तथा सबसे बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती की गई। मतगणना स्थल पर कैल्कुलेटर, लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, कैमरा, स्मार्ट वॉच, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने बताया कि अब तक 1627 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। सेवा निर्वाचकों से प्राप्त डाक मतपत्रों की स्कैनिंग सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जायेगी। प्रत्येक विधानसभा के मतगणना कक्ष तथा पोस्टल बैलेट कक्ष में सीसीटीव्ही लगाया गया है। विधानसभावार 5-5 व्हीव्हीपीएटी के पर्चियों की गणना सभी कंट्रोल यूनिट के मतों की गणना के बाद की जायेगी।

### मोहला-मानपुर में 17 राउंड में होगी गिनती

लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मोहला मानपुर के मतों की गणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त मतगणना आब्जर्वर आशीष कुमार गुप्ता ने माइक्रो आब्जर्वरों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने बैठक में कहा कि मोहला मानपुर विधानसभा के मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल के लिए एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त 9 माइक्रो आब्जर्वर रिजर्व में रखा गया है। मोहला मानपुर विधानसभा के मतों की गणना 17 राउंड में संपन्न होगी।

# ओड़िशा में यात्री बसों को रोकने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग हुआ सख्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की यात्री बसों को ओडिशा में रोकने वालों के खिलाफ अब पुलिस में एफआईआर दर्ज कराकर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ की शिकायत पर परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश ने ओडिशा परिवहन विभाग आयुक्त अमिताभ ठाकुर से इस संबंध में फोन पर चर्चा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए दोनों राज्यों के बीच अंतराज्यीय समझौते के तहत चलने वाली बसों को बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। दोनों राज्यों के बस आपरेटरों के बीच बढ़ रहे विवाद को देखते हुए बस यूनियन के पदाधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान करने पर सहमति भी बनी है। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के पदाधिकारियों ने 11 जून से ओडिशा के लिए बसों का संचालन बंद करने और उनकी बसों को छत्तीसगढ़ सीमा पर रोकने की चेतावनी दी थी, इसके बाद से रायपुर उड़नदस्ता टीम और सभी जिलों के आरटीओ को बसों की जांच करने कहा गया है, ताकि दोनों ही राज्यों के बीच चलने वाली बसों का संचालन नियमित रूप से जारी रहे। राजधानी रायपुर के बस आपरेटरों का आरोप है कि छत्तीसगढ़ से ओडिशा जाने वाली यात्री बसों को वहां के आपरेटर रोककर उसे लौटा रहे है। यहीं नहीं बसों का संचालन करने पर मारपीट और तोड़फोड़ करने की चेतावनी दी जा रही है, इसकी लिखित शिकायत परिवहन विभाग सचिव और अतिरिक्त परिवहन आयुक्त से की गई। इसके बाद विभागीय अधिकारियों के हस्तक्षेप से विवाद शांत होता दिख रहा है। गौरतलब है कि सवारी बैठाने को लेकर दोनों राज्यों के आपरेटरों के बीच विवाद शुरू हुआ था। ओडिशा के बस आपरेटर सवारी नहीं मिलने से नाराज है और ओडिशा में छत्तीसगढ़ की बसों में सवारी बैठाने को लेकर विवाद करते हैं। ओडिशा ट्रांसपोर्ट यूनियन से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ की बसों को ओडिशा में टाइमिंग से छोड़ने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनवर अली की शिकायत पर अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी.रविशंकर ने ओडिशा परिवहन विभाग के आयुक्त अमिताभ ठाकुर को पत्र भेजकर दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते का हवाला देते हुए विवाद का निराकरण करने कहा है। साथ ही बसों के समयचक्र, रूट, परमिट, टैक्स और सवारी बिठाने को लेकर हो रहे विवाद को सुलझाने का अनुरोध किया है। विवाद की जानकारी मिलने के बाद ओडिशा परिवहन विभाग ने स्थानीय यूनियन के पदाधिकारियों को बुलवाया है। उनकी शिकायत सुनने के बाद दोनों राज्यों के अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों की जल्दी ही विवाद सुलझाने को लेकर बैठक होगी। दोनों राज्यों के विभिन्न शहरों के बीच करीब 250 छोटी-बड़ी यात्री बसों का संचालन होता है। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी.रविशंकर ने कहा, यात्री बसों के संचालन को लेकर छत्तीसगढ़-ओड़िशा के बस आपरेटरों के बीच चल रहा विवाद का निराकरण जल्द ही कर लिया जाएगा। इसके लिए दोनों राज्यों के बीच अधिकारिक स्तर पर चर्चा हुई है।बस आपरेटरों की बैठक कराकर विवाद को सुलझाया जायेगा। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ अध्यक्ष अनवर अली ने कहा, ओड़िशा के बस आपरेटर मनमाने तरीके से हमारी बसों को रोक रहे है। विभागीय स्तर पर इस मुद्दे पर चर्चा हुई है। चार जून के बाद ही इस पर कुछ फैसला होने की उम्मीद है।

# स्वास्थ एवं पेयजल की वव्यस्था के साथ मनरेगा मजदूरों को रोजगार

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला सीईओ रीता यादव की कसरत से अब जिला भर के मजदूरों को शत प्रतिशत रोजगार मिल रहा है मतलब इस बार काम के लिए मजदूरों को भटकने को जरूरत नही पड़ रही हैं बकायदा इसके लिए तालाब गहरीकरण डबरी मेड बंदी भूमि सुधार नाला सफाई जैसे पर्यप्त कार्य स्वीकृत भी किया रहा तभी आज 5 विकासखंड के हजारों मजदूरों को रोजाना मनरेगा अंतर्गत रोजगार मिल रहा है बीते सोमवार के रिपोर्ट अनुसार देवभोग ब्लॉक के 54 मे से 53 पंचायत में 17 हजार 810 मजदुर काम कर रहे हैं इसी तरह छुरा 74 मे से 73 पंचायत में 17 हजार 990 लोगो को रोजगार दिया जा रहा है इसके अलावा फिंगेश्वर में 65 पंचायत में 17 हजार 34 और मैनपुर ब्लॉक में 17 हजार 748 एवम् गरियाबंद पर 14 हजार 940 हितग्राहियों रोजगार मूलक कार्य से रोजगार मुहैया कराया जा रहा है मतलब जिले भर में 82 हजार 522 लोगो को रोजगार से जोड़कर प्रदेश में अपनी जगह बना लिया है बकायदा शत प्रतिशत हितग्राहियों को रोजगार दिलाने कलेक्टर जिला सीईओ धरातल पर लगातार दिखाई पड़ रहें शायद यही वजह है कि पहले की तुलना इस बार गांव गांव के मजदूरों को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है इसके अलावा पलायन की स्तिथि देखने को नही मिलने की बात कही जाती हैं फिर भी गांव के अंतिम हितग्राही को रोजगार मूलक कार्य से जोड़ने के लिए कवायत तेज है खासकर देवभोग सीईओ रवि सोनवानी पीओ शिवकुमार नारंगे ने ताकत झोंक दिया है ताकि हितग्राहियों शत प्रतिशत रोजगार दिलाया जा सके तभी ऑफ सीजन में मजदूरों मे थोड़ी राहत होगी सबसे अच्छी बात तो यह है कि तपती धूप को देख कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवम् जिला सीईओ रीता यादव ने हजारों मजदूर को सहुलियत पहुंचाने के लिए इस बार काफी अच्छी पहल किया है कार्य स्थल पर मजदूरों के स्वस्थ को मद्दे नजर रखते मितानिनों की तैनाती देखी जाती हैं ताकि तपती धूप में किसी प्रकार मजदूरों को शारीरिक नुकसान ना उठाना पड़े हालांकि ज्यादातर पेयजल की ववस्था पर भी जोर दिया जा रहा है।

# मतगणना प्रेक्षक ने लिया माइक्रो आब्जर्वर की बैठक



- निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन कर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के दिए निर्देश


पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जशपुर जिले के तीनों विधानसभा का मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोडका चौरा, जशपुर नगर में किया जाएगा। जशपुर जिले में तीनों विधानसभा के लिए 60 गणना पर्यवेक्षक, 60 गणना सहायक एवं 60 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। जशपुर की मतगणना शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न हो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षक ए देवाराजू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी माइक्रो आब्जर्वर को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। माइक्रो आब्जर्वर तीनों विधानसभा के सभी टेबल में उपस्थित रहेंगे तथा गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायको द्वारा किए जाने वाले गणना पर्यवेक्षक का बारीकी से अवलोकन करेंगे। माइक्रो आब्जर्वर प्रत्येक चक्र के दो टेबल के सीयू का क्रास चेकिंग भी करेंगे। माइक्रो आब्जर्वर टेबुलेशन का भी निगरानी रखेंगे। गणना प्रेक्षक ए देवा राजू ने पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ सभी माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन कर कार्य संपादित करने के निर्देश दिए है।

# मतगणना हॉल के लिए मान्य एवं प्रतिबंधित सामग्री के संबंध में निर्देश जारी

## मोबाइल, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर अन्दर ले जाने की नहीं होगी अनुमति

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




मुख्य निर्वाचन आयोग द्वारा सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग कैलकुलेटर प्रदाय की जाएगी। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है और प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। इसी प्रकार मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।

# बाल किशोर श्रमिकों के बचाव एवं पुनर्वास हेतु चलाया जाएगा 30 जून तक अभियान

- ढ़ाबों, उद्योगों, होटलों, दुकानों, खदानों, ईट भट्ठे पर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम कराने के उद्देश्य से रखने पर होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में बाल किशोर श्रमिकों को अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा।

इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बच्चों के सर्वोत्तम हित में विशेष अभियान संचालन करने हेतु बी. डी. पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले भर के छोटे और बड़े प्रतिष्ठानों जैसे ढ़ाबों, उद्योगों, होटलों, दुकानों संगठित और असंगठित क्षेत्रों जैसे खदानों, ईट भठ्ठे सहित इत्यादि स्थानो का औचक निरीक्षण कर छापापार कार्यवाही करने का निर्देश-दिया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल श्रम अधिनियम 1986 के अन्तर्गत बाल श्रम निषेध के उल्लंघन की स्थिति में यदि कोई नियोक्ता बड़े प्रतिष्ठानों जैसे ढ़ाबों, उद्योगों, होटलों, दुकानों संगठित और असंगठित क्षेत्रों जैसे खदानों, ईट भट्ठे सहित इत्यादि स्थानो पर 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को काम कराने के उद्देश्य से रखा गया है तो चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 एवं आयोग के टोल फ्री नम्बर 1800-233-0055 पर शिकायत किया जा सकता है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार फार्मासिस्ट ग्रेड-2 निलंबित

- अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थिति के कारण की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर ने फार्मासिस्ट ग्रेड-2 दीपक अग्रवाल निलंबित किया है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार के प्रभारी अधिकारी प्रतिवेदन अनुसार फार्मासिस्ट ग्रेड-2 दीपक अग्रवाल का अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थिति के कारण संस्था स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित होना पाया गया है जोकि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत है। संबंधित को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत् निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव निर्धारित है तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम लरंगा निवासी लीला बाई का सर्पदंश से 07 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका निकटतम वारिस मृतिका के पति एतवा राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बगीचा तहसील के ग्राम जबला निवासी भोकली बाई का तालाब के पानी में डुबने से 09 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र सोबन्छ और गोविन्द हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# गरीबों के लिए बहुत बड़ा सहारा है प्रधानमंत्री आवास योजना

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान का निर्माण हो रहा है जिसमें ऐसे हितग्राही जिनके पास मकान नहीं है बरसो से किराये के मकान में रहते है ऐसे समस्त हितग्राहियो को पात्रता एवं नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान आबंटित नगर निगम भिलाई क्षेत्र में पुरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। अभी तक नगर निगम भिलाई में अब तक कुल 1741 मकानो का आबंटन हितग्राहियो को किया जा चुका है वर्तमान में 3709 आवासों का आबंटन करने का लक्ष्य है जो प्रक्रिया में है। यह एक महत्वकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना में खम्हरिया के आबंटिती 55 वर्षिय कौशिल्या साहू ने बताया की सपने में भी हमने नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा मकान मिलेगा जिसमे रहने का कमराए शौचालयए नहाने का बाथरूमए रसोई का कमरा अलग.अलग होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक भिलाई निगम क्षेत्र के जुनवानीए खम्हरियाए कुरूदए आम्रपाली के पीछे शांतिनगर एमें मकानो का निर्माण किया जा चुका है। इन मकानो में आवासीय उपयोग की समस्त सुविधाएं पानीए बिजलीए शौचालय आदि उपलब्ध है। ऐसे मकान जो प्राईवेट कालोनीयो में महगें दरो पे मिलते है वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मात्र 3.25 लाख रु में उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार बैंको के माध्यम से लोन की भी सुविधा उपलब्ध है। ग्राम खम्हरिया निवासी संतोषी बाई ताम्रकार ने बताया जब मैं घरो मे काम करने जाती थी तब सोचती थी मेरे भी भाग्य में भी ऐसा मकान होगा क्याए मैं खुस हु भले ही मेरा मकान साहब लोगो से छोटा है। नीचे गाड़ी रखने एवं बालकनी की सुविधाएं भी इसमे है जो उनके घरो में है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वतः संज्ञान लेते हुए औचक रूप से निर्माणाधीन स्थल पर पहुंच जाते है गुणवत्ता हो रहे काम आदि का निरीक्षण करते है सभी को यह भी दिशा निर्देश देते है कि मकान समय अवधि में पूर्ण हो जिससे हितग्राहियो को समय अवधि में मकान उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन का सभी हितग्राहियों से अपील है कि आपको जो लॉटरी द्वारा आवास आबंटन हुआ है उसका शेष बकाया राशि निगम कोष में शीघ्र जमा करें ताकि आपको जल्द से जल्द आबंटित आवास का चाबी दिया जा सके और आप किराये से निजात पा सके।

# जिले के तीनों विधानसभा में बनाए गए 14-14 काउंटिंग टेबल, कुनकुरी एवं पत्थलगांव 20-20 राउंड एवं जशपुर 24 राउंड में होगा मतगणना

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु जशपुर जिले में मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों तथा मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से मतगणना का कार्य किया जाएगा। मतगणना 04 जून 2024 को शासकीय आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय डोड़काचौरा, में प्रातः 08.00 बजे से मतगणना कक्ष में प्रारंभ किया जायेगा। जिस हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कार्य के लिए 14 टेबल लगाया गया है। जशपुर 24 राउंड और कुनकुरी एवं पत्थलगांव 20 राउंड के होंगे। मतदान की गोपनीयता बनाये रखने संबंधी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के प्रावधानों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया जायेगा। मतगणना सुबह 08.00 बजे से प्रारंभ होगी। विधानसभावार मतगणना का कार्य किया जायेगा। जिसमें जशपुर का 24 राउंड में, कुनकुरी का 20 राउंड में तथा पत्थलगांव का 20 राउंड में मतगणना का कार्य किया जायेगा।

**रिटर्निंग ऑफिसर के दिशा-निर्देशों का करना होगा पालन** -मतगणना हॉल में मतगणना के दौरान अनुशासन एवं गरिमा बनाई रखी जायेगी। रिटर्निंग ऑफिसर किसी को भी जो रिटर्निंग ऑफिसर के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है उसे मतगणना हॉल से बाहर भेज सकता है। मतगणना पर्यवेक्षक ईव्हीएम के कन्ट्रोल यूनिट पर परिणाम वाले बटन को दबाने के समय सभी अभ्यर्थियों, गणना अभिकर्ता को कंट्रोल यूनिट का डिस्प्ले पैनल दिखायेगा ताकि वे कन्ट्रोल यूनिट के डिस्प्ले पैनल पर प्रदर्शित प्रत्येक अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गये मतों को नोट कर सकें। प्रत्येक गणना अभिकर्ता को प्रारूप 17 सी का भाग-2 मतगणना के प्रत्येक चरण में दिया जायेगा एवं उसकी पावती ली जायेगी। यदि किसी गणना अभिकर्ता की इच्छा परिणाम को ईव्हीएम पर एक या एक से अधिक बार दिखाए जाने की हो तो ऐसा मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा गणना अभिकर्ताओं की संतुष्टि के लिए किया जाएगा।

**परिणाम की जानकारी वेबसाइट पर होगी उपलब्ध** -मतगणना दिवस को राउंडवार परिणाम की जानकारी प्रातः 08.00 बजे से एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों, गणना एजेंटो तथा रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा गणना में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वारा बनाया गया है। सभी अभ्यर्थियों, गणना एजेंटों एवं उनके निर्वाचक एजेंटो को पहचान पत्र रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी किये गये हैं। सभी को अपने परिचय पत्र के साथ मतगणना स्थल शासकीय आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय डोड़काचौरा में संबंधित विधानसभा के मतगणना हॉल में प्रातः 06.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रवेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कव्वाल अज़ीम नाज़ा और तनवीर कौसर ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

# जशपुर रियासत की नई पीढ़ी युवराज यश प्रताप, आर्य प्रताप और शौर्य प्रताप सिंह जूदेव कव्वाली में हुए शरीक

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







जशपुर स्थित बाबा मलंग शाह रह. अ. की मजार में दो दिनों तक चलने वाले सालाना उर्स कार्यक्रमों का सोमवार को सुबह पारम्परिक श्रद्धा और उत्साह के बीच रंगारंग समापन हो गया। उर्स के दूसरे दिन रविवार 2 जून को सुबह 10 बजे मजार शरीफ पर कुरआन ख्वानी और फतेहाखानी के बाद चादरपोशी की शुरूआत हुई। रविवार की शाम से मौसम के बिगडने् और भारी बारिश के बाद भी इस आयोजन में प्रदेश के कई जिलों के साथ बड़ी संख्या में पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड से भी श्रद्धालु बाबा मलंग शाह की मजार पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे और बाबा की मजार और कव्वाली मैदान में चल रहे कव्वाली के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जायरीन, श्रद्धालु और श्रोता पूरी रात डटे रहे और लोगों के आने-जाने का तांता लगा रहा। रविवार की दोपहर के बाद से मौसम में आए बदलाव से रात 10 बजे तक बारिश होती रही, लेकिन वॉटर प्रूफ पंडाल की व्यवस्था के कारण से कार्यक्रम में व्यवधान नहीं हुआ।

**रियासत के नई पीढ़ी हुए शामिल -** कव्वाली की महफिल में वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश पर्यटन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा के संगठन मंत्री कृष्ण कुमार राय, महामंत्री नरेश नंदे, कुमुद बिहारी षडंगी, जशपुर राजपरिवार से यश प्रताप सिंह जूदेव, आर्य प्रताप सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव शामिल रहे। जशपुर कव्वाली सामाजिक सौहाद्र की मिसाल है, जिसकी बुनियाद राजपरिवार ने रखी है। राजपरिवार की नई पीढ़ी अपने ऐतिहासिक परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। उनके साथ ही कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज, उर्स कमिटी के सदर महबूब अंसारी के साथ सरफराज आलम, इमरान आलम, रफीक नाजिर, शब्बू कुरैशी, पार्षद फैजान सरवर खान, पूर्व पार्षद इम्तियाज अंसारी के साथ कमिटी के के मेंबर और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**फनकारों की शानदार प्रस्तुति-** जशपुर के सालाना उर्स के आयोजन के तहत 1 और रविवार 2 जून को दो रात कव्वाली का शानदार मुकाबला हुआ, जिसमें मुंबई के कव्वाल अज़ीम नाज़ा और मुंबई की कव्वाला तनवीर कौसर ने अपनी प्रस्तुति से महफिल में बड़ी संख्या में मौजूद जायरीन, भ्द्धालु और श्रोताओं को खुदा और रसूल की शान में पेश किए गए एक से एक नाते कलाम, मनकबद, गीत और गजलों के साथ शहीदी और फिर सलाम पेश कर पूरी रात बांधे रखा और लोग तमाम रात कभी, गीतों, गजलों की रंगीनियों में तो कभी धार्मिक श्रद्धा के सागर में गोते लगाते रहे। दोनो रात श्रोताओं को कव्वाली का शानदार मुकाबला देखने और सुनने को मिला। अजीम नांजा के एक भक्ती गीत, राधा तो जाएगी अपने कान्हां के पास, मुरलीवाले के पास को हर समाज के लोगों ने खूब सराहा।

**पुलिस प्रशासन का आभार**-कव्वाली आयोजन कमेटी के सदर महबूब अंसारी ने सफल कार्यक्रम के आयोजन में जशपुर पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान होने की बात बताते हुए कहा, जशपुर की अवाम और कमेटी पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करती है। उनके सहयोग के बिना इस कार्यक्रम का शांतिपूर्ण संचालन संभव नहीं था। उन्होंने जिले के एसपी शशि मोहन सिंह के साथ ही सभी पुलिस अधिकारी, सिटी कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी और कार्यक्रम के दौरान तैनात सभी महिला और पुरुष पुलिस बल का तहेदिल से आभार जताया है।

# खरीफ के लिए किसानों को मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री साय

## खाद-बीज के भंडारण और वितरण में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आगामी खरीफ सीजन के मद्देनजर सोसायटियो में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को मानक स्तर के खाद-बीज का भंडारण एवं उठाव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने आगामी 15 जून तक किसानों को उनकी डिमांड के आधार पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज प्रदाय किये जाने की व्यवस्था सोसायटियों के माध्यम से करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इस संबंध में पहले से ही पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने सोसायटियों में खाद-बीज के भंडारण और वितरण में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के भी निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने खेती-किसानी के दीर्घ अनुभव के आधार पर कहा है कि खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डी.ए.पी. खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डी.ए.पी. खाद की मांग और सप्लाई पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने खाद-बीज की गुणवत्ता को लेकर भी सेंम्पलिंग एवं प्रयोगशाला के माध्यम से जांच का विशेष अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने इलाके में खाद-बीज की मांग, भंडारण, उठाव एवं गुणवत्ता की मॉनिटरिंग के निर्देश दिये है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने जानकारी दी है कि खरीफ सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 13.68 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों की मांग के विरूद्ध तक 9.13 लाख मैट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है, जो मांग का 67 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसानों को खाद-बीज का लगातार वितरण जारी है। राज्य में खाद-बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जांच-पड़ताल एवं नमूने लिये जाने की कार्यवाही जारी है। रासायनिक उर्वरकों एवं जैव उर्वरकें के गुण नियंत्रण के लिए 1067 नमूने लिये गए है, जिनकी जांच गुण नियंत्रक प्रयोगशाला में करायी जा रही है। सोसायटियों में विभिन्न खरीफ फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। खरीफसीजन 2024-25 में 5 लाख 59 हजार 203 क्विंटल बीज की मांग के विरूद्ध 6 लाख 39 हजार 4 क्विंटल बीज की उपलब्ध है, जो कि मांग का 114 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसान लगातार बीज का उठाव कर रहे है। अब तक 03 लाख 75 हजार क्विंटल बीज का उठाव किसानों ने किया है, जो कि बीज की डिमांड का 67 प्रतिशत है।





रायपुर। समाजसेवी मामनचंद कारिवाल के पोते ऋत्विक के जन्म दिवस के अवसर पर श्री बालाजी हॉस्पिटल में मट्ठा बांटा गया। दरअसल पर ऋत्विक के जन्मदिवस पर कारिवाल परिवार का उद्देश्य लोगों को इस भीषण गर्मी से राहत देना है। इस अवसर पर पूरे परिवार ने अपने हाथों से मट्ठे का वितरण किया। जहां लोग केक काटकर जन्मदिवस का उत्सव मनाते हैं, वहीं इस समाजसेवी परिवार के द्वारा लिया गया यह निर्णय निश्चित ही सराहनीय है। ऋत्विक के जन्मदिवस के अवसर पर सैकड़ों लोगों ने राहत के मट्ठे का आनंद उठाया। दादी सत्यभामा देवी समेत समाजसेवी मनोज अग्रवाल भी सहपरिवार मौजूद रहे, साथ ही श्री बालाजी हॉस्पिटल के डायरेक्टर सीए नितिन पटेल, डायरेक्टर डॉ. बिरेन्द्र पटेल भी मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन पूजन कर मोदी को जीत दिलाने भगवान से प्रार्थना कर आशीर्वाद मांगा



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

युवा नेता संजु नारायण सिंह ठाकुर, छगन लाल मुंदडा, किसोर महानंद, अनुप खेलकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता की उपस्थिति में आकाशवाणी के पास कालीमाता मंदिर में हवन पूजन कर लोकसभा चुनाव में 400 सीट से अधिक प्रदान करने एवं भारी बहुमत से मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने हेतु भगवान से प्रार्थना कर आशीर्वाद माँगा।

## लाल गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लगी आग

रायपुर। रायपुर के लाल गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आग लग गई है। भीषण गर्मी के बीच रायपुर में आग लगने की घटना लगातार बढ़ रही है। लालगंगा शॉपिंग मॉल में एक साल पहले भी आग लगी थी। बता दें कि शॉपिंग मॉल में कई मोबाइल की दुकानें हैं। आसपास के रास्ते में भी धुआं फैला है। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची है। लोगों की भीड़ लगी हुई है।

## कैदियों ने गीता पाठ कर गीता परिवार द्वारा आयोजित परीक्षा की उत्तीर्ण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



बंदियों के मानसिक एवं आध्यात्मिक उत्थान हेतु केन्द्रीय जेल रायपुर जेल प्रशासन एवं गीता परिवार के संयुक्त प्रयास से बंदियों को प्रतिदिन 01 घंटे गीता का ज्ञान तथा शुद्ध उच्चारण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में 21 कैदियों द्वारा गीता पाठकर गीता परिवार द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य द्वारा कैदियों से गीता सुनी गई तथा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। जेल अधीक्षक शांडिल्य ने गीता के अध्याय 2 के श्लोक क्रमांक 38 का उदाहरण देते हुए कहा कि व्यक्ति को सुख-दुख, लाभ-हानि तथा विजय-पराजय में समान रहना चाहिये तथा निरंतर कर्मवान रहना चाहिए। केन्द्रीय जेल रायपुर जेल प्रशासन तथा गीता परिवार के इस प्रयास से बंदी जेल में अपने जेल आने के कारण को स्वीकार कर अपने समस्त जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए जीवन के प्रति सकारात्मक हो रहे है। इस अवसर पर गीता परिवार की ओर से गीता की पुस्तकें वितरित की गई। गीता की परीक्षा उत्तीर्ण किये बंदियों को जेल अधीक्षक शांडिल्य द्वारा विशेष परिहार देने की घोषणा की गई। गीता परिवार की ओर से सीमा मिश्रा मास्टर ट्रेनर एवं अन्य 04 सदस्य उपस्थित रहे।

## आयुष्मान योजना में गड़बड़ी 28 अस्पतालों को नोटिस जारी

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग की नोडल एजेंसी ने प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में अनियमितता बरतने पर प्रदेश के 30 अस्पतालों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। योजना में पंजीकृत दो अस्पतालों पर अर्थदंड और तीन माह के निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही 28 अस्पतालों को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर अस्पतालों को छह माह के लिए योजना से बाहर किया जाएगा। प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को अस्पतालों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403